CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 15°C

बरेली, मंगलवार 10 मार्च 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 99 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 20 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



इस साल के अंत तक आ जाएगी अहमदाबाद विमान हादसे की अंतिम रिपोर्ट: नायडू पेज 2



ओलंपिक गोल्ड जीतना है अगला लक्ष्य : सूर्यकुमार खेल टाइम्स



टी-20 क्रिकेट : टीम इंडिया का वर्चस्व सम्पादकीय



पश्चिम एशिया संकट गहराने से शेयर बाजार धड़ाम पेज 2

# धामी सरकार ने किया 1.11 लाख करोड़ का बजट पेश

## गंगा कॉरिडोर समेत कई नई योजनाओं का ऐलान, बजट में नई योजनाओं, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर विशेष जोर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**गैरसैंण।** गैरसैंण। उत्तराखंड विधानसभा बजट सत्र गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा में चल रहा है, जिसके तहत सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2026-27 के लिए 1,11,703.21 करोड़ रुपये का बजट सदन में पेश किया। बजट में नई योजनाओं, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है।

उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने साल 2026-27 का बजट सदन में पेश किया, इस बार राज्य का कुल बजट आकार 1,11,703.21 करोड़ रुपये यानी एक लाख 11 हजार 703 करोड़ रुपये का रखा गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 10.41 फीसदी ज्यादा है। सरकार ने इस बजट को विकास, रोजगार, पर्यटन और आधारभूत ढांचे -शेष पृष्ठ दो पर

### हरिद्वार व ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के लिए 10-10 करोड़

धार्मिक पर्यटन और आध्यात्मिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए हरिद्वार गंगा कॉरिडोर परियोजना और ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के लिए 10-10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

### आपदा सखी योजना के लिए 19 करोड़ रुपये प्रस्तावित

आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 'आपदा सखी' योजना के लिए 2 करोड़ रुपये और रेस्क्यू सेंटर के लिए 19 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। ग्राम स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्राम प्रहरी योजना के लिए 5 करोड़ रुपये रखा गया है।

### साइबर सिक्योरिटी और एआई पर भी विशेष फोकस

तकनीकी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए साइबर सिक्योरिटी के क्रियान्वयन के लिए 5 करोड़ और इमरजिंग टेक्नोलॉजी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के लिए 10.50 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### उत्तराखंड को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य: सीएम

**गैरसैंण।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प ज्ञान मॉडल के माध्यम से राज्य के समग्र विकास को आगे बढ़ाना है। इस मॉडल में गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी सशक्तिकरण को विकास के चार प्रमुख स्तंभ के रूप में रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज -शेष पृष्ठ दो पर

## 20वां रोज़ा

### रोज़ा सब्र का प्याला और मगफिरत का उजाला है



बीसवां रोज़ा दरअसल मगफिरत के अशरे की आखिरी कड़ी है। जैसा कि पहले भी बयान किया जा चुका है कि ग्यारहवें रोज़े से शुरू होकर बीसवें रोज़े तक के बीच के दस दिनों की रोज़ेदार की परहेजगारी, इबादत, तिलावते-कुरआन और तकवा के साथ अल्लाह की फर्मांबरदारी ही मगफिरत की रोशनी का मुस्तहिक बनाती है। बीसवें रोजे की तश्बीह कुछ इस तरह होगी। रोज़ा रूहानी काउंटर है। तकवा तराज़ू है। पाकीज़गी और परहेजगारी पलड़े हैं। सब्र इस तराज़ू की डंडी या ग्रिप है। अल्लाह पर ईमान इसका बाट है। मगफिरत सामान है। यों भी कहा जा सकता है कि रोज़ा सब्र का प्याला और मगफिरत का उजाला है। सवाल यह उठता है कि मगफिरत का यह उजाला नसीब कैसे हो? इसका जवाब कुरआने-पाक की सूरह आले इमरान की आयत नंबर सत्तावन में इस तरह है- और जो ईमान लाए और अमल-ए-नेक करते रहे उनको खुदा पूरा-पूरा सिला देगा।

# इजरायल ने ईरान पर फिर किए ताबड़तोड़ हमले

## तेहरान-इस्फहान समेत कई शहरों को बनाया निशाना

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका - इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग का सोमवार को दसवां दिन था। इजरायल ने एक बार फिर ईरान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले शुरू किए हैं। इजरायली सेना के मुताबिक राजधानी तेहरान, इस्फहान और दक्षिणी इलाकों में ईरानी शासन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाकर एयरस्ट्राइक की जा रही हैं।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि जब तक हमले जारी हैं, तब तक बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं है और ईरान निर्णायक जवाब देने पर ध्यान दे रहा है। लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में भी कई एयरस्ट्राइक की खबरें सामने आई हैं। इस बीच टाइम्स ऑफ इजरायल ने बताया कि ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं। ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार को तेल भंडार ठिकानों पर इजरायली हमलों के बाद फैला तेल शहर की नालियों में पहुंच गया है। इससे सड़कों के किनारे आग की नदी जैसे हालात बन गए। ईरान के सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी ने कहा है कि जो देश ईरान के खिलाफ युद्ध और दुश्मनी का रवैया रखते हैं, उन्हें अब समझ आ गया है कि ईरान की व्यवस्था मजबूत है और आगे भी कायम रहेगी। लारीजानी ने यह भी कहा कि नए नेतृत्व से देश में उम्मीद और एकजुटता बढ़ेगी। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के खिलाफ युद्ध के लिए उकसाया गया। उनका दावा है कि अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मिलकर साजिश की। अराघची के मुताबिक ग्राहम हाल के हफ्तों में कई बार इजरायल गए और वहां की खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों से मुलाकात की। इन बैठकों में ईरान से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई। अराघची का कहना है कि ग्राहम ने कहा था कि उन्हें इजरायल से ऐसी खुफिया जानकारी मिलती है, जो कभी-कभी अमेरिकी सरकार भी शेयर नहीं करती। इसी जानकारी के आधार पर ट्रम्प को ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए राजी किया गया। अराघची ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राहम ने इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को सलाह दी कि वे ट्रम्प को ईरान के खिलाफ सैन्य कदम उठाने के लिए कैसे मना सकते हैं। अराघची ने कहा कि किसी भी देश में ऐसा करना देशद्रोह जैसा माना जाएगा।

- ईरानी शासन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाकर की जा रही एयरस्ट्राइक
- ईरान ने कहा कि जब तक हमले जारी हैं, तब तक बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं
- पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल



### ईरान ने इजरायली-अमेरिकी ठिकानों पर बरसाए क्लस्टर बम

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों ने सोमवार को पश्चिमी एशिया में अमेरिकी और इजरायली ठिकानों पर नए हमले किए। इन हमलों में ड्रोन के साथ-साथ हाइपरसोनिक और बैलिस्टिक मिसाइलों व क्लस्टर बम का भी इस्तेमाल किया गया। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' पूरी तरह सफल रहा। इसके तहत क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और इजरायल कब्जे वाले उत्तरी क्षेत्रों में कई स्थानों पर एक साथ हमला किया गया। बताया गया है कि इस ऑपरेशन में रणनीतिक ड्रोनों के अलावा खुर्रमशहर, फतह और खैबर मिसाइलों का उपयोग किया गया। सरकारी प्रसारक आईआरआईबी ने आईआरजीसी के हवाले से बताया कि ये हमले नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई के चुनाव के साथ ही किए गए। इस बीच, बहरीन के नेशनल कम्युनिकेशन सेंटर ने बताया कि ईरानी हमले के बाद मामीर गांव में बहरीन पेट्रोलियम कंपनी (बापको) के एक केंद्र में आग लग गई।

# दिल्ली शराब नीति केस: हाईकोर्ट का सभी 23 आरोपियों को नोटिस

- सीबीआई अफसरों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक
- मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुनवाई नहीं करने का आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को दिल्ली शराब नीति केस में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित मनी लान्ड्रिंग (पीएमएलए) मामले में ट्रायल कोर्ट आगे की सुनवाई तब तक टाल दे, जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर आगे सुनवाई न कर ले। ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को इस मामले में सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया था। इसी आदेश को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सीबीआई ने अपनी 974 पेज की याचिका में कहा है कि ट्रायल कोर्ट ने चार्ज फ्रेमिंग के चरण में ही मिनी-ट्रायल जैसा व्यवहार किया। कोर्ट ने पूरे सबूतों को विस्तार से जांचना शुरू -शेष पृष्ठ दो पर

### शरजील इमाम को कोर्ट ने दी10 दिन की अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के आरोपी शरजील इमाम को कड़कड़डूमा कोर्ट से सोमवार को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने शरजील इमाम को अपने भाई की शादी में शामिल होने और बीमार मां की देखभाल करने के लिए 10 दिन की अंतरिम जमानत दी है। एडिशनल सेशन जज समीर बाजपेई की अदालत ने शरजील को 20 मार्च से 30 मार्च तक अंतरिम जमानत दी है। शरजील इमाम ने अदालत में अर्जी देकर 10 दिनों की अंतरिम रिहाई की मांग की थी। उनकी ओर से वकीलों ने दलील दी कि उनके सगे भाई की जल्द ही शादी होने वाली है, ऐसे में परिवार में उनकी मौजूदगी जरूरी है। साथ ही यह भी बताया गया कि उनकी मां की तबीयत काफी खराब है और उनकी देखभाल करने वाला कोई दूसरा नहीं है। इन परिस्थितियों और पारिवारिक जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए अदालत ने मानवीय आधार पर राहत देते हुए शरजील इमाम को 10 दिनों के लिए जेल से बाहर आने की अनुमति दे दी।

### ममता बनर्जी के धरने का चौथा दिन, रवींद्र संगीत सुनाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। सोमवार को धरना स्थल पर ममता ने रवींद्र संगीत दल के साथ गाना गाया। ममता ने आरोप लगाया कि उनके धरना स्थल पर भाजपा और उसकी एजेंसियां पर्चे बांट रहे हैं। ममता ने टीएमसी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे पर्चे बांट रहे लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दें। पर्चों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 14 मार्च को कोलकाता में होने वाली रैली का प्रचार किया जा रहा है।

# पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष का हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर नहीं हो पाई चर्चा

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के कारण पश्चिम एशिया के बिगड़े हालात पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही सोमवार को दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

इसके कारण आज की कार्यसूची में होने के बावजूद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो सकी। एक बार के स्थगन के बाद अपरान्ह तीन बजे सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होते ही विपक्षी सदस्य पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग को लेकर फिर से हंगामा करने लगे। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद) के सदस्य अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर शोरगुल करने लगे। अपनी मांगों के समर्थन में कई सदस्य तख्तियां भी लिए हुए थे। कई सदस्य सदन के बीचोबीच आकर नारेबाजी कर रहे थे। कांग्रेस के मोहम्मद जावेद ने हंगामे के बीच ही कहा कि 50 लाख से अधिक भारतीय खाड़ी देशों में फंसे हुए हैं, जो एक बहुत गंभीर मुद्दा है और इस पर तत्काल चर्चा कराई जानी चाहिए। कुछ सदस्य कह रहे थे कि पेट्रोल और डीजल का संकट शुरू हो गया है, अतः इस मुद्दे पर चर्चा कराना जरूरी है। इससे पहले इसी मांग को लेकर हंगामे के कारण दोपहर 12 बजे कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा आज की कार्यसूची में दर्ज थी, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित होने से इस पर चर्चा नहीं कराई जा सकी।

# ईरानी युद्धपोत पर भारत की भूमिका को लेकर सरकार ने दी सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा: फर्जी वीडियो के जरिये लोगों को भ्रमित कर रहा है पाकिस्तान
- सेना प्रमुख द्विवेदी ने कथित वीडियो को फर्जी करार दिया



**नई दिल्ली।** सरकार ने सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी के उस कथित वीडियो को फर्जी करार दिया है, जिसमें यह दावा किया गया है कि भारत ने श्रीलंका के निकट हिन्द महासागर में अमेरिकी हमले में नष्ट किए गए ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना की सटीक स्थिति इजरायल के साथ साझा की थी।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने सोशल मीडिया पर अपने फैक्ट चेक में सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार तंत्र ने इस वीडियो में डिजिटल रूप से बदलाव किया है और यह एआई जनित डीपफेक वीडियो है, जो फर्जी है। जनरल द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। सरकार ने कहा है कि पाकिस्तानी दुष्प्रचार अकाउंट भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी का डिजिटल रूप से बदला हुआ वीडियो साझा कर रहे हैं, जिसमें यह झूठा दावा किया गया है कि जब ईरानी जहाज अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में गया तो इजरायल के रणनीतिक सहयोगी के रूप में उसका सटीक स्थान बताना हमारा कर्तव्य था। सावधान रहें! यह एक एआई-जनित डीपफेक वीडियो है, जिसे जनता को गुमराह करने के लिए साझा किया गया है। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। सरकार ने कहा है कि आधिकारिक भाषणों को गलत तरीके से प्रस्तुत करने वाली एआई-जनित सामग्री का प्रसार दुर्भावनापूर्ण तत्वों द्वारा तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करने का प्रयास है। सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के अनुसार एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना अनिवार्य है और डिजिटल प्लेटफॉर्म से अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसे दिशानिर्देशों का पालन करें ताकि बदली हुई मीडिया सामग्री के प्रसार को रोका जा सके। पाकिस्तान ने जनरल द्विवेदी के ऑपरेशन सिंदूर पर एक मूल वीडियो में एआई से फेरबदल किया है और इस फर्जी वीडियो को लोगों को भ्रमित करने के लिए सोशल मीडिया पर जारी किया है।




## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट में प्याज-लहसुन को तामसिक मानने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक वकील ने 5 पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (पीआईएल)/ जनहित याचिका फाइल की थीं। इनमें से एक में कहा गया था कि प्याज और लहसुन में तामसिक या नेगेटिव एनर्जी होती है या नहीं इसके लिए रिसर्च की मांग की गई थी। इस पर सोमवार को सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने एडवोकेट सचिन गुप्ता को फटकार लगाई। सीजेआई ने पूछा कि आधी रात को ये सब पिटीशन ड्राफ्ट करते हो क्या? सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने वकील की पांचों पीआईएल अस्पष्ट, फालतू और बेबुनियाद बताकर खारिज कर दीं। पिटीशनर ने जवाब दिया कि यह एक आम मुद्दा है और दावा किया कि गुजरात में खाने में प्याज के इस्तेमाल को लेकर कथित तौर पर एक तलाक हुआ था। सीजेआई बोले- आप जैन समुदाय की भावना को ठेस पहुंचाना चाहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विस चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस में तीन नए सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने आगामी असम विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन नए सचिवों की नियुक्ति की घोषणा की है। इस संबंध में सोमवार को पार्टी की ओर से आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। पार्टी महासचिव केसी वेगुगोपाल द्वारा जारी बयान के अनुसार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिए नए सचिवों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह नियुक्तियां मौजूदा सचिवों के अतिरिक्त की गई हैं और तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। जिन नेताओं को सचिव बनाया गया है उनमें पालाश पवन सैकिया, दीपांकर बोरा और जॉनसन संगमा शामिल हैं। गौरतलब है कि असम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी खोई हुई जमीन को तलाशने में जुटी हुई है।

### लोनिवि के तकनीकी सलाहकार वीके सिंह का कार्यकाल बढ़ा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लोक निर्माण विभाग में फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक के कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित कराने के लिए सृजित तकनीकी सलाहकार के पद पर तैनात वी के सिंह के कार्यकाल की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ा दी गई है। जारी आदेश के मुताबिक सेवानिवृत्त प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष विजय कुमार सिंह को इस पद पर यथावत तैनात रखा गया है। पहले यह नियुक्ति 28 फरवरी 2026 तक के लिए की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 1 मार्च 2026 से 28 फरवरी 2027 तक कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि यह पद लोनिवि में नवीन तकनीक एफडीआर के कार्यों को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से लागू कराने के उद्देश्य से सृजित किया गया था।

# खाड़ी संकट पर राज्यसभा में चर्चा कराने की मांग

## भाकपा सांसद संदोष कुमार ने दिया नोटिस

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद संदोष कुमार पी ने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव और वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा के मुद्दे पर राज्यसभा में नियम 267 के तहत चर्चा कराने का नोटिस दिया है। उन्होंने सोमवार को सदन में सामान्य कामकाज स्थगित कर इस गंभीर विषय पर तत्काल चर्चा कराने की मांग की है।

अपने नोटिस में उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से चल रहे तनाव के कारण खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा और मानवीय स्थिति गंभीर होती जा रही है। इससे वहां काम कर रहे लाखों भारतीयों की सुरक्षा, आजीविका और आवागमन को लेकर चिंता बढ़ गई है। सांसद ने कहा कि खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय कामगार, पेशेवर और उनके परिवार रहते हैं, जो भारत की अर्थव्यवस्था और मेजबान देशों दोनों के लिए महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ऐसे में मौजूदा हालात को देखते हुए भारत सरकार को स्थिति पर लगातार निगरानी रखनी चाहिए और भारतीय समुदाय के लिए प्रभावी सहायता तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने सरकार से यह भी मांग की कि संसद में इस मुद्दे पर स्पष्ट बयान दिया जाए और जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तथा संभावित निकासी की तैयारी की जाए।

### पश्चिम एशिया संकट पर लोकसभा में चर्चा कराई जाए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने पश्चिम एशिया संकट के कारण भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर बढ़ रहे प्रभाव पर लोकसभा में चर्चा कराने के लिए स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। उन्होंने सदन का कामकाज स्थगित कर इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर तत्काल चर्चा कराने की मांग की है। अपने नोटिस में वेणुगोपाल ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव, भारत की अर्थव्यवस्था, रणनीतिक हितों और विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा कर रहा है।

# देश के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं: अखिलेश

## कहा: युद्ध जैसे हालात में संसद और सरकार की प्राथमिकताएं उसी के अनुरूप तय हों

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जब संसद के बजट सत्र का अंतराल हुआ था, तब परिस्थितियां अलग थीं, लेकिन आज युद्ध जैसे हालात बन जाने के कारण देश के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। ऐसे संकट के समय संसद और सरकार की प्राथमिकताएं भी उसी के अनुरूप तय होनी चाहिए।

सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि इस समय सबसे पहले युद्ध की स्थिति में भारत का स्पष्ट पक्ष और राय सामने रखने की जरूरत है। इसके साथ ही विदेश नीति को किसी दबाव में गिरवी रखने का सवाल भी गंभीर है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरागत स्वतंत्र विदेश नीति हमेशा देशहित को ध्यान में रखकर चलती रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि तेल जैसी महत्वपूर्ण आपूर्ति के मामले में भी



■ भारत की परंपरागत स्वतंत्र विदेश नीति हमेशा देशहित को ध्यान में रखकर चलती रही है

भारत को आत्मनिर्णय का अधिकार होना चाहिए। यदि किसी विदेशी दबाव या अमेरिकी आदेश के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं, तो इससे देश की संप्रभुता और आत्मनिर्भरता पर सवाल उठते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध से प्रभावित क्षेत्रों में काम कर रहे या पर्यटक के रूप में गए भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। वहां फंसे सभी भारतीयों को सुरक्षित और शीघ्र भारत वापस लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ विदेश दौरे पर गए कुछ पत्रकार और मीडियाकर्मी भी युद्ध शुरू होने के कारण वापस नहीं लौट पाए हैं।

सरकार को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें सुरक्षित देश वापस लाने की व्यवस्था करनी चाहिए। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि युद्ध की स्थिति में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए सरकार को जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति नियमित और सुनिश्चित रखने के साथ-साथ उनके बढ़ते दामों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

## उप्र में बिना किसी भेदभाव के सभी नागरिकों को न्याय मिलेगा

# जनसमस्याओं का समयबद्धता से निस्तारण करें अधिकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री स्वयं लोगों के बीच पहुंचे, उनके प्रार्थना पत्र लिए और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित, प्रभावी और पारदर्शी समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जन आकांक्षाओं के अनुरूप सेवा, सुरक्षा और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बिना किसी भेदभाव के सभी को न्याय मिलेगा और जनसमस्याओं का शीघ्र व प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। योगी ने जनपदों के प्रशासनिक और पुलिस



■ जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं

अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हर शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। जनता दर्शन के दौरान दो उद्यमियों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखीं। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर यूपीसीडा और जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए बेहतर इकोसिस्टम तैयार किया गया है और सिंगल विंडो सिस्टम जैसी पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए और उद्योग विकास में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। जनता दर्शन में आए एक पीड़ित ने पुलिस से जुड़ी शिकायत रखते हुए कार्रवाई में देरी का मुद्दा उठाया। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित पुलिस अधीक्षक को मामले का तत्काल संज्ञान लेकर समयबद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एक अन्य प्रकरण पारिवारिक विवाद से जुड़ा था, जबकि अवैध कब्जे की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसे मामलों को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि प्रदेश सरकार आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### निर्धारित शासनादेश के अनुसार ही लिया जाए परीक्षा शुल्क: योगेन्द्र उपाध्याय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने राज्य विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया है कि परीक्षा शुल्क शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी विश्वविद्यालय द्वारा तय सीमा से अधिक शुल्क वसूला जाता है तो उसकी ऑडिट कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। सोमवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में परीक्षा शुल्क और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में विश्वविद्यालयों की शुल्क संरचना और शासनादेशों के अनुपालन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा को सुलभ, सस्ता और पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि फीस में अनावश्यक वृद्धि से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है, इसलिए विश्वविद्यालयों को छात्रहित को प्राथमिकता देते हुए निर्णय लेना चाहिए।

# ईद के बाद शुरू कराया जाए यूपी बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन: महेंद्र सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ आम आदमी पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने उठाई मांग

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने योगी सरकार से मांग की है कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य ईद-उल-फितर के बाद शुरू कराया जाए। उनका कहना है कि इससे शिक्षक अपने धार्मिक पर्व को सम्मान और शांति के साथ मना सकेंगे। महेंद्र सिंह ने कहा कि जैसे हिदू समाज के लिए होली और दीपावली बड़े और महत्वपूर्ण पर्व हैं, उसी तरह मुस्लिम समाज के लिए ईद भी अत्यंत पवित्र और अहम त्योहार है। इसलिए सरकार को सभी धर्मों की भावनाओं का समान रूप से सम्मान करना चाहिए और ऐसे निर्णय लेने चाहिए जिनसे किसी समुदाय को अपने पर्व मनाने में परेशानी न हो। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा 18 मार्च से यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू कराने की तैयारी की जा रही है। इसी दौरान 20 मार्च को अलविदा जुमे की नमाज और 21 मार्च को ईद-उल-फितर का पर्व पड़ रहा है। मूल्यांकन के दौरान कई बार सार्वजनिक अवकाश भी निरस्त कर दिए जाते हैं और रविवार को भी कॉपियों की जांच कराई जाती है। ऐसे में बड़ी संख्या में शिक्षक, खासकर मुस्लिम शिक्षक, अपने सबसे बड़े त्योहार को परिवार और समाज के साथ पूरी तरह नहीं मना पाएंगे।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 78918.90
निफ्टी 24450.45



सोना 159409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 263210
प्रति किलो



# पश्चिम एशिया संकट गहराने से शेयर बाजार धड़ाम

मुंबई, वार्ता

पश्चिम एशिया में जारी संकट और गहरा जाने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट देखी गई और प्रमुख सूचकांक करीब तीन प्रतिशत लुढ़क गए। ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों वाले दूसरे पश्चिमी एशियाई देशों पर अपने हमले तेज कर दिए हैं। इससे तमाम एशियाई शेयर बाजारों के साथ भारतीय शेयर बाजारों में भी बड़ी गिरावट देखी गई, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 20 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गई और डॉलर की तुलना में रुपया 51 पैसे गिर गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,862.15 अंक गिरकर 77,056.75 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 2,241.23 अंक (2.84 प्रतिशत) की गिरावट में 76,677.67 अंक पर था। बीच कारोबार में एक समय यह 2,496 अंक उतर गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 582.40 अंक गिरकर 23,868.05 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 682.65 अंक यानी 2.79 प्रतिशत नीचे 23,767.



80 अंक पर था। कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आज ब्रेंट क्रूड की कीमत 20 प्रतिशत से अधिक उछलकर 107 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास क्रूड 22 प्रतिशत से ज्यादा महंगा हुआ और 115 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया। रुपया फिलहाल 51 पैसे की गिरावट में 92.33 रुपये प्रति डॉलर पर है। घरेलू शेयर बाजारों में सभी सेक्टर पर भारी दबाव है। बैंकिंग, वित्त, ऑटो, मीडिया, धातु और रसायन सेक्टरों के सूचकांक चार प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट में हैं। सेंसेक्स की सभी कंपनियां लाल निशान में हैं। सबसे ज्यादा गिरावट वाली 10 कंपनियां क्रमशः इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी, लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक रहे।

### कच्चा तेल साढ़े तीन साल बाद 100 डॉलर प्रति बैरल के पार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनैतिक संकट के बीच सोमवार को कच्चे तेल के मूल्य में बड़ा उछाल आया और यह साढ़े तीन साल बाद 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस पर 92-69 डॉलर पर बंद होने वाला लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा आज 99.75 डॉलर प्रति बैरल पर खुला और एक समय 119.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था। खबर लिखे जाते समय यह 12.80 प्रतिशत ऊपर 104.55 डॉलर प्रति बैरल पर था। अगस्त 2022 के बाद पहली बार कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर निकला है। अमेरिकी वेस्ट टेक्सस क्रूड भी 119.48 अंक तक पहुंचने के बाद 12.18 प्रतिशत ऊपर 101.97 डॉलर प्रति बैरल पर था। गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान पर किए गए हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी प्रतिक्रिया से पश्चिम एशिया में कच्चे तेल का उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला दोनों पर असर पड़ा है।

# चावल, चीनी मजबूत, गेहूं नरम दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी में तेजी रही, जबकि गेहूं में नरमी देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 103 रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 44 रुपये टूटकर 2,810 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटा भी 62 रुपये सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में तुअर दाल औसतन 161 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। चना दाल की कीमत 126 रुपये और मसूर दाल की 118 रुपये बढ़ गई। मूंग दाल 70 रुपये मजबूत हुई। वहीं उड़द दाल 10 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 203 रिंगिट चढ़कर 4,570 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 2.78 प्रतिशत की बढ़त में 68.43 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 189 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। पाम ऑयल 60 रुपये और सोया तेल 44 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 38 रुपये की गिरावट में रहा। सरसों तेल और वनस्पति की कीमत 72.72 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 49 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7736.75 रुपये, मसूर काली 8087.58 रुपये, मूंग दाल 10131.67 रुपये, उड़द दाल 10723.98 रुपये, तुअर दाल 11201.18 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2809.85 रुपये और चावल 3856.19 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3283.88 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4294.63 रुपये और गुड़ 4976.84 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17600.72 रुपये, मूंगफली तेल 18395.67 रुपये, सूरजमुखी तेल 16717.38 रुपये, सोया तेल 14151.71 रुपये, पाम ऑयल 12802.65 रुपये और वनस्पति 14523.34 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धामी सरकार...** को मजबूत करने पर केंद्रित बताया है। सरकार ने इस बजट में विभिन्न विभागों की पूंजीगत योजनाओं के लिए भी महत्वपूर्ण धनराशि का प्रावधान किया है। शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए 542.84 करोड़ रुपये, उच्च शिक्षा विभाग के लिए 146.30 करोड़ रुपये और तकनीकी शिक्षा विभाग के लिए 98.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, स्वास्थ्य क्षेत्र में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 195.46 करोड़ रुपये और चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए 126.37 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पेयजल विभाग को 1,827.91 करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास विभाग को 1,642.20 करोड़ रुपये और शहरी विकास विभाग को 1,401.85 करोड़ रुपये का प्रावधान दिया गया है। ऊर्जा विभाग के लिए 1,609.43 करोड़ रुपये और लोक निर्माण विभाग के लिए 2,501.91 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिससे सड़क और अन्य आधारभूत ढांचे के विकास को गति मिलेगी। इसके अलावा सरकार ने कई नई योजनाओं की भी घोषणा की है। कुंभ मेले के लिए अवस्थापना विकास के लिए भारत सरकार से 1,027 करोड़ रुपये के अनुदान का प्रस्ताव रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने के लिए विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन के लिए 705.25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्भया फंड के लिए 112.02 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए अवस्थापना निर्माण के लिए 100 करोड़ बजट रखा गया हैं। इसके अलावा महक क्रांति योजना के लिए 10 करोड़ रुपये, हाउस ऑफ हिमालयाज के लिए 5 करोड़ रुपये और उत्तराखंड एवं भारत दर्शन योजना के लिए 4.50 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, सरयू और अन्य रिवर फ्रंट योजनाओं के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है।इसके साथ ही युवाओं और गति. विधियों को बढ़ावा देने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर स्टेडियम निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नशा मुक्ति केंद्रों के लिए 4.50 करोड़ रुपये और पुस्तकालय निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये का बजट भी प्रस्तावित किया गया है। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विदेश रोजगार प्रकोष्ठ के लिए 3.73 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार का कहना है कि इन योजनाओं के माध्यम से राज्य में पर्यटन, रोजगार, तकनीक और सामाजिक विकास को नई गति दी जाएगी।

**उत्तराखंड को...** के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उत्तराखंड को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इसी दृष्टि से बजट में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को उत्तराखंड के भविष्य का रोडमैप बताते हुए कहा कि यह केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं बल्कि राज्य के समग्र विकास की दिशा तय करने वाला बजट है। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि लगभग 1.11 लाख करोड़ रुपये का यह बजट विकास, विरासत, संस्कृति और आधुनिकता के संतुलन को दर्शाता है और विकसित भारत के लिए विकसित उत्तराखंड की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**दिल्ली शराब नीति...** कर दिया, जैसे कि पूरा केस चल रहा हो। जबकि इस स्तर पर केवल सरसरी नजर से मामला देखा जाता है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एजेंसी फिलहाल डिस्चार्ज आदेश पर रोक नहीं चाहती, लेकिन यह सुनिश्चित करना चाहती है कि ट्रायल कोर्ट का फैसला ईडी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच को प्रभावित न करे। हाईकोर्ट ने एक्साइज पॉलिसी केस की जांच करने वाले सीबीआई ऑफिसर के खिलाफ डिपार्टमेंटल एक्शन लेने के ट्रायल कोर्ट के ऑर्डर पर रोक लगा दी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 27 फरवरी को मामले में आरोपी बनाए गए दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 23 लोगों को बरी कर दिया था। फैसला आने के 6 घंटे के बाद ही सीबीआई ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील कर दी थी। सीबीआई ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट से इसे रद्द करने की मांग की है। वहीं, बरी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। आज ये साबित हो गया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं।

# स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में 100 फीसद ओडीएफ प्लस राज्य बना उत्तर प्रदेश

लखनऊ, वार्ता

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत उत्तर प्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस राज्य बनने का कीर्तिमान हासिल किया है। वहीं पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि प्रदेश की ग्राम पंचायतें स्वच्छता के क्षेत्र में देश के लिए मिसाल बन रही हैं और सरकार भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर काम करती रहेगी।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रथम चरण में प्रदेश को पहले ही 100 प्रतिशत ओडीएफ राज्य घोषित किया जा चुका है। इस चरण में उत्तर प्रदेश में 2.74 करोड़ से अधिक व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण किया गया, जिससे राज्य देश में

■ सरकार भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर काम करती रहेगी

सर्वाधिक शौचालय निर्माण करने वाला प्रदेश बनकर उभरा। मिशन के दूसरे चरण में ओडीएफ की स्थिति को स्थाई बनाए रखने के साथ-साथ ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश के 95,767 गांवों ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था के साथ स्वयं को ओडीएफ प्लस घोषित किया है, जबकि 94,723 से अधिक गांवों को ओडीएफ प्लस का दर्जा मिल चुका है। दूसरे चरण के तहत अब तक 57,25,291 व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराया जा चुका है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए 59,165 सामुदायिक शौचालयों का भी निर्माण कराया गया है। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है। ग्राम पंचायतों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस श्रेणी में लाकर स्वच्छता को स्थाई आदत बनाना है।

### इस साल के अंत तक आ जाएगी अहमदाबाद विमान हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किजरापू ने सोमवार को कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में पिछले साल 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे की अंतिम रिपोर्ट इस साल के अंत तक आ जाएगी। नायडू ने राज्यसभा में में बताया कि एयर इंडिया विमान हादसे की जांच तेजी से की जा रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय जांच में जुटे हवाई दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) को सभी जरूरी संसाधन मुहैया करा रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी अंतिम रिपोर्ट इस साल के अंत तक आ जाएगी। उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जा रही उड़ान संख्या एआई171 पिछले साल 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। टेकऑफ के बाद विमान पर्याप्त ऊंचाई हासिल नहीं कर सका।

# भाई की हत्या की सूचना पर दौड़ी पुलिस

## परिजनों ने बताया बीमारी से मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। भाई से झगड़े के बाद तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर हॉस्पिटल जा रहे थे। युवक ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन परिजनों ने बीमारी के चलते मौत होने की बात कहते पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया।

धनौरा मार्ग पर ईदगाह के पास स्थित मोहल्ला इस्लामनगर में मजदूर का परिवार रहता है। लोगों के मुता. बिक दोनों भाइयों मे किसी बात को तीन चार दिन से विवाद चल रहा था। विवाद इतना आगे बढ़ा कि बात पुलिस चौकी तक पहुंच गई। पुलिस ने दोनों को समझाकर घर भेज दिया। बताते है कि मजदूर के40 वर्षीय बड़े बेटे की तबियत पहले से ही खराब रहती है। सोमवार को दोनों में फिर झगड़ा हुआ। उसके बाद युवक की सांसे उखड़ गयीं। परिवार के लोग तबियत खराब होने पर उसे अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते मे उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर घर आ गए। किसी रिश्तेदार ने झगड़े की सूचना पुलिस को दे दी। भाई ने झगड़े के दौरान भाई की पीट पीट कर हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मोहल्ले वालों से पूछताछ कर शव कब्जे में लेने लगे, लेकिन परिजनों ने बीमारी से मौत होने की बात कहते पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया। पुलिस के मुताबिक युवक की मौत बीमारी से हुई है। किसी रिश्तेदार ने पीआरवी को गलत सूचना दे दी थी। मौत का कारण पोस्टमार्टम से पता चल पाता लेकिन परिजनों ने इनकार कर दिया। पंचायत नामे के अलावा मामले में कोई अग्रिम कार्रवाई नहीं की गयी है।

# मटर फ्रोजन प्लांट में गैस रिसाव की जांच शुरू

## एसडीएम के नेतृत्व में पहुंची कई विभागों की टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। चांदपुर मार्ग पर ग्राम चुचौला कलां स्थित मटर फ्रोजन प्लांट में अमोनिया गैस रिसाव के मामले को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए सोमवार को जांच शुरू कर दी। एसडीएम विभा श्रीवास्तव के नेतृत्व में कई विभागों की टीम फैक्ट्री पहुंची और पूरे प्रकरण की गहन जांच की। अधिकारियों ने प्लांट के सुरक्षा इंतजाम, गैस सिस्टम और घटना के कारणों की जानकारी फैक्ट्री प्रबंधन से ली।



गौरतलब है कि रविवार दोपहर बाद चांदपुर मार्ग स्थित अपराइट इनोवेटिव सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड मटर फ्रोजन प्लांट में अचानक अमो. निया गैस का रिसाव हो गया था। गैस रिसाव होते ही प्लांट में काम कर रहे कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। सांस लेने में दिक्कत होने पर कर्मचारी दौड़कर बाहर निकल आए। इस दौरान करीब छह महिला कर्मचारियों की हालत बिगड़ गई, जिन्हें प्रबंधन द्वारा चुचौला कलां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार बताया गया। सोमवार को मामले की जांच के लिए एसडीएम विभा श्रीवास्तव, फील्ड सहायक प्रदूषण नियंत्रण रजनीश चौधरी (एफएफए), सुरेश त्रिपाठी (एसए प्रदूषण), अग्निशमन अधिकारी कमलेश कुमार मिश्र, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, लेबर इंस्पेक्टर तथा राजस्व विभाग की टीम फैक्ट्री पहुंची। टीम ने प्लांट परिसर का निरीक्षण कर गैस रिसाव के कारणों और सुरक्षा मानकों की स्थिति की जांच की। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि गैस रिसाव की घटना को लेकर विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम फैक्ट्री पहुंची है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मारपीट के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

## एसपी कार्यालय पर गरजे परिजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मारपीट के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा।

मंडी धनौरा के मोहल्ला गढ़ी मन्दिर के दर्जनों लोग सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने आरोप लगाया कि सात मार्च को उनकी बेटी मोहल्ला अट्टा स्थित मन्दिर में पूजा पाठ करने जा रही थी। तभी पुरानी रंजिश के चलते अमन, विजय, मधुसूदन, बब्बू, अन्नू ने उनकी बेटी के साथ गाली गलौच की। तब मां ने अपने बेटे को फोन से इस बारे में बताया तो वह शिकायत करने आरोपियों के घर पहुंच गया। जिस पर वह आग बबूला हो गये तथा उन्होंने परिजनों के साथ मारपीट की। इस मामले की शिकायत धनौरा पुलिस से की गयी परन्तु पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। जिस पर आज परिजनों ने एसपी कार्यालय में ज्ञापन देकर हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने वालों में प्रशांत, वासु, शीतल, गुंजन, नितिन, आशू, वीरबाला, ओमवीर, कुसुम, बबीता, सार्थक, हिमांशु, राजवती, पवन, मंजू व देव आदि शामिल रहे।

# बारात चढ़त के दौरान दुल्हन के भाई को पीटा

## डीजे पर हुड़दंग करते धारदार हथियार से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बारात चढ़त के दौरान डीजे पर हुड़दंग कर रहे युवकों ने दुल्हन के तहेरे भाई पर धारदार हथियारों से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस मेडिकल कराने के लिए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौली में रविवार की रात नौसिंह की पुत्री की बारात चढ़त के दौरान तेज आवाज में डीजे बज रहा था। बताया जाता है कि कुछ बाराती नशे में बूट होगा डीजे पर अभद्र व्यवहार करते हुए हुड़दंग कर रहे थे। नौसिंग ने मामले को शांत करने के लिए डीजे को बंद करवाने के लिए कहा जिस पर बाराती भड़क गये। और उसके बाद वहां खींचातानी शुरू हो गई। बीच बचाओ करने आये दुल्हन के तहेरे भाई गुलमीत पर बाराती आरोपियों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। बारातियों के हमले से गुरमीत बुरी तरह से घायल हो गया। कुछ देर में बारात में भगदड़ मच गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान गांव हथियाखेड़ा निवासी संजय के साथ मारपीट कर दी। घटना को अंजाम देकर आरोपी बाराती मौके से फरार हो गये। पुलिस की मौजूदगी में दूल्हा दुल्हन के फेरो को लेने के कार्यक्रम को अंजाम दिया गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कराने के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिया।

# पति को मायके पत्नी व ससुरालियों ने पीटा

## पीड़ित पति ने रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। युवक ने अपनी पत्नी व उसके परिजनों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रहरा थानाक्षेत्र के गांव चंदनपुर खादर निवासी विमल कुमार ने के मुताबिक उसकी शादी 26 जनवरी 2025 को रजबपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ हुई थी। आरा. ेप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही उसकी पत्नी का व्यवहार बदल गया और वह घर के लोगों से दुर्व्यवहार करने लगी। घर का कोई काम नहीं करती थी और न ही परि. जनों की बात मानती थी। ज्यादातर समय वह मोबाइल फोन पर बातचीत करती रहती थी। आरोप है कि विरोध करने पर पत्नी उसे और उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती थी तथा परिवार से अलग रहने का दबाव बनाती थी। पत्नी की जिद के चलते वह पिछले छह महीने से आदमपुर थाना क्षेत्र के कस्बा ढबारसी में किराए के मकान पर रह रहा था। उसकी पत्नी इस समय तीन माह की गर्भवती है, लेकिन अलग रहने के बावजूद उसके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। पांच मार्च को पत्नी उसे अपने मायके लेकर गई। वहां उसने पत्नी के परिजनों से उसके व्यवहार और मोबाइल पर अधिक बातचीत करने की शिकायत की। आरोप है कि इस बात पर पत्नी रीनू, उसके भाई अतर सिंह, बहन नीतू और भाभी सोनिका ने उसके साथ मारपीट की। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# जीवन के ठहराव को दूर करेगी मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल दिव्यांगजनों के जीवन में आए ठहराव को दूर करेगी और अब वह भी आसानी से घूम-फिर

**जेबीएफ के सहयोग से प्रशासन ने कराया वितरण**



सकेंगे। इससे न केवल उनकी जीवनशैली बदलेगी बल्कि वह स्वरोजगार को बढ़ावा भी दे सकेंगे।

सोमवार को जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के आफीसर्स क्लब में जिला दिव्यागजन कार्यालय में पंजीकृत एक महिला समेत पांच पात्रों को डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा ने मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल का वितरण किया। इन्हें पाकर पात्रों के चेहरे खिल उठे। डीएम ने सभी से बातचीत भी की। उनका कहना था कि वे सभी कामगार हैं और अब उनके जीवन में बदलाव भी आएगा। जेबीएफ में कार्यक्रम अधिकारी विशाल गौरव ने बताया कि प्रशासन ने कुल दस मोटराइज्ड ट्राईसाईकिलें खरीदी थीं। इनका भुगतान जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने किया था। इनमें से पांच का वितरण हाल ही में प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने अमरोहा में किया था। इस मौके पर एसडीएम विभा श्रीवास्तव, जिला दिव्गाजन सशक्तिकरण अधिकारी शिखा शर्मा, हितेष चौधरी, जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, डा.सुर्जि. जंदर फोगाट, डा. मधु चतुर्वेदी, ऋषिपाल सिंह, राम सिंह बौद्ध, कृपाल सिंह, सुमेधा शर्मा, चंदन सिंह, नवनीत सिंह, जॉनी, बूंदी सिंह, राहुल, आशु भी मौजूद रहे।

# औद्योगिक गलियारे को जमीन देने का विरोध

## कलेक्ट्रेट में भाकियू बीआर अम्बेडकर का धरना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सरकार द्वारा हसनपुर तहसील के कई गांवों में जमीन उद्योगिक गलियारों को प्रस्तावित करने पर किसान भड़क गए। उन्होंने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। चेता. वनी दी अगर जबरदस्ती जमीन या मकान लेने की कोशिश की गई तो किसान आंदोलन करेंगे।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं।ने कलेक्ट्रेट मे धरना दिया। जिन्हें संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी ने कहा कि सरकार द्वारा जो जमीन हसनपुर तहसील के कई गांवों में औद्योगिक गलियारों को प्रस्तावित की गयी है उसे किसी कीमत नहीं दिया जाएगा। जिन मकानों को तोड़ने के लिए चिन्हित किया गया है उन्हें तोड़ने नहीं दिया जाएगा। सरकार की दूसरी लिस्ट में गांव रुस्तमपुर खादर, दौलतपुर, हाकमपुर, बुरवाली, जम तोली समेत अन्य गांव। औद्योगिक गलियारों मे रखे गए है। किसान एक इंच भी जमीन नहीं देगे। शासन, प्रशासन द्वारा अगर जमीन लेने की। कोशिश की गई तो किसान आंदोलन करेंगे। अगर उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वह आत्महत्या करने को बाध्य होगे। धरना देने वालों में जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सूरजपाल, जय सिंह, धर्मपाल सिंह, सोमपाल, जफर अली, शौकीन, दिनेश, रोहताश, प्रशांत गुर्जर, सोनू, छोटू सिंह, रईस अहमद, पप्पू, गुड्डू, कल्याण सिंह व रघुवीर सिंह आदि शामिल रहे।

## रास्ते में रोककर युवक को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो नौगांवा सादात**। युवक को रास्ते में रोककर गाली-गलौज कर मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के मोहल्ला सलावाली लालबाग निवासी नीतू द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक छह मार्च को वह किसी जरूरी काम से नौगावां सादात जा रहा था। दोपहर में करीब दो बजे जब वह रजाकपुर क्षेत्र के पास पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद परिचित रवि, नंदू, दीपक और पूजा ने उसे देखते ही गाली-गलौज करने लगे, विरोध करने पर चारों ने घेरकर पिटाई कर दी। राहगीरों को जमा होते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# बिजली का तार चोरी कर ले जाते चार को पकड़ा

## पिकअप से 170 किलो तार बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बिजली का तार चोरी कर भाग रहे चार आरोपियों को नौगावां सादात पुलिस ने चें. कंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से करीब 170 किलो बिजली का तार, एक पिकअप और तमंचा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है।

सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि आठ मार्च की रात थाने में तैनात दरोगा जयवीर सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त में वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बीलना में नहर पुल के पास मुखबिर से सूचना मिली घकि पिकअप में चार लोग चोरी किया गया बिजली का तार बेचने जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें करीब 100 किलो कटा हुआ एल्युमिनियम का बिजली तार और लगभग 70 किलो रबर चढ़ा बिजली का एबीसी तार बरामद हुआ। साथ ही चालक शाहरुख के पास से एक तमंचा और एक कारतूस मिला। पुलिस ने चारों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में शाहरुख निवासी हीमपुर बुजुर्ग थाना चांदपुर जनपद बिजनौर, दुष्यंत और अंकित निवासी गांव पेली तगा थाना मंडी धनौरा तथा फैजान निवासी मोहल्ला इस्लामनगर थाना नौगावां सादात शामिल हैं। सीओ के मुताबिक चारों आरोपियों ने 26 फरवरी की रात गांव खंडसाल और 28 फरवरी की रात गांव खेड़का के जंगल से गुजर रही बिजली लाइन से तार चोरी किया था। चोरी किए गए कुछ तार वह पहले ही कबाड़ियों को बेच चुके थे, जबकि बाकी तार मुरादाबाद में बेचने जा रहे थे। चारों को कॉर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

























# मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। युवक के साथ मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कस्बा सैद नगली निवासी सुरेश पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि 4 मार्च की शाम को उसके घर में कई लोग घुस आये थे तथा उसके साथ गाली गलौज करते हुए बाहर ले जाने का प्रयास करने लगे। उसके मना करने पर आरोपियों ने लाठी डंडों से उसे पर हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने शोर सुनकर उसे बा मुश्किल आरोपियों से बचाया था। उसके विरोध करने पर आरोपियो ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया था। थाना अध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर आनंद, मीत, जयप्रकाश और पंकज के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा हो गया है। जबके दूसरे पक्ष का कहना है कि उनके पास घटना का वीडियो भी मौजूद है। लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# आग से कुरकुरे चिप्स का गोदाम जलकर राख

## बैटरी स्कूल में शार्ट सर्किट से लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के गांव चुच.ेला कला में सोमवार को एक मकान में बने कुरकुरे चिप्स के गोदाम में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने से गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि गांव निवासी अकरम के घर में कुरकुरे चिप्स का गोदाम बना हुआ है। वहीं एक इलेक्ट्रॉनिक बैटरी स्कूटी चार्जिंग पर लगी हुई थी। इसी दौरान स्कूटी में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पास में रखे कुरकुरे चिप्स के गोदाम को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से गोदाम में रखा सामान धू-धू कर जलने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्राम प्रधान पति इकराम ने बताया कि बैटरी स्कूटी चार्जिंग पर लगी हुई थी, उसी में शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़क गई। आग से करीब तीन लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

# आईएएस सुरभि यादव का गांव में भव्य स्वागत



अमरोहा। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर सुरभि यादव को सम्मानित करतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स।

## ढोल नगाड़ों व पुष्प वर्षा से ग्रामीणों ने किया अभिनन्दन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। यूपीएससी में 14वीं रैंक हासिल कर आईएएस बनने वाली सुरभि यादव के गांव पहुंचने पर खुशियों का सैलाब उमड़ पड़ा। नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव नसीर नगला में ग्रामीणों ने उनका ऐसा स्वागत किया कि पूरा गांव जश्न में डूब गया। ढोल-नगाड़ों की थाप, फूलों की बारिश और जयकारों के बीच सुरभि यादव खुली कार में सवार होकर गांव में दाखिल हुईं। ग्रामीणों ने रास्ते भर उनका अभिनंदन किया और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की।

मूल रूप से नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव नसीर नगला निवासी राकेश सिंह यादव पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर हैं और वर्तमान में उनकी तैनाती बनारस की ईओडब्ल्यू शाखा में है। उनकी बेटी सुरभि यादव ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 14वीं रैंक हासिल कर परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। सुरभि ने हाईस्कूल श्रीराम इंटर कॉलेज बरेली और इंटरमीडिएट आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली से 96 प्रतिशत अंकों के साथ पास किया। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज से बीए ऑनर्स और जामिया मिलिया इस्लामिया से इतिहास में एमए किया। गांव पहुंची सुरभि यादव ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुओं को देते हुए कहा कि परिवार के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही वह इस मुकाम तक पहुंच सकीं। उधर गांव में सुरभि के स्वागत के दौरान लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। ढोल-नगाड़ों की गूंज, फूलों की बरसात और जयकारों के बीच गांव की बेटी का सम्मान किया गया। हर किसी के चेहरे पर गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। देर सांय सुरभि यादव कलेक्ट्रेट पहुंची जहां जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बुके देकर सुरभि का स्वागत किया तथा उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। इस दौरान सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र भी मौजूद रहे।

# भारत की जीत पर झूमे शहर के क्रिकेटप्रेमी



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम द्वारा न्यूजीलैण्ड को हराकर ट्राफी अपने नाम करने पर शहर के क्रिकेटप्रेमियों में काफी खुशी का माहौल देखने को मिला।

### आतिशबाजी छोड़कर मनाया जश्न, मिठाई बांटी

आधी रात तक आसमान में क्रिकेट प्रेमी आतिशबाजी छोड़ते हुए नजर आए।

बता दें कि बीते दिन भारत और न्यूजीलैण्ड की टीम के बीज टी-20 विश्वकप का फाइनल मैच हुआ था। पहले खेलकर भारत ने न्यूजीलैण्ड के सामने अच्छा खासा स्कोर रखा, न्यूजीलैण्ड की टीम ने जीतने का प्रयास भी किया मगर भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने न्यूजीलैण्ड को हराकर विश्वकप अपने नाम किया। भारतीय टीम की जीत पर शहर के क्रिकेटप्रेमियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। देर रात तक जश्न का माहौल रहा। इस मौके पर वैभव गोयल, अमन अग्रवाल, आयुष जिंदल, केशव कौशिक, अमन शर्मा, हर्ष सिंघल, तन्मय सिंघल, आकाश बंसल, निशांत वर्मा, सुमित गर्ग, उत्कर्ष जिंदल, अंकित अग्रवाल, आदित्य गोयल, विठ्ठल गोयल, मयंक शर्मा वरुण अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, कृष्णा बंसल, नितिन बंसल आदि मौजूद रहे।

# भाकियू ने की फैक्ट्री के सामने धरना देने की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के द्वारा आगामी 15 मार्च को नगर की एक औद्योगिक इकाई को प्रदुषण के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए सामने बैठकर धरना देने की घोषणा की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने शहबाजपुर डोर गांव में चल रहे धरने के 79वें दिन कहा कि क्षेत्र में स्थित रासायनिक कारखानों से निकलने वाले जहरीले अपशिष्ट के कारण भूजल गंभीर रूप से दूषित हो गया है और नाईपुरा गांव समेत आसपास के इलाकों में किसानों को सांस की बीमारियां, एलर्जी, कैंसर जैसी घातक बीमारियां और फसलों की बर्बादी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में कैसंर समेत अन्य गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। कहा कि 15 मार्च को फैक्ट्री के सामने धरना प्रारंभ किया जाएगा और यह धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक पानी का ठोस समाधान न हो जाए। उन्होंने प्रदुषण बोर्ड के अधिकारियों पर रिपोर्ट जारी नहीं करने का आरोप लगाया। इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष एहसान अली, तेजपाल सिंह, हाजी नन्नू सैफी, ओमप्रकाश सैनी, होमपाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, बाबू अली, गंगाराम सिंह, पृथ्वी सिंह, मंसूर मंसूर अली आदि मौजूद रहे।

## भाकियू संयुक्त मोर्चा का धरना 79वें दिन भी जारी




# फैक्ट्री कर्मी के घर से सोने की ज्वैलरी चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर की एक औद्योगिक इकाई परिसर में बने आवास में रहने वाले कर्मचारी के घर से झाड़ू पोंछा आदि कार्य करने वाली महिला ने सोने की ज्वैलरी चोरी कर ली। घटना के दौरान गृहस्वामी अपनी माता के निधन के चलते परिवार सहित गांव गए थे और काम करने वाली महिला दूसरी चाभी से ताला खोलकर सफाई के लिए घर आती थी।

जानकारी के अनुसार अरविंद कुमार नगर के धनौरा मार्ग स्थित एक औद्योगिक इकाई तेवा में काम करते हैं। उनका आवास पर भी कंपनी परिसर में ही है। उनके घर पर नगर के मुहल्ला मायापुरी निवासी महिला मोना काम करती है। अरविंद की माता की तबियत खराब होने पर वे 23.1.2026 को में और उनकी पत्नी 25.01.2026 को घर बंद करके चले गए। एक चाबी फैक्ट्री के सिक्योरिटी गेट पर थी ताकि मोना वहां से चाबी लेकर घर खोलकर सफाई आदि का कार्य कर सके। इस दौरान अरविंद की माता का निधन हो गया, वे माता की आरष्टी के बाद 16.02.26 घर वापस आये। यहां

### घर में काम करने आनी वाली महिला पर संदेह, रिपोर्ट दर्ज

आकर देखा तो सूटकेस में रखी सोने की ज्वलैरी (गले का हार, कानों के झाले, दो कंगन, दो अंगूठी, एक माथे की टीका व बिंदी) गायब थी। चोरी हुई ज्वैलरी की कीमत लाखों रूपये में है। अरविंद कुमार ने बीते दिन घटना की तहरीर पुलिस को देते हुए मोना पर चोरी का संदेह जताया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मोना पत्नी धर्मपाल निवासी मुहल्ला मायापुरी के विरूद्ध संबधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# अमरोहा से होकर निकले सिक्सलेन हाइवे

## भाकियू ने दी आंदोलन की धमकी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। ब्लॉक परिसर में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में किसानों ने गोरखपुर से शामली पानीपत के लिए बनने वाले प्रस्तावित सिक्स लेन हाईवे को अमरोहा जिले से होकर निकालने की मांग उठाई। साथ ही किसानों की कई समस्याओं को लेकर भी आवाज उठाई गई।

मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने कहा कि गोरखपुर से शामली-पानीपत तक बनने वाला सिक्स लेन हाईवे पहले अमरोहा से होकर प्रस्तावित था, लेकिन अब किसी दबाव में आकर इसे मुरादाबाद से सीधे बिजनौर की ओर निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हाईवे अमरोहा जिले से होकर नहीं निक.ाला गया तो भारतीय किसान यूनियन असली आंदोलन करने को मजबूर होगी। तहसील अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि गन्ना किसानों को कम दाम पर अच्छी प्रजाति का बीज उपलब्ध कराया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष जसपाल गिल ने डिंगरा बिजली घर की क्षमता बढ़ाने की मांग की। इसके साथ ही मध्य गंगा नहर में पानी छोड़ने और आलू की खड़ी फसल के लिए उचित खरीदार दिलाने की भी मांग उठाई गई। पंचायत में सुरेश यादव, रामवीर, ओमवीर, धर्मपाल, जुल्फिकार, सैंपल, यशपाल, शाहनवाज, इश्तियाक, श्याम बली यादव, कपिल त्यागी, तुलाराम, समरपाल समेत कई किसान मौजूद रहे।

# नवनीत गोला बने पीडीए के जिला संयोजक



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। समाजवादी पार्टी के सामाजिक न्याय पीडीए अभियान के तहत नवनीत कुमार गोला को प्रजापति समाज का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों में खुशी का माहौल है। लंबे समय से पार्टी के प्रति समर्पित रहे नवनीत कुमार गोला संगठन में लगातार सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वर्तमान में वह अमरोहा में समा.जवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष के रूप में भी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि उनके जिला संयोजक बनने से पीडीए अभियान को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव चंद्र पाल सैनी, अतिक अहमद, युसुफ कुरैशी, राधेलाल रघुवंशी, प्रताप सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

# हजरत अली की यौमे शहादत पर शबीहे ताबूत बरामद

## अजाखानों में हुई मजलिसों में अली की शहादत का जिक्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा/सैदनगली**। दामाद-ए-रसूल हजरत अली की यौमे शहादत पर शबीहे ताबूत बरामद किए गए। मजलिसों में हजरत अली की शहादत का जिक्र किया गया।नगर के मोहल्ला मंडी चौब स्थित मस्जिद में सुबह नमाज के बाद मौला ए कायनात, अमीरूल मोमिनीन हजरत अली की शहादत की पर मजलिस का आयोजन किया गया। सोजख्वानी मास्टर तबारक अली व हमनवा ने की। ताबूत बरामद किया गया जो गश्त करते आजखाना मोहम्मद यूसुफ मे जाकर समाप्त हुआ। मौलाना रजा अली रजन ने कहा कि जब इस्लाम का कोई मददगार नहीं था, उस समय हजरत अबु तालिब व उनकी औलाद ने अपनी शहादत देकर दीन को परवान चढ़ाया। 21 रमजान को आप की शहादत हुई, मौला अली के मानने वाले हर साल उनकी शहादत पर याद करते है। जुलूस में अदनान हैदर राजन ने नोहा अली अली हाय अली रोके यह जैनब ने कहा अली अली हाय अली पढ़कर माहौल गमगीन बना दिया। इस अवसर पर मुजाहिद अब्बास, मेराज रजा, अली हसनैन, आसिफ, अरशद कमाल, हैदर जिया,जॉन नकवी,रजा अली, रजा हुसैन, शमीम, जाहिद, अली वाइज मौजूद रहे।उधर **सैदनगली** में हजरत अली अलैहिस्सलाम की यौमे जर्बत के सिलसिले में शबीहे ताबूत बरामद किया गया। जुलूस तयशुदा रास्तों से होता हुआ पीर जी इमामबाड़ा पहुंचा। इससे पहले फात्मा हॉस्पिटल में मजलिस का आयोजन हुआ, जिसमें मर्सियाख्वानी डॉ. लईक हैदर बाकरी और उनके साथियों ने की। मुजफ्फरनगर से आए मौलाना हसन रजा ने मजलिस को खिताब करते हुए हजरत अली की फजीलत और उनकी शहादत के वाकये को बयान किया। मौला अली की मुसीबतों का जिक्र सुनकर अजादारों ने मातम किया। जुलूस में मोहम्मद हैदर और सुहैल अब्बास ने नौहे पढ़े। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। हिंदू समाज के राकेश गुप्ता, अभय त्यागी सहित अन्य लोग भी शामिल हुए। जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।



## घर-घर जाकर ग्रामीणों को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। अमर सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज मण्डी धनौरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर सोमवार को स्वयंसेवियों ने जल संरक्षण को लेकर ग्राम शहबाजपुर गुर्जर में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को जल बचाने के लिए प्रेरित किया और पानी के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है। स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के विभिन्न उपाय बताते हुए पानी की बर्बादी रोकने और वर्षा जल संचयन के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मुशर्रफ खां, योगेश त्यागी, शिवा सैनी, डॉ. रूपा चौधरी, जितेंद्र सिंह, समरपाल सिंह और अर्शी चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ब्लू बर्ड्स के छात्र चिराग को इंस्पायर अवार्ड




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। क्षेत्र के ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा नौ के छात्र चिराग पवार का चयन इंस्पायर अवार्ड के लिए होने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। चिराग को उनकी नवाचार सोच और रचनात्मक कार्य के लिए यह सम्मान मिला है।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार चिराग पवार ने अपनी जिज्ञासा, मेहनत और नई सोच के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के तहत उन्हें 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने चिराग को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को नई सोच और नवाचार के लिए प्रोत्साहित करता है। चिराग की इस उपलब्धि से विद्यालय के छात्र-छात्राओं में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने चिराग के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वह आगे भी इसी तरह विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

# अमर्यादित टिप्पणी करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज हो

## मुख्यमंत्री की माता के संबंध में की थी अशोभनीय टिप्पणी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। विश्व हिंदू महासंघ ने मुख्यमंत्री की माता के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग को कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष आदेश कुमार के नेतृत्व में डीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि एक सार्वजनिक मंच से मौलाना अब्दुल सलीम द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के संबंध में अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी की गई है। जिससे कार्यकर्ताओं में भरी रोष है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन है, ऐसे मे सार्वजनिक मंच से उनके परिवार के खिलाफ की गई ओछी टिप्पणी ना केवल सामा.जिक मर्यादाओं का उल्लंघन है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों का भी अपमान है। उन्होंने मांग की मौलाना अब्दुल सलीम के विरुद्ध धार्मिक भावनाएं भड़काने एवं शांति भंग करने तथा आईटी एक्ट के तहत



तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। भविष्य में किसी भी संत, धार्मिक परम्परा व समाज की आस्था के विरुद्ध भड़काऊ भाषणों पर रोक लगाने को कठोर कदम उठाए जाए। ज्ञापन सौंपने वालों मे प्रशांत, ऋतिक, विशाल, हिमांशु, राघव, लकी, भोला, रचित, संजीव आदि शामिल रहे।

## निबंध में सानिया प्रथम व साक्षी रहीं द्वितीय

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। भागीरथी देवी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के तीसरे दिन को स्वास्थ्य संवर्धन दिवस के रूप में मनाया गया। शिविर मौहल्ला महादेव स्थित आनंद धाम आश्रम में लगाया गया है। कार्यक्रम में नगर के मुख्य चिकित्सक डॉ. एम.पी. शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस दौरान स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं के बीच निबंध प्रतियोगिता भी कराई गई। प्रतियोगिता में सानिया ने पहला, साक्षी ने दूसरा और दिष्ठा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।शिविर के दूसरे सत्र में महिला चिकित्सक डॉ. सुधा शर्मा ने भी छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरी जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. ममता अग्रवाल, डॉ. सुधा रानी, चारू वशिष्ठ समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# लवी ने उत्तीर्ण की राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-2026 के परिणाम में उच्च प्राथमिक विद्यालय दरियापुर बुजुर्ग की छात्रा कुमारी लवी का चयन होने पर विद्यालय स्टॉफ ने छात्रा व उसके अभिभावकों को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया। बता दें कि छात्रा लवी पुत्री कृष्ण कुमार ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टॉफ ने छात्रा लवी व उसकी माता अनीता देवी व पिता कृष्ण कुमार को सम्मानित किया और अन्य बच्चों से भी आह्वान किया कि वे लवी के प्रयास से प्रेरणा लें। विद्यालय के प्रधानाध्यापक यतीश कुमार ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत चयनित छात्रा को कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की पढ़ाई हेतु 1000 प्रति माह की दर से कुल 48000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में अना.मिका चौधरी, निर्वेश देवी, नेहा चाहल, कपिल कुमार व डॉ0 पृथी सिंह आदि मौजूद रहे।

# तीन बच्चियों ने किया कुरआन मुकम्मल







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। कम उम्र में तीन बालि.काओं ने कुरआन शरीफ मुकम्मल कर एक मिसाल पेश की है। सबूर जहरा (12) पुत्री सलीम रजा, मोहल्ला काजीजादा, मुवद्दत फात्मा (10) पुत्री गिजाल हैदर, मोहल्ला पचदरा तथा फारेहा जैदी (8) पुत्री मोहम्मद मेंहदी मोहल्ला काजीजादा ने अपनी लगन और मेहनत से कुरआन शरीफ पूरा कर लिया है। इतनी कम उम्र में इस बड़ी धार्मिक उपलब्धि से उनके परिवारों में खुशी का माहौल है। सभी बच्चियों को कुरआन सलीम रजा ने पढ़ाया है। परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने बच्चियों को मुबारकबाद दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को शुरू से ही दीन की तालीम देने का प्रयास किया गया, जिसका नतीजा आज सबके सामने है। स्थानीय लोगों ने भी बच्चियों की इस कामयाबी को सराहते हुए कहा कि यह गर्व की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये बच्चियां आगे भी इसी तरह मेहनत कर शिक्षा और दीन के क्षेत्र में नाम रौशन करेंगी। इस मौके पर परिवारजनों ने बच्चियों के लिए दुआ की कि अल्लाह तआला उन्हें आगे भी कामयाबी अता फरमाए और उन्हें दीन व दुनिया दोनों में कामयाब बनाए।

# परीक्षा के दौरान बर्दाश्त नहीं होगी किसी प्रकार की अनियमितता: डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित संबंधित अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



जिलाधिकारी ने कहा कि यह परीक्षा युवाओं के भविष्य से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इसलिए इसकी शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें तथा परीक्षा को पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराएं।

जनपद में 14 व 15 मार्च, 2026 को दो-दो सत्रों में यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिले में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 10,080 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर समय से पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं।

अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य जरूरी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और केंद्रों के आसपास विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और अन्य अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और परीक्षा के दौरान पूरे परिसर की लगातार निगरानी की जाए। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछनीय घटना को रोका जा सके।

सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों का नियमित निरीक्षण करेंगे और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करेंगे। 14 केंद्रों पर परीक्षा सम्पन्न कराए जाने हेतु 14 केंद्र व्यवस्थापक, 28 सहायक केंद्र व्यवस्थापक, 28 परीक्षा सहायक, 14 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 420 कक्ष निरीक्षक, 03 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करें और परीक्षा को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें।

# परीक्षा केंद्रों पर रखी जाए कड़ी निगरानी, नियमों का करें पालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** परीक्षा के दौरान पेपर लीक, नकल, साल्वर गैंग या अन्य किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और नियमों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए।

परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने विशेष सतर्कता बरतते हुए सूचना देने के लिए ईमेल आईडी और व्हाट्सएप नंबर 9454457951 भी जारी किया है। यदि किसी को परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलती है, तो वह इस माध्यम से सूचना दे सकता है। बैठक में जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों के व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह सुनिश्चित कर ली जाएं। परीक्षा कक्षों की साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, बिजली और पेयजल जैसी सुविधाओं की जांच पहले ही कर ली जाए। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी या व्यवस्थागत समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। साथ ही परीक्षा में डयूटी पर तैनात कार्मिकों को निर्धारित समय से पहले केंद्र पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से भी अपील की है कि वे परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुंचें, ताकि प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो। अभ्यर्थियों को परीक्षा से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि परीक्षा के दौरान पूरी प्रक्रिया की लगातार निगरानी की जाए। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न स्तरों पर टीमों का गठन किया गया है।

# क्षेत्र में कुत्तों का आतंक, कुत्तों के काटनें से 38 लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** क्षेत्र में कुत्तों का आतंक बना हुआ है जिसमे अलग अलग गावों ने कुत्तों ने हमला बोल 38 लोगो को घायल कर दिया है। ग्रामीणों नें उच्च अधिकारियों से कुत्तों को पकड़वानें की मांग की है।

रटौल क्षेत्र में कुत्तों का आतंक बढता जा रहा है कुत्ते आय दिन लोगो पर हमला बोल घायल करते रहे है। कुत्तों द्वारा अलग अलग गांव सीमा फुलैरा, बंटी फुलैरा, नीरज लहचौड़ा, मोंटी गौना, अर्णव निरोजपुर, अफहन सरुाबाद, अबूबकर सरफाबाद, सचिन डगरपुर, मयंक विनयपुर, अमन पुरनपुर नवादा, अभय निरोजपुर, अनुज रटौल, देव नगलाबड़ी, रानी तिगरी,प्रेम रटौल, सहजादी रटौयंज्ञल, मानवी गौना, नईम सरफाबाद, सन्दिप घिटौरा, आयशा ललियाना, शिवम नगला, मोहित गौना आदि मौजूद रहे।



# चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** पुलिस ने उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान, एक ई-रिक्शा और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

यह मामला खेकड़ा थाने में 17 फरवरी 2026 को दर्ज किया गया था। उच्च प्राथमिक विद्यालय सुन्हैड़ा के प्रधानाचार्य कृष्णपाल सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने विद्यालय की रसोई और स्टोर रूम का ताला तोड़कर सामान चुरा लिया था। चोरी हुए सामान में गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, भगौने, कूकर, खाने की प्लेटें, गिलास और अन्य रसोई का सामान शामिल था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी किया गया एक गैस चूल्हा, एक गैस सिलेंडर, एक ई-रिक्शा और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान अलीपुर, दिल्ली निवासी कपिल पुत्र कृष्ण कुमार के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि कपिल के खिलाफ दिल्ली और बागपत में पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं, जो उसके पेशेवर अपराधी होने का संकेत देते हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है।

# मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थानों के पास हटाई जाए शराब की दुकानें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला जाट महासभा के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन कर तीन सूत्रियों मांगो को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा और जल्द कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए बताया कि महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि 29 दिसंबर को भी जनपद में बढ़ते नशे के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए एक तीन सूत्रीय मांगपत्र प्रशासन को सौंपा गया था, लेकिन आज तक भी उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ज्ञापन के माध्यम बताया गया कि जनपद में कई मेडिकल स्टोर्स पर खुलेआम नशे के इंजेक्शन और नशीली गोलियां बेची जा रही हैं, जिससे युवाओं में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है। महासभा ने मांग की है कि ऐसे मेडिकल स्टोर्स की जांच कर अवैध रूप से बिक रही नशीली दवाओं की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए।

इसके अलावा महासभा ने यह भी मांग की है कि जिले की सभी शराब की दुकानों पर स्पष्ट रूप से यह लिखा जाए कि शराब पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, ताकि लोगों को इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जा सके।

मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थानों के पास स्थित शराब की दुकानों को वहां से हटाया जाए, जिससे समाज में फैल रहे नशे के दुष्प्रभावों पर नियंत्रण पाया जा सके। महासभा का कहना है कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति युवाओं और पूरे समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। यदि समय रहते इस पर सख्ती से रोक नहीं लगाई गई तो इसके दूरगामी दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं।

जिला जाट महासभा ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इन तीनों मांगों पर जल्द प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि जनपद में नशे की समस्या पर नियंत्रण पाया जा सके।

# हत्याकांड के मामले में फरार आरोपी की तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** तितरोदा गांव में 17 वर्षीय अमृत शर्मा की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह वारदात सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में होली के दिन हुई थी। हत्या में कुल छह युवक शामिल थे।

घटना के बाद घायल अमृत को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि एक आरोपी शौकीन अभी भी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है।



मृतक का फाइल फोटो

सिंघावली अहीर थाना प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि फरार आरोपी शौकीन को भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की जांच और आरोपी की तलाश जारी है।

# वहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने का किया घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जिला सह मंत्री संजय सैन जागौश एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेता नितिन गोस्वामी के नेतृत्व में विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता इकठ्ठा होकर बड़ौत थाने पहुंचे और एक विशेष संप्रदाय के व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से भारत की जीत पर की गई आतिश बाजी को अप शब्द और भारत माता के नारे को ड्रामा बाजी बोलते हुई एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।



रात्रि भारत ने टी 20 वर्ल्ड कप को जीत लिया जिससे भारत के सभी शहरों में जोरदार आतिशबाजी और मिठाई बाटकर खुशी का इजहार किया गया। बागपत के अनेको स्थान पर सभी ने समक लगा कर एक साथ मैच का भी लुफ्त उठाया और बाद में भारत के मैच जीतने के बाद सभी ने अपनी खुशी का इजहार किया। इसमें किसी विशेष व्यक्ति की जीत नहीं भारत के 140 करोड़ देशवासी की जीत हुई है। इसलिए हर वर्ग के जाति के लोग खुशी मना रहे थे और बड़ौत कस्बे में भी हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया गया। किसी व्यक्ति में बजरंग दल, हिन्दू समाज के लोगों का ड्रामा भारत के लोगों का ड्रामा बताया गया जिसको लेकर आज सभी कार्यकर्ता थाने में आए और तहरीर देकर जल्द से जल्द कार्यवाही हो। एसएचओ साहब ने आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिसा जाएंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विकास जैन, जिला संयोजक सागर, नगर संयोजक आशीष, नगर मंत्री वरुण, गौरव, निशु, विपिन पहलवान, तरुण आदि व्यक्ति उपस्थित रहे।

# रटौल नगर पंचायत अध्यक्ष का नामांकन निरस्त होने पर मनाई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** बागपत में अपर जिला न्याधीश कोर्ट सख्या पांच नें रटौल नगर पंचायत अध्यक्ष पद के वर्ष 2023 के चुनाव को शून्य घोषित कर दिया है जिसके बाद रटौल में विपक्षी दल नें खुशी जताकर इसे रटौल की जनता की जीत बताया।

रटौल नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव 2023 में हुआ था जिसमे जुनैद फरीदी विजेता घोषित हुए थे, जिसके बाद विपक्षी नेता हाजी मुन्तजिर नें कोर्ट में नामांकन में तत्व छुपानें गिनती में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता नें आरोप लगाया था कि मतगणना में अनियमितता हुई है और निर्वाचित प्रत्याशी नें नामांकन पत्र में महत्वपूर्ण तत्वों को छुपाया सुनवाई के बाद अदालत नें माना की नामांकन पत्र में पूरी जानकारी न होनें से चुनाव की वैधता प्रभावित हुई इसी आधार पर अदालत नें नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित जुनैद फारूख का चुनाव शून्य घोषित कर दिया। कोर्ट ने जिला निर्वाचन अधिकारी बागपत को उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1916 की धारा 25(2)(बी) के तहत एक माह के भीतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है जिसके बाद याचिकाकर्ता के समर्थको ने रटौल में खुशी मनाते हुए आतिशबाजी की और यह जीत रटौल की जनता की जीत बताया। हाजी मुन्तजिर जैसे ही रटौल पहुचें तो रटौल के लोगो ने फूल मालाओ से उनका स्वागत किया। भाजपा नेता



और जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल नें इसे जनता की जीत बताया। वही रटौल की जनता नें अदालत में केश लड़ने वाले वकील ललित चौधरी पुत्र हरदल की जमकर तारीफ की दिन भर रटौल क्षैत्र में यह चर्चा का विषय बना रहा। वही हाजी मुंतजिर को शुभकामनाएं देने वालो का ताता लगा रहा हाजी मुंतजिर नें कहा कि चुनाव में धांधली हुई थी कोर्ट नें फैसला सुना जनता को सही संदेश दिया और हम ग्राम वासी कोर्ट के फैसले का सम्मान करते है।

# पुलिस ने फरार चल रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान काला पुत्र चतन सिंह, निवासी पट्टी मुंडाला, कस्बा व थाना खेकड़ा, जनपद बागपत के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, यह गिरफ्तारी वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अभियुक्त काला काफी समय से एक न्यायालयीन मामले में वांछित था और उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अपने क्षेत्र में ही मौजूद है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए खेकड़ा थाना पुलिस की टीम ने उसे उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी को थाने ले आई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। खेकड़ा थाना पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। न्यायालय से जारी वारंट वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि फरार और वांछित आरोपियों को पकड़ा जा सके।

# यूजीसी एक्ट के खिलाफ तहसील में धरने पर बैठे सामान्य जाति संघर्ष समिति के कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड से सामान्य संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट दीपक शर्मा के नेतृत्व में यूजीसी एक्ट के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते हुए तहसील परिसर में पहुंचकर जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए सड़कों पर उतरकर जमकर भाजपा सरकार के खिलाफ विगुल फूंका गया।

ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता वरिष्ठ समाजसेवी राधेश्याम शर्मा एडवोकेट ने यूजीसी के खिलाफ जमकर सरकार पर भड़ास निकाली। इस मौके पर भारी संख्या में लोगों ने देश की महामुहिम राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के नाम एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार राजेश कुमार को सोपा गया। इस काले कानून को वापस लेने की मांग की गई। तहसील परिसर में चेतावनी दी गई कि अगर 19 मार्च तक इस काले कानून को वापस नहीं लिया जाता तो सामान्य जाति के लोग सड़कों पर उतरकर तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना देंगे।




16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए सामान्य जाति संघर्ष समिति के अध्यक्ष दीपक शर्मा एडवोकेट ने यूजीसी एक्ट के काले कानून को वापस लेने की मांग की धरना परिसर पर धरने को संबोधित करते हुए अग्निहोत्री ने कहा कि यह काला कानून लाकर सरकार ने सामान्य जातियों के लिए लोगों के साथ खिलवाड़ किया है जिसे कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारा धरना प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा जब तक इस काले कानून को वापस नहीं लिया जाता हम पीछे हटने वाले नहीं है। इस मौके पर दिनेश शर्मा महेंद्र दत्त शर्मा आचार्य संजय शास्त्री आचार्य प्रवीण पुलस्त्य नीरज वत्स वरिष्ठ समाज से मनीष शर्मा तिलवाड़ा आशीष शर्मा विनीत शर्मा कृष्ण दत्त शर्मा प्रधान पंकज शर्मा आदित्य भारद्वाज सेवाराम शर्मा ओमपाल सिंह राठी के अलावा काफी संख्या में सामान्य जाति के लोगों ने यूजीसी का विरोध प्रकट किया।

## एक नजर

# 400 जोडों मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत थामा एक दूसरे का दामन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विधानसभा पूरनपुर मुख्य अतिथि विधायक बाबूराम पासवान, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्रमोहन विश्नोई आदि द्वारा सामूहिक विवाह नवीन मण्डी समिति परिसर पीलीभीत में सम्पन्न कराया गया। विवाह समारोह में 425 में से 400 नव युगलों का विवाह सम्पन्न कराया गया। जिसमें 8 अल्पसंख्यक जोड़े भी सम्मिलित हुए। इस दौरान अधिकारियों द्वारा वर-वधू को आवश्यक उपहार सामग्री वितरित कर सभी को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की इस पुनीत और पावन बेला पर नव विवाहितों को आशीर्वाद एवं शुभकामना देते हुए उत्तरोत्तर वृद्धि करने की कामना की गई।जिलाधिकारी ने सभी को सम्बोधित करते हुये कहा कि नव विवाहित जोडे अपना रोजगार स्थापित करना चाहते हो वह मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में अपना आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते है।

# भारत की जनगणना-2027 हेतु 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बेन-हर गुरुकुल में होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** भारत की जनगणना-2027 हेतु जनगणना निदेशालय के निर्देशों के क्रम में जनपद स्तर पर चयनित तथा जनगणना निदेशालय से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनपद स्तर पर 72 फील्ड ट्रेनरों को 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दो बैचों (प्रथम बैच-दिनांक 10,11,12 मार्च, 2026 एवं द्वितीय बैच-दिनांक 13,14,16 मार्च, 2026) को स्थान बेन-हर गुरुकुल, टनकपुर रोड, पीलीभीत समय प्रातः 9 बजे में कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। फील्ड ट्रेनरों द्वारा प्रगणको एवं सुपरवाईजरो को जनगणना कराने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जनगणना का कार्य दो चरणों में सम्पादित किया जायेगा। प्रथम चरण (22 मई, 2026 से 20 जून, 2026 तक) में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना। द्वितीय चरण (09 फरवरी, 2027 से 28 फरवरी, 2027 तक) में जनसँख्या एवं जातीय गणना। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन ज्ञानेन्द्र सिंह, प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी, पीलीभीत द्वारा किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक), जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पीलीभीत, जिला सूचना अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद्/नगर पंचायत उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

# रात्रि में मार्गों को प्रतिबंध को लेकर भाकियू टिकैत ने डीएम से की वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** गांधी सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक हुई जिसमें जनपद के पुलिस अधीक्षक सुकृति माधव एवं डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह टाइगर रिजर्व व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में टाइगर रिजर्व के अधिकारियों द्वारा रात्रि से सुबह तक विभिन्न मार्गों पर यातायात पर प्रतिबंध लगाने पर विस्तृत चर्चा हुई उसके उपरांत भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी द्वारा अधिकारियों से विस्तृत वार्ता हुई जिसमें सहमति बनी कि इस समय किसी प्रकार का यातायात पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा जब तक शासन स्तर पर वार्ता ना हो जाए। इस बात पर उपस्थित यूनियन के संगठनों एवं अधिकारियों में सहमत बन गई। बैठक में जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह कहलो, बलजिंदर सिंह मान प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड उत्तर प्रदेश तराई क्षेत्र, गुरजीत सिंह जिला मीडिया प्रभारी, गुरदीप सिंह युवा जिला अध्यक्ष सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डबल डेकर बस पलटी, 15 घायल 6 की हालत गंभीर

**पीलीभीत।** दिल्ली से लखीमपुर जा रही एक डबल डेकर बस हाईवे 730 पर अनियंत्रित होकर पलट गई, हादसे के समय बस में लगभग 40 से 50 यात्री सवार थे. दुर्घटना में 15 लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से 6 यात्रियों की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसा रविवार देर रात 2 बजे के आसपास गजरौला कस्बे के पास हुआ।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पत्नी के साथ छत पर सो रहे युवक की संदिग्ध हालात में मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पत्नी के साथ छत पर सो रहे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव सोमवार सुबह उसके घर की छत पर चारपाई पर पड़ा मिला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां ने बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया।

नवाबगंज क्षेत्र के ईंधजागीर गांव के मोहल्ला प्रकाश नगर निवासी वीरपाल उर्फ बब्लू (34) दिल्ली में कपड़ों की सिलाई का काम करता था। उसका विवाह करीब दस वर्ष पहले रिठौरा के मोहनिया गांव की प्रभा से हुआ था। पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था, जिसके चलते प्रभा पिछले एक महीने से मायके में रह रही थी। रविवार को वीरपाल उसे मायके से वापस अपने घर लाया था। रविवार रात दोनों मकान की छत पर मच्छरदानी लगाकर सोए थे। शाम प्रभा का अपने सास ससुर से झगड़ा हो गया था। जिसके बाद ससुर नन्हेलाल और सास कमला घर के बाहर दरवाजे पर खुले आसमान के नीचे ही सो रहे थे। प्रभा का कहना है कि सोमवार को सुबह के समय अचानक वीरपाल के सीने में तेज दर्द हुआ, और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। उसकी चीख-पुकार सुनकर परिजन छत पर पहुंचे तो वीरपाल चारपाई पर मृत पड़ा था। घटना के बाद मृतक की मां कमला ने बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। सूचना मिलने पर कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव, चौकी इंचार्ज सुनील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। उसकी मौत के बाद उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

वीरपाल की पत्नी प्रभा के कोई संतान नहीं है, प्रभा की सास कमला ने अपने पुत्र की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार मोपेड की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**■ खिरनी-मुड़िया मार्ग पर हादसा, बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार मोपेड की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई। मामले में मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम जागन डांडी निवासी राज. ेंद्र प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता रमेश चंद 26 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 1:30 बजे ग्राम खिरनी से अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जब वह खिरनी-मुड़िया मार्ग पर मजार के पास पहुंचे, तभी दमखोदा की ओर से आ रहे टीवीएस मोपेड संख्या यूके 06 ए आर 4543 के चालक इश्याक अहमद निवासी ग्राम दमखोदा ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए गलत साइड में आकर उनके पिता की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रमेश चंद गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्हें तुरंत उपचार के लिए राममूर्ति अस्पताल भोजीपुरा ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

बताया गया कि घटना को मौके से गुजर रहे अरविंद कुमार और हरीश कुमार निवासी ग्राम जागन डांडी ने भी देखा। मृतक के बेटे राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पिता के अंतिम संस्कार और अन्य क्रियाकर्म में व्यस्त होने के कारण वह पहले रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सके थे।

पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय मीरगंज में करेंगी जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से 11 मार्च को तहसील सभागार मीरगंज में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। जनसुनवाई की अध्यक्षता राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय करेंगी।जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र की महिलाएं घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद सहित अन्य समस्याओं को सीधे महिला आयोग की सदस्य के समक्ष रख सकेंगी। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए जाएंगे, ताकि पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिल सके।प्रशासन की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों, विशेषकर महिलाओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराएं।

### पानी से भरी बाल्टी में गिरने से दो वर्षीय बच्चे की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना शाही क्षेत्र के गांव ठिरिया कल्यानपुर में रविवार की शाम दो वर्षीय मासूम की पानी से भरी बाल्टी में गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।बताया जाता है कि गांव निवासी इंतजार अहमद का दो वर्षीय पुत्र यासर रविवार शाम घर में खेल रहा था। उसी दौरान परिवार के लोग घर में बैठकर भोजन कर रहे थे। खेलते-खेलते मासूम बाथरूम की ओर चला गया, जहां पानी से भरी बाल्टी रखी हुई थी। इसी दौरान वह अचानक बाल्टी में सिर के बल गिर गया।कुछ देर तक बच्चा नजर नहीं आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान वह बाथरूम में बाल्टी में उल्टा पड़ा मिला। आनन-फानन में परिजन उसे निकालकर इलाज के लिए पहले फतेहगंज के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से हालत गंभीर बताकर बरेली रेफर कर दिया गया।बरेली के अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने माता-पिता का सबसे छोटा बेटा था।

### तीन बच्चों की मां प्रेमी संग गई, कोर्ट में बोली- मर्जी से गई थी प्रेमी के साथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** गायब हुई तीन बच्चों की मां को बरामद कर पुलिस ने एसडीएम कोर्ट में पेश किया। महिला ने कोर्ट में दिए बयानों में अपने को बालिग बताया। महिला ने कहा वह परिचित युवक के साथ अपनी मर्जी से गईथी।रसूलपुर निवासी सर्वेश देवी ने एसडीएम कोर्ट में दिए शपथपत्र में कहा उसकी शादी 15 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। उसका सोशल मीडिया के माध्यम से ग्राम अख्त्यारपुर थाना भोजीपुरा निवासी विपिन से संपर्क हुआ। दोनों में बातचीत होने लगी।महिला के शपथपत्र में का है पांच फरवरी को अपनी इच्छा से विपिन के साथ चली गई। दोनों बरेली से ट्रेन से मुंबई गए। मुंबई में 25 दिन एक साथ किराए के मकान में रहे। मुंबई से वे दो मार्च को दोनों लौट कर विपिन के गांव अख्त्यारपुर में रहने लगे। महिला ने कोर्ट में विपिन के साथ रहने की इच्छा प्रकट की। उसके बच्चे अपने पिता बुद्धसेन के साथ रहेंगे। महिला के बयान दर्ज करने के उपरांत एसडीएम आलोक कुमार ने महिला को अपने इच्छित स्थान पर जाने को स्वतंत्र करते हुए पुलिस को महिला को सुरक्षित बताए स्थान पर पहुंचाने का आदेश दिया। पुलिस ने महिला को उसके बताए स्थान पर पहुंचा दिया

### ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ युवक खाते से उड़ाए 35 हजार रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर**

**बहेड़ी।** साइबर अपराधियों ने एक युवक को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाते हुए उसके खाते से 35 हजार रुपये उड़ा दिए। मामले में पीड़ित की तहरीर पर बहेड़ी पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला रामलीला निवासी सौरभ शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 दिसंबर 2025 को शाम करीब 6 बजे उसके मोबा. इल पर एचडीएफसी बैंक के डिजिटल रुपये वॉलेट ऐप के माध्यम से चार ट्रांजेक्शन के मैसेज आए। इन ट्रांजेक्शन के जरिए पहले रकम वॉलेट में ट्रांसफर की गई, और उसके बाद अतीकुल रहमान के एक्सिस बैंक खाते में भेज दी गई। पीड़ित के अनुसार ठगों ने शाम 6:02 बजे 10-10 हजार रुपये के तीन ट्रांजेक्शन और 6:11 बजे 5 हजार रुपये का ट्रांजेक्शन कर कुल 35 हजार रुपये निकाल लिए। जब तक उसे मामले की जानकारी हुई तब तक रकम दूसरे खाते में ट्रांसफर हो चुकी थी। पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद संबंधित खाते में ट्रांसफर की गई रकम को होल्ड करा दिया गया है। बहेड़ी पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

### जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीएम श्री धौरेरा के छात्रों का रहा दबदबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पीएम श्री विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में ब्लॉक नवाबगंज के धौरेरा स्थित पीएम श्री विद्यालय के छात्रों का ही दबदबा रहा। प्रतियोगिता के बालक वर्ग की वालीबॉल, कबड्डी और योगा में धौरेरा विद्यालय के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में कबड्डी और योगा में पहला स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र हिमांशु ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम और 50 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र कमल ने 100 मीटर दौड़ में दूसरा, योगा में खुशी और मोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विनीता कुमारी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विजई छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेमबावू गंगवार, योगा शिक्षिका अनीता गंग. वार, विज्ञान शिक्षक राजेश कुमार, मुकेश कुमार, धर्मवीर मौजूद रहे। जिला स्तरीय इस खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय का नाम रोशन करने पर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के शिक्षकों को बधाई दी है।

### एडम्स स्कूल में उत्साह के साथ हुआ रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के एडम्स स्कूल में सोमवार को उत्साहपूर्ण माहौल में रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पीच, स्किट, ड्रामा और प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण ऊर्जा और उत्साह से भर गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि स्कूल के एमडी गुलरेज अली और चेयरपर्सन शाइस्ता अली ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इसके बाद विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सर्टिफिकेट और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। समारोह में बेस्ट असेंबली परफॉर्मर, बेस्ट स्पीकर, बेस्ट अटेंडेंस, बेस्ट डिसिप्लिन और स्कूल टॉपर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं यूकेजी कक्षा के बच्चों को नर्सरी ग्रेजुएट सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया गया। सभी कक्षाओं के मेधावी छात्रों को सर्टिफिकेट, मेडल, ट्रॉफी और गिफ्ट देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड के साथ गिफ्ट पैक भी वितरित किए गए। इस अवसर पर एमडी गुलरेज अली ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता की यह शुरुआत है, और बच्चों को लगातार मेहनत कर अपने सपनों को साकार करने का प्रयास करना चाहिए। वहीं चेयरपर्सन शाइस्ता अली ने कहा कि शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने की सबसे बड़ी कुंजी है और अनुशासन के साथ पढ़ाई कर विद्यार्थी अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकते हैं।

समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ ने भी सक्रिय सहयोग दिया। इस दौरान अंकित गुप्ता, रितेश गुप्ता, रिजवान अहमद, सपना अग्रवाल, नेहा मिश्रा, जोबिया जाफरी, माहिरा जाफरी, हुमा, गुलफ्शा, आशना, सुबहान अहमद, फिजा अंसारी, फरीन अंसारी, सबा और मुस्कान समेत अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# 14 मार्च को बरेली में लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**■ 11 से 13 मार्च तक विशेष लोक अदालत, छोटे मामलों के निस्तारण पर रहेगा जोर**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली प्रदीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आगामी 14 मार्च 2026 (शनिवार) को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

अपर सिविल जज (सी.डि.) एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जया प्रियदर्शिनी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लघु प्रकृति के वाद, चलानी वाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट से संबंधित मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के वाद तथा बैंक ऋण से संबंधित मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते और सहमति के आधार पर किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी एवं अपर जिला जज उमा शंकर कहार ने बताया कि लोक अदालत में ऐसे मामलों का त्वरित और सरल समाधान कराया जाता है, जिससे पक्षकारों को समय और धन दोनों की बचत होती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व जनपद में 11 मार्च से 13 मार्च तक तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत का भी आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत में लघु आपराधिक मामलों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके लिए सभी न्यायालयों द्वारा उपयुक्त वादों का चयन किया गया है, जिनका सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आम जनता से अपील की गई है कि विशेष लोक अदालत तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने लंबित मामलों का शीघ्र और सरल निस्तारण कराएं।

प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जनपद में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# नामांकन पत्रों की जांच के बाद बदली चुनावी तस्वीर

**■ कई प्रत्याशियों ने लिया नाम वापस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। चुनाव अधिकारी देवेश कुमार शर्मा व सहायक चुनाव अधिकारी जयदीप सिंह गंगवार ने सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों का परीक्षण किया। जांच के दौरान त्रुटि पाए जाने पर उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी रमेश चंद्र का नामांकन निरस्त कर दिया गया। जांच के बाद कई प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए, जिससे चुनावी समीकरण बदल गए।

अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रियेंद्र सिंह और मजहर हुसैन ने नाम वापस ले लिया। वहीं महासचिव पद से भगवान सिंह और मोर सिंह तथा सहसचिव पद से अशोक कुमार भी चुनावी मैदान से हट गए।

पूर्व अध्यक्ष सतीश चंद्र किसी कारणवश निर्धारित समय में नाम वापसी नहीं कर सके, लेकिन बाद में उन्होंने स्वयं को चुनाव से अलग बताते हुए महासचिव पद के प्रत्याशी हरीश कुमार को अपना समर्थन देने की घोषणा कर दी।नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अध्यक्ष पद के लिए हबीबुल खां, नवीन कुमार सिंह और अशोक उपाध्याय के बीच मुकाबला होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नवीन कुमार सिंह और धर्मवीर सिंह आमने-सामने होंगे। उपाध्यक्ष पद के लिए अरविंद कुमार प्रथम और मोहम्मद रईस चुनाव लड़ेंगे। महासचिव पद पर अशोक कुमार और हरीश कुमार के बीच सीधी टक्कर रहेगी, जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए मोर सिंह और श्वेता गुप्ता मैदान में हैं।

वहीं सहसचिव के दो पदों पर केवल एक-एक नामांकन होने के कारण प्रेमपाल मौर्य और राजवीर सिंह का निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है। ऑडीटर पद पर भी अरविंद कुमार द्वितीय निर्विरोध निर्वाचित होंगे।

चुनाव अधिकारी ने बताया कि नाम वापसी के बाद अब चुनाव की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला होगा, जबकि अन्य प्रमुख पदों पर सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा। बार एसोसिएशन का मतदान 23 मार्च को कराया जाएगा।

# मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रालियों ने बिगाड़ी सड़क

**■ ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील क्षेत्र के गांव कुल्छा खुर्द में अवैध खनन से मिट्टी ढोने वाले ट्रैक्टर-ट्रालियों के कारण गांव की सीसी रोड और बिजली का पोल क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे नाराज ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि हाइवे-24 के पास जनपद रामपुर की तहसील मिलक क्षेत्र के नगला गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा जमीन खरीदकर बिना अनुमति के अवैध रूप से मिट्टी का खनन कराया जा रहा है। बताया गया कि गांव के पास बह रही नाहल नदी के किनारे स्थित खेत से जेसीबी मशीनों के जरिए मिट्टी खोदकर दूसरी जगह पटान कराया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार रात करीब 12 बजे से लेकर सुबह तक मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रालियां गांव की आबादी के बीच से गुजरती हैं। इन भारी वाहनों की आवाजाही से दो-तीन माह पहले ग्राम निधि से बनी सीसी रोड बुरी तरह टूट गई है। साथ ही गांव में वीर सिंह के घर के पास चौराहे पर लगा बिजली का पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि जब उन्हें इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने रात में खनन कर रहे लोगों को रोकने की कोशिश की। ग्रामीणों को देखते ही ट्रैक्टर चालक मिट्टी पलटकर अपने वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और क्षतिग्रस्त सड़क व बिजली के पोल को जल्द ठीक कराने की मांग की है। शिकायत करने वालों में केसरी लाल, कुलदीप, अजय, होते लाल मौर्य, महेंद्रपाल, नौरतन, बनवारी लाल, तेजपाल, वीर सिंह, वेद प्रकाश मौर्य, संजीव, कुलदीप मौर्य, धर्मेंद्र सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

# स्कूल खोले जाने की मांग को लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने लगी क्लास

**■ एबीएसए ने कहा हमारे हाथ में नहीं है स्कूल खोलना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** भदपुरा ब्लॉक में खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के सामने सोमवार को पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष एड सुनीता गंग. वार ने जादोपुर का स्कूल खोले जाने के मांग को लेकर कक्षाएं लगाई व बच्चों को वहीं पढ़ाया। पिछले दो माह से संस्था अध्यक्ष शिक्षा विभाग और प्रशासन के चक्कर काटते हुए तमाम जिला प्रशासन तक पत्राचार करने के बाद भी जब स्कूल नहीं खुला तो आक्रोशित होकर संस्था अध्यक्ष ने खंड शिक्षा अधिकारी भदपुरा के कार्यालय के आगे धरना देने का फैसला किया।

लगभग 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संस्था अध्यक्ष एड सुनीता गंगवार ने बच्चों की कक्षा लगाकर उन्हें पढ़ाया। संस्था अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों के शिक्षा के मौलिक अधिकार की हत्या की जा रही है। लगभग 1 वर्ष हो गया स्कूल नहीं खुला, जबकि सरकार व कोर्ट के निर्देशानुसार 1 किलोमीटर से ऊपर के सभी स्कूल खोल दिए जाने के आदेश की पूरी तरह से शिक्षा विभाग ने धज्जियां उड़ाई हैं। सुनीता गंगवार ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से भी मिलकर इस समस्या के लिए गुहार लगाई, लेकिन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पूरी तानाशाही पर हैं, जो प्रशासनिक अधिकारियों तक का फोन नहीं उठाती हैं, तो आम आदमी का फोन कैसे उठाएंगी। ऐसा लगता है कि वह लोक सेवक नहीं पब्लिक के ऊपर राज करने वाली राजा है। यह रवैया है शिक्षा विभाग के अधिकारियों का। इस स्कूल को तीन बार नापने की भी नौटंकी की जा चुकी है, उसके बावजूद प्रक्रिया के नाम पर उलझा कर रखा है और बच्चों के भविष्य के साथ शिक्षा विभाग पूरी तरह से खिलवाड़ कर रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी ने उसके पश्चात आश्वासन दिया कि नए सत्र 1 अप्रैल से स्कूल खोल दिया जाएगा, और इस वर्ष की बच्चों की परीक्षाएं ग्राम में ही कराई जाएंगी। इस पर सुनीता गंगवार ने धरना समाप्त करने की घोषणा की, कहा यदि 1 अप्रैल के बाद स्कूल नहीं खुलता है तो अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

धरने में संस्था के कोषाध्यक्ष वहीद अहमद अंसारी ने कहा कि बच्चों के साथ खिलवाड़ करने के लिए उनके भविष्य पर प्रश्न चिन्ह न लगे, इसके लिए हमें जहां तक संघर्ष करना पड़ा वहां तक संघर्ष करेंगे। धरने में संस्था के ब्रह्मानंद गंगवार, राम रतन गंगवार, राजेश्वर यादव आदि शामिल रहे।

# बहेड़ी के अपराधी इमरान पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**■ जिला बदर कर पुलिस ने उत्तराखंड बॉर्डर तक छोड़ा**
**■ दोबारा घुसने पर होगी कड़ी कार्रवाई**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बरेली जिले में कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के लिए पुलिस और प्रशासन अपराधियों पर लगातार शिकंजा कस रहा है। इसी कड़ी में बहेड़ी थाना क्षेत्र के मोहल्ला मोहम्मदपुर निवासी अपराधी इमरान को जिला प्रशासन के आदेश पर जिलाबदर कर दिया गया।

पुलिस ने प्रशासनिक निर्देशों के तहत इमरान को बरेली जिले की सीमा से बाहर करते हुए उत्तराखंड बॉर्डर तक पहुंचाकर छोड़ दिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने उसे कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जिला बदर की अवधि के दौरान यदि वह दोबारा बरेली जिले की सीमा में प्रवेश करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस के अनुसार, इमरान की आपराधिक गतिविधियां क्षेत्र की शांति व्यवस्था के लिए लगातार चुनौती बन रही थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई करते हुए जिले से बाहर रहने के आदेश जारी किए। अधिकारियों का कहना है कि अपराध और असामा. जिक तत्वों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी व्यक्ति को कानून व्यवस्था बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी, और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# बहगुल नदी में डूबे किशोर का मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र में बहगुल-भाखड़ा नदी के संगम पर डूबे 12 वर्षीय किशोर का शव सोमवार सुबह बरामद हो गया। गांव रहपुरा जागीर निवासी प्रवीन पुत्र नन्हेलाल रविवार को अपने साथियों के साथ नहाने गया था, जहां हादसे में वह नदी में बह गया था।

सोमवार सुबह करीब नौ बजे राहत टीम मौके पर पहुंची और तलाश अभियान शुरू किया गया। करीब साढ़े दस बजे डूबने वाली जगह से लगभग तीन किलोमीटर दूर नदी में बहकर आया प्रवीन का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि प्रवीन अपने तीन साथियों दीपक, विपिन और बॉबी के साथ गांव पनवड़िया के पास बहगुल और भाखड़ा नदी के संगम पर नहाने गया था। नदी में उतरते ही चारों किशोर गहराई में चले गए।



चीख-पुकार सुनकर खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने तुरंत नदी में कूदकर तीन किशोरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि प्रवीन तेज बहाव में बह गया।

सूचना पर थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश कराई, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद एसडीएम मीरग. ंज आलोक कुमार सिंह के निर्देश पर राहत टीम को लगाया गया। सोमवार को शव मिलने के बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रवीन तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। उसके पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। उधर मृतक की मां उषा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र आसिफ को उसके द्वारा गलत व अभद्र व्यवहार और अपमानित करने, आर्थिक नुकसान पहुंचाने और धमकियां देने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व परिवार के कोई सदस्य उपरोक्त आसिफ के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**शमशाद पुत्र नौशे**
**निवासी ग्राम सिंगतरा थाना देव. रनियां तहसील बहेड़ी जिला बरेली**

# बाइकों और कार भिड़ंत में तीन घायल, दो की हालत गंभीर

**■ रेपफर के नाम पर पैसे मांगने का आरोप, परिजनों ने सीएमओ से की शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के जाजूनागर के पास एक मोटरसाइकिल और तेज रफ्तार कार की आमने-सामने टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और ग्रामीणों की मदद से घायलों को इलाज के लिए बहेड़ी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।

हादसे में फरमान पुत्र रहमत हुसैन, फुरकान पुत्र रहमत हुसैन तथा एक राहगीर वहीद अहमद घायल हो गए।

अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने फरमान, फुरकान और वहीद अहमद की हालत गंभीर बताते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए बरेली रेफर कर दिया। इस दौरान घायलों के परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर पर इलाज और रेफर करने के नाम पर पैसे मांगने का आरोप लगाया।

आरोप है कि इसको लेकर अस्पताल में काफी देर तक हंगामे जैसी स्थिति बनी रही। परिजनों ने फोन पर बरेली के सीएमओ से शिकायत भी की। शिकायत की जानकारी मिलते ही अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं घटना के बाद अस्पताल परिसर में काफी देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही।

# फर्जी वीजा बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## फिनलैंड-रूस भेजने के नाम पर ठगी करते थे, एक गिरफ्तार, 24 फर्जी वीजा बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर फर्जी वीजा तैयार करके ठगी करने वाले एक गिरोह का सोमवार को पर्दाफाश किया। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 8 पासपोर्ट, 90 विजिटिंग कार्ड, 24 फर्जी वीजा (फोटो कॉपी), एक फर्म रजिस्ट्रेशन, 2 फर्म सर्टिफिकेट, 2 मोहर, 3 मोबाइल फोन और 47,000 रुपए नकद बरामद हुए।



थाना बिसरख में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी सक्षम शर्मा और राजीव शर्मा ने उन्हें विदेश भेजने के लिए वर्क वीजा तैयार करने का भरोसा दिया था। उन्होंने शिकायतकर्ता का पासपोर्ट लेकर फर्जी वीजा तैयार किए और उन्हें व्हाट्स एप से भेज दिया। इस तरह आरोपियों ने कई लोगों से लाखों की ठगी की। शिकायत के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच के लिए एक टीम का गठन किया। बिसरख पुलिस टीम ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से आरोपी सक्षम शर्मा उर्फ बिट्टू पुत्र पालाराम को सोमवार को एटीएस रोड से गिरफ्तार किया। दूसरे आरोपी राजीव शर्मा उर्फ सुरेंद्र की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

**80 हजार से एक लाख तक फीस वसूलते थे:** डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि सक्षम शर्मा और राजीव शर्मा गौर सिटी मॉल में श्स्काई वीजा वेंचरश नाम से ऑफिस चला रहे थे। बिट्टू अपना फर्जी नाम सक्षम शर्मा और सुरेंद्र अपना फर्जी नाम राजीव शर्मा बताकर कॉलिंग और अन्य माध्यमों से लोगों से संपर्क करते थे। आरोपी फिनलैंड, पोलैंड और रूस जैसे देशों में वर्क वीजा तैयार करने का भरोसा देकर पासपोर्ट प्राप्त करते थे। प्रत्येक ग्राहक से 80 हजार से 1 लाख रुपये तक की फीस तय कर वसूली जाती थी। कुछ लोगों के साथ विदेश भेजने और नौकरी की गारंटी के एग्रीमेंट भी तैयार किए गए थे।

जब ग्राहक वीजा और अपना पासपोर्ट मांगते थे, तो आरोपी फर्जी वीजा तैयार कर उनके फोन पर भेज देते थे। ग्राहकों द्वारा संबंधित दूतावास से जानकारी करने पर पता चला कि वीजा फर्जी और कूट रचित थे। आरा. पी द्वारा बताया गया कि वह लोगो को विदेश भेजने के नाम पर फर्जी वीजा आदि तैयार करने का काम करता था जिसके सम्बन्ध में पूर्व में थाना मेडिकल जनपद मेरठ तथा पानीपत हरियाणा में भी मुकदमा पंजीकृत है। अभियुक्तगण द्वारा मिलकर सैंकडों लोगो के साथ लाखो रूपये की ठगी की गई है।

# नारी सशक्तिकरण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 'नारी लीड्स स्वच्छता' पहल का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-33ए स्थित शिल्प हाट में अंत. रराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के उपलक्ष्य में सात दिवसीय 'नारी लीड्स स्वच्छता' अभियान की शुरुआत की गई। इस पहल का उद्घाटन अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम के दौरान वंदना त्रिपाठी ने 'छंतप स्मंकेॅबींज' अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाली सात दिवसीय गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्वच्छता और नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न तिथियों पर अलग-अलग विषयों पर गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

अभियान के पहले दिन सोमवार को स्वच्छता जागरूकता वॉक तथा साड़ी वॉकथॉन का आयोजन किया गया। 10 मार्च को "महिला स्वच्छता चैंपियंस" कार्यक्रम आयोजित होगा, जबकि 11 मार्च को महिला स्वच्छता चैंपियंस की प्रेरणादायक कहानियों को साझा किया जाएगा। 12 मार्च को "अपशिष्ट से धन" विषय पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 13 मार्च को महिलाओं की भागीदारी के साथ बाजारों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर सामुदायिक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। वहीं 14 मार्च को महिला सशक्तिकरण और स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक, कविता, गीत जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान नोएडा प्राधिकरण में कार्यरत स्वच्छता से संबंधित महिला कर्मचारियों के लिए वेलनेस कैंप का भी आयोजन किया गया। इसमें फेलिक्स अस्पताल द्वारा स्वास्थ्य जांच और हेल्थ कैंप लगाया गया, जिसमें लगभग 450 महिला कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके साथ ही महिलाओं के लिए शारी. रिक व्यायाम के तहत जुम्बा सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इसके अलावा शहरी एवं आवास विकास मंत्रालय के स्वच्छ सर्वेक्षण कार्यक्रम के तहत उपस्थित लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों जैसे सस्टेनेबल प्लास्टिक उत्पाद, खाद-कम्पोस्ट उत्पाद तथा अपसाइकिल्ड क्राफ्ट्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

कार्यक्रम में नोएडा क्षेत्र में स्वच्छता कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली सफाई मित्र महिलाओंख्रसुधा देवी, शीना, शांति देवी, विमलेश सोनू, सविता, ओमवती सहित अन्य महिलाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं जैसे रानु काला, अनीता जोशी, गरिमा त्रिपाठी, गीता नाथ, श्रेया शर्मा, अंजली सचदेवा, नमिता चौबे, कविता डोभाल, रंजिता तलेंजा, माया कुलश्रेष्ठ, डॉ. अनुपमा बिसारिया और अनीता अरोड़ा को सम्मानित किया गया।

## छात्रों को विस्तृत उत्तर लिखने में लगा समय

**नोएडा।** जनपद में 60 केंद्रों पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा सोमवार को हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उर्दू विषय की परीक्षा हुई। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की मनोविज्ञान और शिक्षाशास्त्र विषय की परीक्षा हूई। पहली पाली में हाईस्कूल की उर्दू विषय की परीक्षा में 32 में से 30 छात्र मौजूद रहे। 2 ने परीक्षा छोड़ दी। इंटरमीडिएट की उर्दू विषय की परीक्षा में केवल की एक ही छात्र ने परीक्षा दी। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की मनोविज्ञान और शिक्षाशास्त्र की परीक्षा में 846 में से 786 छात्रों ने परीक्षा दी, 60 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकल रहे छात्रों ने प्रश्नपत्र को आसान बताया।

# महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार, गौतम बुद्ध नगर में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें सदस्य के समक्ष प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में महिलाओं से संबंधित लगभग 50 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा, भरण-पोषण, उत्पीड़न मामले प्रमुख रूप से शामिल रहे।




जनसुनवाई के दौरान माननीय सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला ने सभी फरियादी महिलाओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा प्रत्येक मामले का संज्ञान लेते हुए मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर अनुश्रवण करते हुए उनका समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिल सके और उनकी समस्याओं का समाधान पारदर्शी एवं संवेदनशील तरीके से किया जा सके।

सदस्य ने बैठक में उपस्थित पुलिस विभाग, महिला कल्याण विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि कार्यालयों में आने वाली फरियादी महिलाओं की समस्याओं को अत्यंत संवेदनशीलता, सहानुभूति और मधुर व्यवहार के साथ सुना जाए। उन्होंने कहा कि कई बार महिलाएं सामाजिक और पारिवारिक दबाव के कारण अपनी समस्याएं खुलकर नहीं रख पाती हैं, ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे उन्हें भरोसा दिलाएं और न्याय दिलाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाएं।

डॉ. मीनाक्षी भराला ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग का उद्देश्य महिलाओं को न्याय दिलाने के साथ-साथ उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना भी है। आयोग यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि किसी भी महिला को अन्याय या उत्पीड़न का सामना न करना पड़े तथा उसकी शिकायत का त्वरित और निष्पक्ष समाधान हो।

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में माननीय सदस्य द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित महिला अधिकारियों, कर्मचारियों तथा फरियादी महिलाओं को पौधे भेंट कर उन्हें महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दी गईं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी, एडिशनल पुलिस कमिश्नर मुख्यालय अजय कुमार, डीसीपी महिला सुरक्षा अनुकृति शर्मा, एसीपी दीक्षा सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, एसीएमओ टीकम सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पीजी में खाना बनाते समय सिलिंडर हो गया ब्लास्ट, लाखों का सामान जलकर खाक

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के बीटा वन के डी-73 ब्लॉक स्थित पीजी में सिलिंडर फटने से मचा हड़कंप। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर पाया काबू। कोई हताहत नहीं हुआ। यह हादसा पीजी में खाना बनाते समय गैस सिलिंडर में आग लगने से हुआ। हालांकि, सिलिंडर फटने से लाखों रुपये के नुकसान होने की बात कही जा रही है। फिलहाल, थाना बीटा टू पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग की लपटों को काबू कर लिया है।

### बाथरूम में नहा रही महिला के साथ छेड़छाड़, पड़ोसी पर मुकदमा दर्ज

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** जेवर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बाथरूम में नहाते समय पड़ोसी युवक ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़िता ने बताया कि बुधवार कि दोपहर वह अपने घर के बाथरूम में नहा रही थी। महिला ने बताया कि बाथरूम में दरवाजा नहीं है, जिसका फायदा उठाते हुए आरोपी पवन बाथरूम में अंदर घुस आया। इसी बीच आरोपी ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़िता ने यह बात अपने पति को बताई। इसके बाद पति-पत्नी दोनों कोतवाली पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बाल अपचारी के साथ फोन झपटने वाला गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** पुलिस ने बाल अपचारी के साथ मिकलकर राहगीरों से मोबाइल फोन झपटमारी करने वाले शातिर बदमाश को दबोच लिया। उसके छह मोबाइल फोन, एक बाइक और एक अवैध हथियार बरामद हुआ। पुलिस ने बाल अपचारी को भी अभिरक्षा में लिया है।एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि रविवार शाम थाना क्षेत्र में पुलिस टीम जांच कर रही थी। तभी बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक मिले। उन्हें रोककर बाइक के दस्तावेज मांगे तो वह दिखाने में असमर्थ रहे। पूछताछ करने पर पता चला कि बाइक पर पीछे बैठा युवक नाबालिग है। उसे अभिरक्षा में ले लिया। बाइक चलाने वाले की पहचान जिला हरदोई के कृपालपुर गांव निवासी अरुण के रूप में हुई। दोनों वर्तमान में होशियापुर गांव में किराए पर रहते हैं। इनके पास से छह मोबाइल फोन और एक अवैध हथियार बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बाल अपचारी के साथ मिलकर लोगों से मोबाइल फोन छीनता और चोरी करता है। छीने गए मोबाइल फोन को मजबूरी बताकर राह चलते व्यक्तियों को ओने-पौने दामों में बेच देता है।

### बातों में उलझाकर महिला के कुंडल ले भागे बदमाश

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सदरपुर गांव में रहने वाली महिला से पता पूछने के बहाने बातों में उलझाकर तीन टप्पेबाज गहने उतरवा ले गए। महिला ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रविवार को मुकदमा दर्ज कराया।सेक्टर-45 स्थित सदरपुर गांव में रहने वाली कविता ने पुलिस को बताया कि वह परिवार संग रहती हैं। वह 24 जनवरी को अपनी बेटी को स्कूल से लेने जा रही थीं। रास्ते में एक अनजान व्यक्ति और महिला मिले। व्यक्ति ने आनंद विहार जाने का पता पूछा। महिला ने सेक्टर-37 पहुंचकर वहां से साधन मिलने की बात कही।

इसी दौरान दूसरा व्यक्ति भी आ गया और कविता की बात का समर्थन किया। इसी बीच महिला ने कविता के चेहरे पर कुछ छिड़क दिया। तीनों ने मिलकर कविता से कुंडल समेत गहने उतरवा लिए और कविता को सड़क किनारे बैठाकर चले गए। कुछ देर बाद कविता मूर्छितावस्था से बाहर आई और घर पहुंचकर पति को आपबीती सुनाई। महिला ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मुक. दमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

# पत्नी से अभद्रता का विरोध करने पर युवक पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में पत्नी से अभद्रता का विरोध करने पर एक युवक पर ईंट से हमला किया गया। इसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने सोमवार को दनकौर कोतवाली में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में काम करती थीं। वहीं काम करने वाले एक युवक ने कुछ महीने पहले उन्हें डरा-धमकाकर उनकी अश्लील तस्वीरें ले लीं। इसके बाद वो लगातार महिला को ब्लैकमेल करने लगा। इससे परेशान महिला ने वो कंपनी छोड़ दी और दनकौर कस्बे में एक अन्य व्यक्ति के घर काम करने लगी। फिर भी आरोपी अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर गलत काम करने का दबाव बना रहा था। महिला सोमवार को जब काम से लौट रही थी, तभी आरोपी ने रास्ते में उसे रोक लिया। उसने महिला के साथ अभद्रता की और अश्लील तस्वीरें वायरल करने की धमकी दी। इसी दौरान महिला का पति मौके पर पहुंच गया। पति ने आरोपी की हरकत का विरोध किया। इस पर आरा. पी ने गुस्से में आकर युवक पर ईंट से हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर में गंभीर चोट आई, जिसके बाद परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए। पीड़ित महिला ने बताया कि कुछ महीने पहले आरोपी ने उस पर भी ईंट से हमला किया था। दनकौर कोतवाली पुलिस ने बताया कि उन्हें शिकायत प्राप्त हुई है।

## दो आरोग्य मंदिर को प्रमाणपत्र मिलेगा

**यमुना सिटी।** जेवर के मेहंदीपुर और रामपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) का प्रमाणपत्र मिलेगा। एक महीने पहले केंद्र सरकार की टीम दोनों स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा कर सुविधाओं का जायजा ले चुकी है। स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के आधार पर केंद्र सरकार की ओर से एनक्यूएएस प्रमाणपत्र दिया जाता है। इन सुविधाओं में दवाएं, जांच, स्वच्छता, मरीजों का अधिकार सहित कई पहलुओं की जांच की जाती है। जिले में पहले से ही चार चिकित्सकीय संस्थानों को यह प्रमाणपत्र मिल चुका है। इनमें तीन स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल शामिल हैं। पिछले दो सालों में यह प्रमाणपत्र इन संस्थानों को मिला है। जेवर के दोनों स्वास्थ्य केंद्रों को प्रमाण पत्र मिलने के बाद कई अन्य स्वास्थ्य केंद्रों को भी इस श्रेणी में लाने की तैयारी स्वास्थ्य विभाग करेगा।

# 70 करोड़ खर्च करने के बावजूद दूषित पानी की समस्या बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों, सोसायटियों और गांवों में लोग दूषित पानी और बेहतर आपूर्ति व होने से निवासी परेशान है तो वहीं प्राधिकरण का लेखाजोखा बताता है कि बेहतर पानी आपूर्ति को 70 करोड़ 41 लाख रुपये सालभर में खर्च किए गए हैं। करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी सेक्टरों, सोसायटियों और गांवों में दूषित पानी की आपूर्ति नहीं रोकी जा सकी। दो महीने पहले सेक्टर डेल्टा एक व दो, अल्फा में दूषित पानी की सप्लाई और उससे सेवन से 100 से अधिक लोग बीमार पड़ गए थे। टीडीएस सोमवार को भी कई सेक्टरों व सोसायटियों में 900 से ऊपर है। बिना आरओ के लोगों का गुजारा नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी पानी की गुणवत्ता और आपूर्ति में सुधार क्यों नहीं हो रहा।

**पानी पाइपलाइन टूटना आम:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से वर्ष 2025 में 70,41,86,932 रुपये जलापूर्ति और संचालन में खर्च किए गए। वर्ष 2024 में यह आंकड़ा 83 करोड़ 81 लाख रुपये था। हर साल इतने पैसे खर्च हो रहे हैं, लेकिन पानी की पाइपलाइन टूटने का सिलसिला आज भी जारी है। दो दिन पहले सेक्टर बीटा-1 स्थित विश्वभारती पब्लिक स्कूल के पास पानी की पाइपलाइन टूट गई थी। पाइपलाइन टूटने से गंदा पानी घरों में पहुंचने लगता है। सेक्टर डेल्टा एक में दूषित पानी के सेवन का कारण भी यही था।

यहां सीवर और पानी की पाइपला. इन आसपास थी। दोनों के टूटने पर सीवर का पानी घरों तक पहुंच गया। सेवन से लोग बीमार पड़ गए थे।

**पाइपलाइन दुरुस्त करने का सिर्फ आश्वासन:** शहर को बसे करीब 30 साल हो गए हैं। पानी की पाइपला. इन इससे भी पुरानी हैं। पुरानी लाइन होने के कारण आए-दिन टूटती रहता हैं। कुछ मामलों में फाइबर लाइन व सीएनजी के पाइपलाइन डालने के दौरान खोदाई होने पर टूट गई।लाइन ठीक करने के लिए कई बार प्राधिकरण से शिकायत की गई, लेकिन आज तक समस्या जस की तस बनी हुई है।

# शहर के उद्यमियों ने डीएम को बताई समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उद्यमियों की संस्था नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन (एनईए) का एक प्रतिनिधिमण्डल अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन के नेतृत्व में गौतमबुद्ध नगर की डीएम मेधा रूपम से सेक्टर-27 स्थित कार्यालय में मिला। इस दौरान उद्यमियों ने डीएम को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। वहीं जनपद के विभिन्न जगहों पर बदहाल हो चुकी सड़कों की मरम्मत कराने की मांग उद्यमियों ने डीएम से की।



नोएडा के सेक्टर-27 स्थित डीएम कैंप कार्यालय पर डीएम से मुलाकात के दौरान एनईए अध्यक्ष ने बताया कि विगत 2 वर्षों से नोएडा की सभी सड़कें टूटी पड़ी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे हो रखें है, जिसमें लोगों का चलना भी दूभर हो गया है, सड़के टूटी होने के कारण वाहनों को भी क्षति पहुँच रही है और यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ सड़कों पर उड़ती धूल के कारण वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने डीएम से कहा कि प्राधिकरण का ध्यान इस ओर आकर्षित कर 2 माह में सड़कों की मरम्मत करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करें। जिससे लोगों को सड़कों पर चलना सुगम हो सके।

बैठक के दौरान एनईए प्रति. निधिमंडल ने कहा कि नोएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट शीघ्र ही शुरू होने वाला है। यमुना औद्योगिक क्षेत्र की ओर जाने वाले मार्ग जो कि नोएडा एक्सप्रेस-वे की ओर जाता है। उसमें 2-2 घंटे तक जाम लगा रहता है। उन्होंने कहा कि जब तक नोएडा से परी चौक तक प्राधिकरण द्वारा सड़क नहीं बनाई जाती तब तक सेक्टर-94 से शुरू होकर सेक्टर-150 तक जाने वाला पुस्ता बाध रोड़ की मरम्मत यदि प्राधिकरण करवा दे तो इससे काफी हद तक यातायात सुगम हो जाएगा और एयरपोर्ट तक पहुँचने में भी लोगों को आसानी होगी।

एनईए प्रतिनिधिमंडल द्वारा बताई गई उक्त सभी समस्याओं को सुनने के बाद डीएम ने कहा कि इस संदर्भ में हमें पत्र लिख कर दे दें। जिससे संबंधित प्राधिकरण को इस संदर्भ में निर्देशित किया जा सके । प्रतिनिधिमंडल में एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन, महासचिव वीके सेठ, उपाध्यक्ष मयंक गुप्ता, सचिव राहुल नैय्यर सहित अन्य शामिल रहें।

# सात साल की बच्ची से पड़ोसी ने की छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-113 थाना के डूब क्षेत्र की एक कॉलोनी में सात साल की बच्ची के साथ पड़ोसी द्वारा छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।पुलिस के मुताबिक, डूब क्षेत्र की एक कॉलोनी में दंपति दो बेटियों के साथ रहता है।

वह मूलरूप से बिहार के रहने वाले हैं। बच्चियों के माता-पिता मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। शनिवार दंपति मजदूरी करने गए थे। दोपहर करीब ढाई बजे उनकी सात वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी। आरोप है कि तभी पड़ोस में मूलरूप से झारखंड का रहने वाला कृष्णा वेदिया नामक व्यक्ति बच्ची के पास आया और अश्लील हरकत करने लगा। बच्ची ने विरोध किया और रोते हुए घर के अंदर चली गई। शाम के समय जब बच्ची के माता-पिता मजदूरी करके घर लौटे तो बेटी को गुमसुम देख संदेह करने लगे। उन्होंने खाना खाने के लिए कहा तो उसने इन्कार कर दिया। किसी तरह बच्ची की मां ने पूछा तो उसने आपबीती बताई। रविवार को पीड़ित परिवार बच्ची को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को पूरी जानकारी दी। पुलिस ने सूचना मिलते ही मामले की जांच शुरू की और बच्ची का मेडिकल कराया। मेडिकल में बच्ची के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले। पुलिस ने बच्ची के बयान के आधार और पिता की लिखित शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# महाप्रबंधक समेत तीन अफसरों को नोटिस जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना सिटी में विकास परियोजनाओं के लिए भूमि देने वाले किसानों को रजिस्ट्री के बाद भी रकम नहीं मिल पा रही। ऐसे में यीडा सीईओ ने वित्तीय विभाग के जीएम समेत तीन अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया।यीडा सीईओ आरके सिंह सोमवार को जन सुनवाई कर रहे थे। इस दौरान एक किसान ने बताया कि विकास परियोजनाओं के लिए यीडा ने उसकी भूमि खरीदी है। 15 दिन पूर्व रजिस्ट्री भी हो चुकी, लेकिन अफसरों ने उनके खाते में अब तक पैसा जमा नहीं किया।

इसे लेकर कई बार चक्कर लगा चुके, वित्तीय विभाग तरह तरह की बात कहकर उन्हें गुमराह कर रहा। सीईओ ने वित्त विभाग के अधिकारियों को तलब किया। पैसा नहीं जारी करने का कारण पूछा। सीईओ के फटकार लगाने के बाद किसान को एक घंटे में पैसा आने का भरोसा दिया गया। वहीं, मामले को गंभीरता से लेते हुए सीईओ ने वित्त विभाग के महाप्रबंधक अशोक कुमार सिंह, डीजीएम आलोक कुमार और एक अन्य अफसर सलीम खान को नोटिस जारी करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि यह अंतिम चेतावनी है। यदि दोबारा ऐसा प्रकरण आया तो इनके खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को डीजीसीए एरोड्रोम लाइसेंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नागरिक उड्डयन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तहत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को नागरिक उड्डयन महा. निदेशालय (डीजीसीए) द्वारा एरोड्रोम लाइसेंस प्रदान कर दिया गया है। इसके साथ ही एयरपोर्ट के संच. ालन की दिशा में एक और बड़ा कदम पूरा हो गया है। लाइसेंस सौंपने के दौरान एयरपोर्ट ऑपरेटर के साथ शेष प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द पूरा करने पर भी चर्चा की गई, ताकि एयरपोर्ट को शीघ्र ही पूरी तरह से चालू किया जा सके।

जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को देश की सबसे महत्वपूर्ण विमानन परियोजनाओं में से एक माना जा रहा है। क्षेत्रफल के लिहाज से यह एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट क्षेत्रों में शामिल है। इसे एक बड़े एविएशन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें इंटीग्रेटेड एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल) तथा एयर कार्गो सुविधाएं भी होंगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह एयरपोर्ट भारत के विमानन तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ व्यापार, निवेश और कनेक्टिविटी को भी नई गति देगा। इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का विमानन क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है। देशभर में विश्वस्तरीय हवाई अड्डों का विकास किया जा रहा है, जिससे कनेक्टिविटी बढ़ेगी और आर्थिक विकास को नई ऊर्जा मिलेगी।

# एयरपोर्ट प्रभावितों के रोजगार पर अहम बैठक

**यीडा कार्यालय में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने किया मंथन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट परियोजना से प्रभावित परिवारों के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के मुद्दे पर सोमवार को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) कार्यालय में बैठक हुई। इसमें नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के चेयरमैन राकेश कुमार सिंह, संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक के दौरान जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने स्पष्ट किया कि जिन किसान परिवारों ने एयरपोर्ट निर्माण के लिए अपनी जमीन दी है, उनके बच्चों को रोजगार देना कोई उपकार नहीं, बल्कि उनका वैधानिक और नैतिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों के युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराना सरकार और एयरपोर्ट निर्माण करने वाली कंपनी, दोनों की जिम्मेदारी है। विधायक ने जोर दिया कि जेवर क्षेत्र के किसानों ने प्रदेश और देश के विकास के लिए अपनी बहुमूल्य भूमि दी है। ऐसे में यह आवश्यक है कि उनके परिवारों के युवाओं को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और उससे जुड़ी परियोजनाओं में स्थानीय प्राथमिकता के आधार पर रोजगार के अवसर मिलें। इससे क्षेत्र के युवाओं को भविष्य में बेहतर संभावनाएं प्राप्त होंगी।

धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस विषय पर संबंधित अधिकारियों के साथ अंतिम चरण की सकारात्मक वार्ता हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही इस दिशा में ठोस निर्णय सामने आएगा, जिससे प्रभावित परिवारों के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए जा सकेंगे। विधायक ने कहा कि उनका प्रयास है कि जेवर क्षेत्र के किसान और उनके परिवार इस ऐतिहासिक परियोजना के वास्तविक भागीदार बनें। इससे क्षेत्र में आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे और स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बदलता मौसम बना रहा लोगों को बीमार

## जिला अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बदलता मौसम बीमारियों को दावत दे रहा है। सरकारी व निजी अस्पतालों में वायरल बुखार, सर्दी खासी, गले में संक्रमण मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। जरा सी लापरवाही लोगों को मरीज बना रही है। डॉक्टर बदलते मौसम में खानपीन का ध्यान रखने और धूप छांव से सतर्क रहने की सलाह दे रहे है।

सोमवार को जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। इन दिनों गर्मी जोर पकड़ रही है। गर्मी आते ही बीमारियों ने मानव जीवन को अपनी गिरफ्त में लेना शुरू कर दिया है। वायरल बुखार, सर्दी खासी, गले में संक्रमण रोगियों की लंबी लाइन अस्पताल व निजी चिकित्साल्यों मे देखी जा सकती है। मौसम बदलने से बड़े बच्चे बुखार की चपेट मे आ रहे है। इस कारण शरीर में दर्द आदि की शिकायत महसूस हो रही है। चिकित्सक बुखार आने पर उपचार और बासी खाने से दूर रहने की सलाह दे रहे है। आने वाले दिनों में गर्मी का का प्रकोप और बढ़ेगा ऐसे मे अधिक सावधानी और परहेज की जरूरत है। जिससे बीमारियां अपनी चपेट मे न ले सके।

# गैस सिलेंडर के लिए मची उपभोक्ताओं में होड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** घरेलू गैस सिलेंडर हासिल करने के लिए उपभोक्ताओं में मारामारी मची हुई है। गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ता एजेंसियो पर पहुंच रहे हैं।

अमेरिका इजरायल व ईरान के बीच हो रहे युद्ध का असर हसनपुर में भी देखने को मिल रहा है। जिस तरह से कड़ी में अमेरिका इजरायल व ईरान के बीच खतरनाक युद्ध हो रहा है इसको को लेकर लोग अपनी जरूरतो के सामान को लेकर चिंतित होने लगे हैं। हसनपुर शहर में 3 गैस एजेंसी है। ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता भी बड़ी संख्या में हसनपुर की एजेंसी से गैस सिलेंडर लेने के लिए आते हैं। पेट्रोल डीजल के साथ सबसे अधिक जरूर खाड़ी देशों से आने वाली गैस की जनता को जरूरत है। नगर में उपभोक्ता गैस लेने के लिए एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं। हालांकि गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि गैस की कोई कमी नहीं है। लेकिन एक एजेंसी पर बीते 2 दिन से गैस नहीं आ रही है। जिसके चलते उपभोक्ता परेशान है। गैस सिलेंडर लेने के लिए जनता में अजीबोगरीब स्थिति बनी हुई है। हालांकि सरकार गैस सिलेंडर की व्यवस्था भली भांति कर रही है। लोग बाईकों एवं साइकिलों पर सिलेंडर लेने के लिए गैस एजेंसी की ओर को जाते हुए दिखाई दे रहे है।

# रामपुर में कायस्थ चेतना मंच का भव्य होली मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर।कायस्थ चेतना मंच रामपुर के तत्वाधान में रविवार की शाम होटल क्राउन में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत चंदन का तिलक और फूलों की होली खेलकर की गई, जिससे कार्यक्रम का वातावरण उत्सवमय हो गया। महिलाओं ने मंगल गीतों की प्रस्तुति देकर समारोह को जीवंत बनाया, वहीं बुजुर्गों ने होली के ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने भी उपस्थित जनों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों में गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव, शोभित किशोर सक्सेना, पंकज राय, सुभाष नंदा, सुरेंद्र कुमार जौहरी, पंकज सक्सेना, संदीप सक्सेना, रवि सक्सेना, पुष्कर सक्सेना, ऋषि सक्सेना, शिरोहित सक्सेना, स्वाती सक्सेना, पूनम सक्सेना, डॉ. मीनू सक्सेना, शालू सक्सेना, सतीश सक्सेना, अखिलेश बिसारिया, एडवोकेट सुरेश चंद जौहरी, सुरेंदर जौहरी, अशोक करोरी, पंकज भटनागर, अनुज सक्सेना, शिखा सक्सेना और प्रशांत बिसारिया शामिल रहे। कार्यक्रम के संयोजक अजय सक्सेना ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और एकजुटता को मजबूत करते हैं।

# भारत की शानदार जीत पर खुशी व जश्न का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम की शानदार जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में शाहबाद में युवाओं ने एकत्र होकर खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत का उत्सव मनाया। तथा टीम इंडिया के खिलाड़ियों की सराहना की और कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और बेहतरीन खेल भावना से पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा किया है। कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और मिठाइयाँ बांटकर इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर अन्नू रावत शरद गुप्ता केशव गुप्ता अनफली मियां नाहिद अली पूर्व सभासद अरशद अली आदि लोगों ने खुशी प्रकट की उन सब ने कहा कि खिलाड़ियों ने जिस जज्बे और आत्मविश्वास के साथ मैदान में प्रदर्शन किया, वह युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सभी ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी भारतीय टीम इसी तरह शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करती रहेगी।



# पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चार लोगो के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** स्वार थाना पुलिस ने एसपी के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला चाउपुरा निवासी इसरार पुत्र अनीस अहमद ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी कि उसका मकान निर्माणधीन है और मकान का प्लास्टर का कार्य चल रहा है। पड़ोस के ही कलवे हसन उसके पुत्र आजम शाहिद रंजिश रखते हैं उसके चलन और बढ़ते कारोबार से हसद रखते हैं। आरोप है कि उपरोक्त व्यक्ति निर्माणधीन मकान के पास बंधी पाड़ को गिराने लगा। विरोध करने पर पाड़ के ऊपर काम कर रहे राजमिस्त्री को गिराने लगा जिसका काफी विरोध किया लेकिन वह नहीं माना जिस पाड टूट कर गिर गई और राजमिस्त्री नीचे गिरकर घायल हो गया। कल्बे हसन के भाई इस्लाम अली पुत्र शफीक अहमद आ गया और हाथ में लाठी डंडे लेकर हमला बोल दिया जिससे वह चोटिल हो गया और दाहिना दांत टूट गया मुंह पर भी चोट आई है। किसी तरह जान बचाकर पुलिस चौकी पहुंचा और चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई चौकी पुलिस ने मेडिकल मुआयना करने के लिए स्वार अस्पताल भेज दिया। लेकिन स्वार कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया । और मेडिकल के लिए भी टरका दिया गया। जिससे हताश होकर इसरार ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की और कार्रवाई की गुहार लगाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना पुलिस ने पिता पुत्र सहित चार लोगों के खिलाफ शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि शीघ्र ही गिरफ्तारी कार्रवाई की जाएगी।

# जायद 2026 में संकर मक्का बीज पर 50 प्रतिशत अनुदान

## किसान उठाएं योजना का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

------------

**रामपुर।** जायद 2026 में किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के तहत संकर मक्का बीज पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। यह जानक. ारी जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जनपद को 85 कुंतल संकर मक्का बीज का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। किसानों को यह बीज जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जहां न्यूजिबुड और हिल इंडिया कंपनियों द्वारा स्टॉल लगाकर वितरण किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि बीज पर मिलने वाला 50 प्रतिशत अनुदान डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से किसानों के खातों में दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक किसान जनपद के राजकीय कृषि बीज भंडारों से संकर मक्का बीज प्राप्त कर समय से बुवाई कर सकते हैं। एक किसान अधिकतम 2 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए ही बीज प्राप्त कर सकेगा। योजना का लाभ केवल कृषि विभाग में पंजीकृत किसानों को ही मिलेगा।

जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के सभी किसानों से अपील की है कि वे समय रहते राजकीय कृषि बीज भंडारों से संकर मक्का बीज प्राप्त करें और इस योजना का लाभ उठाकर अपनी कृषि आय में वृद्धि करें।

# पुलिस अधीक्षक ने नगर क्षेत्र में किया पैदल गश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा नगर क्षेत्र में पैदल गश्त किया गया। इस दौरान थाना कोतवाली एवं गंज क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले स्थानों और प्रमुख बाजारों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से संवाद करते हुए उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

पैदल गश्त के दौरान संबंधित थाना क्षेत्रों के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# जनपद में 9 से 23 मार्च तक चलेगा 14 दिवसीय कुष्ठ रोगी खोजी अभियान

## सीएमओ डॉ. दीपा सिंह बोलीं घर-घर जाकर की जाएगी लोगों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद में कुष्ठ रोग की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 9 मार्च से 23 मार्च 2026 तक 14 दिवसीय कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए 2805 टीमों के साथ 561 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। ये टीमें घर-घर जाकर दो वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों का शारीरिक परीक्षण करेंगी। सीएमओ ने बताया कि सर्वे के दौरान यदि किसी व्यक्ति में कुष्ठ रोग के लक्षण पाए जाते हैं तो उसे पुष्टि के लिए संबंधित चिकित्सा अधिकारी के पास भेजा जाएगा। रोग की पुष्टि होने पर मरीज को तुरंत नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षणों में त्वचा पर हल्के तांबई रंग के सुन्न दाग-धब्बे, हाथ-पैरों में झनझनाहट, नसों में दर्द, हाथ-पैरों में कमजोरी तथा त्वचा, चेहरे या कानों पर गांठें दिखाई देना शामिल हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति में ऐसे लक्षण दिखाई दें तो बिना संकोच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकीय परामर्श लें, क्योंकि समय पर पहचान और इलाज से इस रोग को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।



# अयोध्या राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रामपुर के छात्र ने जीता सिल्वर मेडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** अयोध्या में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रामपुर के एक छात्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 600 मीटर दौड़ में रजत पदक (सिल्वर मेडल) हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही, लेकिन रामपुर के इस धावक ने उत्कृष्ट दौड़ लगाते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ी की इस उपलब्धि से खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। विद्यालय और खेल प्रशिक्षकों ने छात्र की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि लगातार अभ्यास और अनुशासन के कारण ही यह सफलता संभव हो सकी। जिले के खेल प्रेमियों ने उम्मीद जताई है कि यह खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर भी रामपुर और प्रदेश का नाम रोशन करेगा।



# चेयरमैन मोहन लाल सैनी की मौजूदगी में सैदनगर में वित्तीय डिजिटल साक्षरता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** नाबार्ड के सौजन्य से रामपुर जिला सहकारी बैंक शाखा खौद द्वारा ग्राम सैदनगर में वित्तीय डिजिटल साक्षरता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, सुरक्षित डिजिटल लेनदेन और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जादूगर ने जादू के माध्यम से मनो. रंजक अंदाज में लोगों को बैंकिंग योजनाओं, सुरक्षित वित्तीय लेनदेन और सरकारी योजनाओं की जानक. ारी दी। इस दौरान ग्रामीणों को डिजिटल भुगतान, बैंक खातों के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर ठगी से बचाव के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर रामपुर जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने कहा कि डिजिटल युग में वित्तीय साक्षरता बेहद आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने और उन्हें सुरक्षित वित्तीय सेवाओं के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों ने सहकारी बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अधिक से अधिक बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना मिलकखानम का किया आकस्मिक निरीक्षण

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा सोमवार को थाना मिलकखानम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने थाना कार्यालय में रखे अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर तथा फ्लाई शीट सहित अन्य अभिलेखों का निरीक्षण कर उनके रख-रखाव और प्रविष्टियों की स्थिति की जांच की। इसके अलावा थाना परिसर में स्थित कार्यालय, भोजनालय, मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र और साइबर सेल का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान परिसर में साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने थाना स्टाफ को अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, स्वच्छता बनाए रखने तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए।



**कार्यालय ग्राम पंचायत ढयोंटी**
**विकास खंड धनौरा, जनपद अमरोहा**

**सार्वजनिक सूचना / नीलामी सूचना**

पत्रांक-मीमो दिनांक: 09/03/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढयोंटी क्षेत्र में संचालित साप्ताहिक बाजार (हाट) हेतु वसूली/प्रबंधन की खुली नीलामी दिनांक 16 मार्च 2026 (दिन सोमवार) को प्रातः 11:00 बजे पंचायत भवन, ग्राम पंचायत ढयोंटी में आयोजित की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार उक्त नीलामी में भाग लेकर बोली लगा सकते हैं।

**नीलामी की प्रमुख शर्तें निम्नलिखित हैं:-**

1. नीलामी पूर्णतः खुली बोली के माध्यम से की जाएगी।
2. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों को अपनी पहचान के लिए आधार कार्ड/पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. बोली स्वीकार होने पर सफल बोलीदाता को नियमानुसार निर्धारित धनराशि का 50% अग्रिम तत्काल जमा करना होगा।
4. शेष धनराशि ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा।
5. समय पर धनराशि जमा न करने की स्थिति में नीलामी निरस्त कर अग्रिम धनराशि जब्त की जा सकती है।
6. साप्ताहिक बाजार का संचालन ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार करना होगा।
7. नीलामी से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय ग्राम पंचायत ढयोंटी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।
8. किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम और मान्य होगा।
9. ग्राम पंचायत को बिना कारण बताए नीलामी को स्थगित या निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

अतः इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग लें।

**स्थान: ग्राम पंचायत ढयोंटी**

**ग्राम प्रधान** **सचिव**

ग्राम पंचायत ढयोंटी
विकास खंड धनौरा, जनपद अमरोहा

**डी.पी.पी. डिग्री कालेज**
**धनकुना, पीलीभीत**
**आवश्यकता है**
• बी.ए. राजनीति शास्त्र
शिक्षण हेतु प्रवक्ता-01 पद
• बी.ए. संस्कृत
शिक्षण हेतु प्रवक्ता-01 पद
योग्यता : यू.जी.सी. के मानकानुसार
प्रबन्धक मो. 7060007653

**कार्यालय ग्राम पंचायत - चुचैला कलां (अमरोहा)**

पंत्रांक- मीमो / परावि/गोबर खाद निलामी गोशाला / 2025-26 दि. -09-03-26

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत- चुचैला कलां विकास खंड धनौरा के अन्तर्गत संचालित अस्थायी गौवंश आश्रय स्थल- चुचौला कलां में गौवंशों के गोबर (गोबर की खाद) की निलामी मुख्य विकास अधिकारी महोय अमरोहा के कार्यालय पंत्रांक-797 गौ० आ० स्थल / 2024-25 / दिनांक -11-9-24 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार गठित समिति के द्वारा दिनांक - 16-03-26 को गौशाला चुचैला कलां पर समय- 11 बजे नीलामी की प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी।

अत: इच्छुक व्यक्ति, फर्म, समूह नीलामी की प्रक्रिया में भाग ले सकते है गोबर की खाद की नीलामी की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी हेतु ग्राम प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत / पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

(ग्राम विकास अधिकारी)
ग्राम पंचायत चुचैला कलां
विकास खंड धनौरा (अमरोहा)

**कार्यालय नगर पंचायत उझारी, जनपद अमरोहा**

पत्रांक: 254/न.पं.उ./2025 -26 दिनांक: 09.03.2026

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

समस्त शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उझारी में 15वां वित्त आयोग की संस्तुतियों से प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत उझारी में कार्यो हेतु ई निविदाएं दिनांक 09.03.2026 सांय 06.00 बजे से दिनांक 16.03.2026 को सांय 05.00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक 16.03.2026 को ही अपरान्ह 06:00 बजे गठित समिति तथा इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में https://etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। ई-निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जोकि सूचना वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदाओं के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज दिनांक 16.03.2026 को दोपहर 01.00 बजे तक कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्षा/अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत उझारी में निहित है तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं होगा।

| | |
|---|---|
| E-bid reference No. | 254/npu/2026 |
| Publish date and time | 09.03.2026 06:00 PM |
| Last date and time for submission of E-bids | 16.03.2026 05:00 PM |
| Date and time of opening of Online technical E-bids | 16.03.2026 06:00 PM |
| Date and time of opening on online technical E-bids | will be intimeted after technical e-bid evaluation |
| Place of opening of E-bids | E.O. office, Nagar Panchayat Ujhari (Amroha) |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत उझारी
अमरोहा

अध्यक्ष
नगर पंचायत उझारी
अमरोहा

# जनता दर्शन में बंटी खुशियां: किसी को ट्राईसाइकिल, किसी को आयुष्मान का सहारा

## डीएम अजय कुमार द्विवेदी की संवेदनशील पहल से कई जरूरतमंदों के चेहरों पर लौटी मुस्कान







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन इस बार केवल शिकायतों के निस्तारण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कई जरूरतमंदों के जीवन में राहत और उम्मीद की नई किरण लेकर आया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की संवेदनशीलता और त्वरित कार्यशैली के चलते कई लोगों को मौके पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिला।

दिव्यांग फैजान को मिली मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

तहसील सदर के ग्राम खिजरपुर निवासी दिव्यांग फैजान को जिलाधिकारी ने मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की। ट्राईसाइकिल मिलने से पहले फैजान को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें आत्मनिर्भर बनने की नई राह मिल गई है।

मरीजों को मिला आयुष्मान का सुरक्षा कवच

बीते जनता दर्शन में गंभीर बीमारी से जूझ रहीं ग्राम बीजइया की कुमकुम और मिलक के ग्राम नानकार निवासी सुरेश कुमार ने इलाज के लिए सहायता की गुहार लगाई थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर दोनों के आयुष्मान कार्ड बनवाए गए और जनता दर्शन में उन्हें सौंपे गए, जिससे अब उनका मुफ्त इलाज संभव हो सकेगा।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत और सहायता पहुंचाना है। इसके लिए प्रशासन पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन का शासन-प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो-

### अनाथ बच्चों को मिला सहारा

तहसील सदर के ग्राम मिलक बिचौला के अनाथ भाई-बहन मौनिस रजा और अनमबी को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़ा गया। वहीं पनवडिया के आरूष और काशीराम कॉलोनी के साबर अली को केंद्र सरकार की स्पॉन्सरशिप योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

### होनहार बेटियों का बढ़ाया हौसला

खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत बरेली में प्रशिक्षण ले रहीं जिले की प्रतिभाशाली बेटियों छवि और गुनगुन को 7500-7500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं और प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में प्रशासन हर संभव मदद करेगा।

### योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता दर्शन में आने वाली शिकायतों का समाधान केवल कागजों पर नहीं बल्कि धरातल पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों, निराश्रित बच्चों और गंभीर रूप से बीमार लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# रामपुर में अंतर-जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

## ekbZ Hkkjr ds rRoko/ku esa ;kxjkt ds 37







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित माई भारत द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय अंतर-जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का होटल प्लाजा, डायमंड कॉलोनी में भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के उप महानिरीक्षक पूरन सिंह तथा माई भारत के उप निदेशक माहे आलम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रयागराज जनपद से आए 37 युवा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जो 9 मार्च से 13 मार्च 2026 तक रामपुर में विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों, संवाद कार्यक्रमों, सांस्कृतिक गतिविधियों और शैक्षिक भ्रमणों में सहभागिता करेंगे। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उप महानिरीक्षक पूरन सिंह ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसका युवा वर्ग है। यदि युवा अपनी ऊर्जा, ज्ञान और प्रतिभा का सही दिशा में उपयोग करें तो देश के सामाजिक और राष्ट्रीय विकास को नई गति मिल सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आदान-प्रदान कार्यक्रम युवाओं को देश की विविधता को समझने और विभिन्न संस्कृतियों से सीखने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे राष्ट्रीय एकता और आपसी सद्भाव को मजबूती मिलती है।

वहीं माई भारत के उप निदेशक माहे आलम ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस पहल का उद्देश्य देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के युवा एक-दूसरे की संस्कृति, परंपराओं, जीवन शैली और सामाजिक परिवेश को समझते हैं, जिससे उनमें व्यापक दृष्टिकोण और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।

कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों के बीच परिचय सत्र आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं ने अपने-अपने जिलों, शैक्षणिक पृष्ठभूमि और रुचियों के बारे में जानकारी साझा की। इसके बाद समूह निर्माण गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनके माध्यम से युवाओं में सहयोग, नेतृत्व और टीम भावना को प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा युवाओं के लिए युवा नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वच्छता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल साक्षरता और नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर संवाद सत्र भी आयोजित किए गए। शाम के सत्र में सांस्कृतिक परिचय कार्यक्रम हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने क्षेत्रों की लोक संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक विशेषताओं का परिचय कराया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया गया। उनके आवास एवं भोजन की व्यवस्था होटल प्लाजा, डायमंड कॉलोनी में की गई है। दिन भर चले विभिन्न सत्रों के बाद प्रतिभागियों ने कहा कि यह कार्यक्रम उनके लिए बेहद प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक साबित हो रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन का समापन उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ हुआ, जबकि प्रतिभागियों ने आगामी दिनों में होने वाली गतिविधियों के प्रति उत्सुकता जताई। माई भारत द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक संवाद और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# स्वार थाने में पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

## KFT, LFT सहित कई जांचें हुई, चिकित्सकों ने परामर्श



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पाण्डेय ने रविवार को थाना स्वार में एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। यह शिविर पुलिस बल के स्वास्थ्य संरक्षण और कार्यक्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वार के सहयोग से लगाया गया।

शिविर में थाना स्वार के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें KFT (किडनी फंक्शन टेस्ट), LFT (लीवर फंक्शन टेस्ट), CBC, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और BMI सहित कई महत्वपूर्ण जांचें शामिल थीं। चिकित्सकों ने पुलिसकर्मियों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के संबंध में आवश्यक परामर्श दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस सेवा चुनौतीपूर्ण होने के कारण समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना बेहद जरूरी है। इन जांचों से किडनी, लीवर, रक्त संबंधी समस्याओं, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की शुरुआती पहचान हो पाती है, जिससे समय पर उपचार और बचाव सुनिश्चित किया जा सके। शिविर के दौरान पुलिसकर्मियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और तनाव प्रबंधन के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। रामपुर पुलिस ने ऐसे स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों को पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य, कल्याण और बेहतर कार्यक्षमता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस आरोग्य मेले के आयोजन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह और सीएचसी प्रभारी डॉ. राजीव चंदेल का विशेष योगदान रहा।

# रामपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग, व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कॉलोनी कार्यालय से एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार सुबह करीब 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट पहुंचा और जिलाधिकारी को रामपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि जनपद रामपुर के जिला चिकित्सालय में 600 बेड के मेडिकल कॉलेज की स्थापना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज न होने के कारण हर वर्ष हजारों मरीजों को इलाज के लिए बाहर रेफर करना पड़ता है, जिससे कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। उनका कहना था कि जिला अस्पताल में हार्ट, ब्रेन, लिवर, किडनी और जनरल फिजिशियन जैसे कई महत्वपूर्ण विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है, जिससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन पर जिलाधिकारी ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष को इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह से मिलने के लिए कहा। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल सीएमओ कार्यालय पहुंचा और मेडिकल कॉलेज स्थापना से संबंधित जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि अलीगंज बेनजीर स्थित गाटा संख्या 476, 481, 482, 483 व 122, ग्राम जगतपुर की भूमि को मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए चिन्हित किया गया है, जो कि उद्यान विभाग की भूमि है। इस संबंध में 7 दिसंबर 2021 को रिपोर्ट तैयार की गई थी तथा 15 दिसंबर 2021 को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए पत्र जारी किया गया। इसके बाद 22 दिसंबर 2021 को निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को भूमि स्थानांतरण के लिए पत्र भेजा गया, लेकिन अभी तक उस पर कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है।

प्रतिनिधिमंडल को यह भी जानकारी मिली कि हाल ही में निवेशकों की टीम ने रामपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर सर्वे भी किया है और सरकार की ओर से इसे मंजूरी मिलने की स्थिति बन रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने विश्वास जताया कि जल्द ही रामपुर को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिल सकती है, जिससे जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

इस अवसर पर संगठन के प्रदेश मंत्री पप्पू खां, संगठन मंत्री कन्हैया लाल पटवा, जिला प्रचार मंत्री गोपाल शर्मा, प्रचार मंत्री यासीन, जिला सचिव मिलन सक्सेना, संरक्षक शाहिद मामू, विष्णु सैनी, नजाकत अली रयान और प्रवीण गुर्जर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# टांडा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारत की शानदार जीत पर खुशी व जश्न का माहौल

## पटाखे फोड़कर और मिठाइयाँ बांटकर मनाया जीत का जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा।** भारतीय क्रिकेट टीम की शानदार जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में टांडा स्थित कांग्रेस कार्यालय में भी कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत का उत्सव मनाया।

टांडा कांग्रेस कार्यालय में आयोजित इस खुशी के मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर टीम इंडिया के खिलाड़ियों की सराहना की और कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और बेहतरीन खेल भावना से पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा किया है। कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और मिठाइयाँ बांटकर इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी टांडा के नगर अध्यक्ष फिरासत अली ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि टीम इंडिया की यह जीत हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने जिस जज्बे और आत्मविश्वास के साथ मैदान में प्रदर्शन किया, वह युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी भारतीय टीम इसी तरह शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करती रहेगी।

# lhvkjih,iQ ds 87osa LFkkiuk fnol ij tokuksa

## jkeiqj fLFkr 239 cVkfy;u eq[;ky; esa 21 tokuksa us





शाह टाइम्स संवाददाता

रामपुर। भारत के सबसे बड़े केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल सीआरपीएफ (CRPF) के 87वें स्थापना दिवस के अवसर पर रामपुर समूह केंद्र स्थित 239 बटालियन मुख्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 21 जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।

239 बटालियन के कमांडेंट हरि मोहन मिश्रा ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का स्थापना दिवस प्रत्येक वर्ष 27 जुलाई को मनाया जाता है। वर्ष 2026 में सीआरपीएफ अपना 87वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर बल द्वारा देशभर में विभिन्न समाज उपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 239 बटालियन के जवानों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ का आदर्श वाक्य "सेवा और निष्ठा" है और यह बल देश की आंतरिक सुरक्षा, नक्सल विरोधी अभियानों, दंगों पर नियंत्रण तथा चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। चिकित्सा उप कमांडेंट डॉ. खिरोदा ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जवान देश की सुरक्षा के साथ-साथ मानवता की सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। वहीं आयुर्वेद मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने रक्तदान करने वाले जवानों को उनकी आयुर्वेदिक प्रकृति के अनुसार स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया तथा रक्तदान के बाद शीघ्र रिकवरी के लिए आयुर्वेदिक आहार भी उपलब्ध कराया गया। रक्तदान शिविर में जिला ब्लड बैंक की टीम से डॉ. प्रद्योग, मोहसिन एलटी, पंकज एलटी, मोहिनुल्लाह एलटी, इरफान वार्ड बॉय, बसुधा पांडे (स्टाफ नर्स) और श्रुति (परामर्शदाता) मौजूद रहीं।

इस दौरान निरीक्षक गौरव त्यागी, सौरभ चौहान, सहायक निरीक्षक नितेश कुमार, सिपाही नागेंद्र बहादुर, योगेश कुमार, विनय सिंह यादव, लाफा राजू भाई, सुभाष चंद्र, सीमांचल पत्रों, विपुल दास, राकेश, रामचंद्र मीणा, अरविंद कुमार सिंह, कुंदन लाल सहगल, अभिलाष, मुकेश कुमार सिंह, विकास कुमार, सत्यवीर सिंह, विनोद कुमार शर्मा, अर्जुन कुमार, भूपेंद्र कुमार और शिव कुमार सहित 21 जवानों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के दौरान 239 बटालियन के सहायक कमांडेंट, उप कमांडेंट और अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (व0ख0) महोदय, जनपद रामपुर**

**प्रकीर्ण उत्तराधिकारी प्रार्थना पत्र सं0 -09/2026**

गंगादेई आयु करीब 50 वर्ष पत्नी स्व0 केशोराम निवासी-ग्राम रहपुरा, पोस्ट-क्रमचा, तहसील-मिलक, जिला रामपुर (उ0प्र0)।..वादनी

बनाम

1. कृष्णपाल आयु लगभग 31 वर्ष पुत्र स्वद्र केशोराम 2. कु0 कल्पना आयु लगभग 28 वर्ष पुत्री स्व0 केशोराम 3. अमित कुमार आयु लगभग 23 वर्ष पुत्र स्व0 केशोराम समस्त निवासीगण-ग्राम रहपुरा, पोस्ट-क्रमचा, तहसील-मिलक, जिला रामपुर (उ0प्र0)।
4 श्रीमती निशा देवी आयु लगभग 29 वर्ष पत्नी रोहित पुत्री स्व0 केशोराम हाल निवासिनी ट्यूलिया, तहसील व जिला बरेली (उ0प्र0)।
5. श्रीमती संतोष कुमारी आयु लगभग 30 वर्ष पत्नी नरेन्द्र पुत्री स्व0 केशोराम हाल निवासिनी -ग्राम भैसोड़ी, तहसील-मिलक, जिला रामपुर (उ0प्र0)6. आम जनता। ...प्रतिवादीगण

**सूचना बनाम आम जनता**

क्योंकि श्रीमती गंगादेई के द्वारा इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र इस आशय से प्रस्तुत किया है कि उनके पति केशोराम पुत्र स्व0 तुलाराम नि0 ग्राम रहपुरा, तहसील-मिलक, जिला रामपुर उ0प्र0 की मृत्यु दिनांक-24.06.2025 को सड़क दुर्घटना में हो गयी हैं जिनका चोला मण्डलम एम0एस0 जनरल इंश्योरेंस कम्पनी में पर्सनल एक्सीडेंट पॉलिसी जिसकी पॉलिसी सं0-3406/01194650/000/00 में संचालित है जिसकी बीमित धनराशि 15,00,000/-रू0 मय ब्याज के प्रार्थिनी के खाता सं0-14040100029234, बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा-पटवाई, जिला रामपुर में प्राप्त करने हेतु निस्तारण किया जाना है जिस हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अपेक्षित है।

अत: यह इश्तेहार निकाला जाता है किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक-20.03.2026 को प्रात: 10 बजे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं तारीख गुजरने के बाद किसी भी आपत्ति को नहीं सुना जायेगा और न्यायालय का आदेश अन्तिम होगा।

**मुन्सरिम न्यायालय श्रीमान सिविल जज (व0ख0) जनपद रामपुर**

# यूपीएससी परीक्षा पास करने वाली लड़की के घर बधाई देने पहुंचे एसडीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा क्रैक करने वाली शाहबाद की होनहार बेटी को बधाई देने वालों का तांता लग रहा है, सोमवार को एसडीएम आशुतोष कुमार भी यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली गुलफिजा के घर पहुंचे और उनकी मेहनत की सराहना की। इस दौरान एसडीएम आशुतोष कुमार ने गुलफिजा को बुके देकर सम्मानित भी किया। कुछ ही देर बाद नगर पंचायत चेयरमैन के प्रतिनिधि वसीम खां भी गुलफिजा के घर पहुंचे और मुबारकबात दी। इस दौरान उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस मौके पर हल्का लेखपाल मनोज यादव साथ में रहे।

# बकरी के बंटवारे को लेकर विवाद में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव भौरकी जदीद में बकरी के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में एक महिला से मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी सुमन पत्नी राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि घटना 5 मार्च 2026 को शाम करीब 4 बजे की है। आरोप है कि रामकुमार, नन्हे पुत्र विदे और शशिवाला पुत्र नन्हे ने बकरी के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के दौरान उन्हें गंदी गालियां दीं और मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने मारपीट के साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# टांडा में खुले कटे फल बेचने वालों को चेतावनी, कार्रवाई की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा।** नगर क्षेत्र में खुले में कटे फल बेचने वाले फेरीवालों और दुकानदारों को प्रशासन ने सख्त चेतावनी दी है। खाद्य सुरक्षा विभाग और नगर प्रशासन की टीम ने बाजार का निरीक्षण कर खुले में कटे फल बेचने पर रोक लगाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि खुले में कटे फल बेचने से संक्रमण और खाद्य जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए ऐसे फलों की बिक्री पर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कई दुकानदारों को हिदायत दी गई कि वे साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और खुले में कटे फल न बेचें। टीम ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में कोई भी दुकानदार खुले में कटे फल बेचता पाया गया तो उसके खिलाफ चालान और अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने लोगों से भी अपील की कि वे खुले में कटे फल खरीदने से बचें और स्वच्छ व सुरक्षित खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें।

# अगला लक्ष्य ओलंपिक गोल्ड : सूर्या

**● कहा : पिछले महीने का सफर बेहद शानदार रहा हालांकि इसकी शुरुआत वैसी नहीं हुई जैसी चाहते थे**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत को उसका तीसरा टी-20 विश्व कप खिताब जिताने के बाद, सूर्यकुमार यादव ने अब 2028 ओलंपिक गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने का लक्ष्य तय किया है। सूर्यकुमार ने अहमदाबाद में रविवार को फाइनल के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जाहिर है कि पिछले एक महीने का सफर बेहद शानदार रहा है। हालांकि इसकी शुरुआत वैसी नहीं हुई जैसी हम चाहते थे, लेकिन यह भी खेल का ही एक हिस्सा है। शुरुआत से लेकर आज तक का यह सत्र बहुत खास रहा है और एक टीम के रूप में हमने जो कुछ भी हासिल किया है, मुझे लगता है कि वह आपके सामने ही है (ट्रॉफी)। इसलिए, मैं इससे बहुत खुश हूं और अब हमारा अगला लक्ष्य



ओलंपिक गोल्ड है, और हमारी टीम इसी के लिए काम करेगी। पेरिस 1900 ओलंपिक के बाद पहली बार इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) द्वारा क्रिकेट को रोस्टर में शामिल किए जाने के बाद, 2028 में 14 से 29 जुलाई के बीच पुरुष और महिला दोनों वर्गों में छह-छह टीमें ओलंपिक मेडल के लिए भिड़ेंगी। मौजूदा आईसीसी टी-20 रैंकिंग के आधार पर, पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं में भारत का एशिया से क्वालीफाई करना तय है। सभी मैच लॉस एंजेलिस से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमोना शहर में एक अस्थाई और विशेष रूप से बनाए गए वेन्यू, फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। भारतीय पुरुष टीम फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी और टी-20 विश्व कप खिताब की मौजूदा चैंपियन है। सूर्यकुमार ने रोहित शर्मा की कप्तानी में बारबाडोस में मिली 2024 टी-20 विश्व कप जीत को एक टर्निंग पॉइंट माना। सूर्यकुमार ने कहा कि 2024 के बाद सब कुछ बदल गया। हमने 2024 में एक अलग तरह का क्रिकेट खेला और वहीं से हम समझ गए कि इस टीम को आगे कैसे काम करना है, कैसे खेलना है।

# गौतम गंभीर, सूर्यकुमार यादव ने जीत का श्रेय निडर क्रिकेट को दिया

**● कीवियों पर 96 रन की शानदार जीत सूर्या, गंभीर की प्रेरणा देने वाली लीडरशिप में एक ऐतिहासिक जीत थी**



**अहमदाबाद, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड पर भारत की 96 रन की शानदार जीत, कप्तान सूर्यकुमार यादव और हेड कोच गौतम गंभीर की प्रेरणा देने वाली लीडरशिप में एक ऐतिहासिक जीत थी। इसमें निडर क्रिकेट का ऐसा स्टाइल दिखाया गया जिसने शुरुआती शक को दूर करके इसे दुनिया भर में जबरदस्त दबदबे में बदल दिया। जीत के बाद, टीम ट्रॉफी के साथ अहमदाबाद के हनुमान टेकरी मंदिर गई, जो टीम और फैंस दोनों के लिए जीत के स्पिरिचुअल और इमा.शनल महत्व को दिखाता है। भारत टी-20 वर्ल्ड कप टाइटल को सफलतापूर्वक बचाने, तीसरी चैंपियनशिप जीतने और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में घरेलू मैदान पर ऐसा करने वाला पहला देश बन गया, जहां 86,000 से ज्यादा फैंस ने अग्रेसिव क्रिकेट का मास्टरक्लास देखा। कोच गंभीर, जिन्होंने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से भारत के बदलाव को लीड किया है, ने टीम की फिलॉसफी को शॉर्ट में बताया कि हाई रिस्क, हाई रिवॉर्ड ही इस टी-20 फॉर्मेट में खेलने का एकमात्र तरीका है। अगर आप क्रिकेट का कोई गेम हारने से डरने लगेंगे, तो आप कभी नहीं जीत पाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि टीम ने लगातार बड़े टोटल का टारगेट रखा, और कंजर्वेटिव खेलने के बजाय 250-260 का स्कोर बनाना पसंद किया। गंभीर ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी टीम की बहादुरी पर भी जोर दिया कि अगर आप सेमीफाइनल और फाइनल में 250 से ज्यादा रन बनाते हैं तो यह दिखाता है कि हमने टूर्नामेंट में किस तरह की क्वालिटी, बहादुरी और हिम्मत दिखाई। उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार की लीडरशिप की तारीफ की और पर्सनल तारीफ को कम करके आंका। सूर्य के साथ मेरी सिंपल फिलॉसफी यह है कि माइलस्टोन मायने नहीं रखते, ट्रॉफी मायने रखती हैं। इंडियन क्रिकेट में हम बहुत लंबे समय से माइलस्टोन के बारे में बात करते आ रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि जब तक मैं यहां हूं, हम माइलस्टोन के बारे में बात नहीं करेंगे। सूर्यकुमार, जिन्होंने एक एकजुट टीम कल्चर बनाया है, ने खिलाड़ियों का साथ देने और भरोसे पर गंभीर की भावनाओं को दो. हराया कि उनका बस चले, तो वो खुद बैटिंग करने आ जाएं, उन्होंने गंभीर की टीम-फर्स्ट वाली सोच के बारे में कहा, जिससे कोच का मिलकर योगदान देने पर फोकस दिखा। कप्तान ने फाइनल से पहले दबाव में हिम्मत रखने की भी अपील की कि मुश्किल हालात में हिम्मत रखो - टीम के लिए यही आसान मैसेज है, जिससे निडर सोच को और मजबूत किया गया जो भारत के कैंपेन की पहचान बन गई। कई खिलाड़ियों ने मुश्किल समय में लीडरशिप की गाइडेंस का सहारा लिया। युवा ओपनर अभिषेक शर्मा, जिन्होंने फाइनल में 52 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया, ने माना कि सूर्यकुमार और गंभीर से मिले हौसले ने उन्हें मैच पर असर डालने वाले परफॉर्मेंस के रास्ते में खुद पर शक दूर करने में मदद की। स्टार परफॉर्मर संजू सैमसन, जिन्हें उनकी जबरदस्त पारियों के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया, ने अपने पर्सनल सफर के बारे में बताया कि भगवान ने मेरे लिए कुछ अलग प्लान किया था, उन्होंने अपनी वापसी और भारत के रिकॉर्ड टोटल में उनके योगदान को माना, जो टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। फाइनल में भारत का पूरा दबदबा दिखा, जिसमें जबरदस्त बैटिंग और जबरदस्त बॉलिंग के दम पर 255-5 का टोटल बनाया गया, जसप्रीत बुमराह के 4-15 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड 159 पर रुक गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई नेशनल हस्तियों ने

## संक्षिप्त खेल समाचार

### इंडियन प्रीमियर लीग 28 मार्च से शुरु

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का सत्र अब दो दिन देरी 28 मार्च से शुरू कर 31 मई तक चलेगा। दिसम्बर 2025 में आईपीएल की ओर से सभी फेंच.इजी को बताया था कि 2026 एडिशन 26 मार्च से शुरू होगा। हालांकि, अब शुरू होने की तारीख बदलकर 28 मार्च कर दी गई है और ग्रैंड फिनाले 31 मई को होगा। आईपीएल की गवर्निंग काउंसिल अगले हफ्ते 2026 सीजन के पूरे कार्यक्रम को अंतिम रुप देने के लिए बैठक कर सकती है। खबर है कि यह देरी असम, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से जुड़ी है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के होम ग्राउंड कोलकाता और चेन्नई पर असर पड़ेगा।

### नीता अंबानी ने टीम इंडिया को बधाई दी

**अहमदाबाद, वार्ता।** नीता अंबानी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी और इस जीत को पूरे देश के लिए बहुत गर्व का पल बताया। उन्होंने एक बयान में कहा कि आज रात, एक अरब से ज्यादा दिल गर्व और खुशी से धड़क रहे थे। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने और इतिहास में तीन बार खिताब जीतने वाली पहली टीम बनने पर हमारे मैन इन ब्लू को दिल से बधाई। अपने घरेलू मैदान पर, अपने जोशीले फैंस के सामने यह हासिल करना, इस जीत को और भी खास बनाता है। अंबा.नी ने आगे कहा कि निडर जोश, जबरदस्त हिम्मत और पक्के विश्वास के साथ, हमारे खिलाड़ियों ने दुनिया को दिखाया कि भारत की नीली जर्सी पहनने का असली मतलब क्या है। यह जीत हर उस भारतीय की है जिसने स्टैंड से, अपने घरों से और दुनिया के हर कोने से तालियां बजाईं। आज रात, तिरंगा और ऊंचा और चमकेगा, और पूरा देश इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाएं।

# गंभीर, द्रविड़ व लक्ष्मण को समर्पित ये जीत

**● इस जीत पर जय शाह , मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को भी धन्यवाद कहा**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने 2026 टी-20 विश्व कप की जीत को उनसे पहले कोच रहे राहुल द्रविड़ और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को समर्पित किया है। इसके अलावा उन्होंने मुख्य चनयकर्ता अजीत अगरकर और बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह को भी धन्यवाद कहा है।

अहमदाबाद में रविवार को न्यूजीलैंड को हराते हुए खिताब जीतने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर ने कहा कि मुझे लगता है कि सबसे पहले मुझे ए ट्रॉफी राहुल भाई को समर्पित करनी चाहिए, और फिर वीवीएस लक्ष्मण भाई को भी, क्योंकि राहुल भाई ने अपने कार्यकाल में भारतीय टीम को इस परिस्थिति में रहने लायक बनाया और इसके लिए मुझे उन्हें धन्यवाद कहना चाहिए। लक्ष्मण बंद दरवाजे के पीछे निस्वार्थ भाव से भारतीय क्रिकेट के लिए काफी कुछ कर रहे हैं क्योंकि सीओई भारतीय क्रिकेट की पाइपलाइन है। अजीत को भी धन्यवाद कहना चाहिए क्योंकि उनकी काफी आलोचना होती है, लेकिन वह अपना काम पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं। अंत में मैं जय (शाह) भाई को भी धन्यवाद कहूंगा क्योंकि जब मैं अपने कार्यकाल के सबसे बुरे दौर में था तो बहुत सारे लोगों को फोन मेरे पास नहीं आया था, चाहे वह न्यूजीलैंड सीरीज के बाद हो या फिर दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाद जिस एक व्यक्ति का मुझे फोन आया वह जय भाई ही थे। इस काम के लिए मेरे ऊपर भरोसा जताने पर मैं उन्हें धन्यवाद कहूंगा क्योंकि मुझे अच्छे से याद है कि जब मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी तब मेरे पास किसी फ्रेंचाइजी के साथ भी मुख्य कोच का अनुभव नहीं था। लेकिन फिर भी मेरे ऊपर भरोसा जताने पर मैं इन लोगों को धन्यवाद कहना चाहूंगा। मेरा मानना है कि जब तक वे लोग हैं भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है। भले ही गंभीर को एक विज.ेता टीम मिली थी, लेकिन उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ मिलकर इसे एक निडर टीम में तब्दील कर दिया।

गंभीर का कहना है कि यदि बड़े ईनाम हासिल करने हैं तो टीम को निडरता के साथ क्रिकेट खेलनी होगी। पहली बात तो ये है कि खिलाड़ियों ने मुझे जिताया है। मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि आप उतने ही अच्छे कोच होते हैं जितने अच्छे आपके खिलाड़ी होते हैं। सारा क्रेडिट खिलाड़ियों को मिलना चाहिए, जिस पेशेवर तरीके से और खास तौर से साहस के साथ उन्होंने ए टूर्नामेंट खेला। जैसा कि कप्तान कहते हैं कि हम द्विपक्षीय सीरीज और आईसीसी टूर्नामेंट्स दोनों में अलग-अलग तरह से खेलते थे। इस एक चीज को हम बदलना चाहते थे और मुझे भरोसा है कि सभी ने यह देखा। यदि आप सेमीफाइनल और फाइनल में 250 से अधिक रन बना देते हैं तो ए आपकी क्वालिटी के साथ ही साहस को भी दिखाता है जिससे आपने टूर्नामेंट खेला है। टी-20 फॉर्मेट में सबसे अहम बात ए है कि हम हारने से डरते नहीं हैं।

क्योंकि जब आप हारने से डरते हैं तो कभी जीत नहीं पाते। मेरा हमेशा मानना रहा है कि इस फॉर्मेट में 'हाई रिस्क हाई रिवार्ड' सबसे अहम चीज है। यदि हम 110-120 पर आउट हो जाते तो भी मैं खुश रहता। लेकिन हमारा लक्ष्य हमेशा 250 रन बनाने का है। हम 160-170 वाली क्रिकेट नहीं खेलना चाहते हैं। मेरे हिंसाब से हम लंबे समय तक वैसा खेल चुके हैं। हम साउथ अफ्रीका से 100 (76) रनों से हारे थे। लेकिन हमारी सोच कभी नहीं बदली। हमारा माइंडसेट वैसा ही रहा।

# विश्व में मेरा बेस्ट निकल कर आया : संजू



**● कहा : न्यूजीलैंड सीरीज के बाद मुझे लगा था कि मेरे सपने टूट गए**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने अहमदाबाद में फाइनल में इतिहास रच दिया, वह अपने घर में टी-20 वर्ल्ड कप का टाइटल जीतने वाली पहली टीम बन गई और कुल मिलाकर तीसरी बार ट्रॉफी उठाई। जियो हॉटस्टार के 'हायर मैच सेंटर लाइव' पर बात करते हुए, ईशान किशन, वरुण चक्रवर्ती और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन ने अपनी वापसी और भारत के शानदार टाइटल जीतने के बाद की भावनाओं पर बात की।

संजू सैमसन ने अपने इमोशंस के बारे में डिटेल में बताया। उन्होंने कहा कि यह मेरे दिमाग में था, लेकिन जब हम डेढ़ साल पहले वेस्ट इंडीज में वर्ल्ड कप खेल रहे थे, तो मैं ऐसा कुछ करने के बारे में सोच रहा था, सोच रहा था और प्रैक्टिस कर रहा था। लेकिन न्यूजीलैंड सीरीज के बाद, मुझे लगा कि मेरे सपने टूट गए। मुझे लगता है कि भगवान के अपने प्लान थे और मैं बहुत शुक्रगुजार हूं। न्यूजीलैंड सीरीज के बाद मैं टूट गया था और मैंने खुद को ऐसा महसूस होने दिया कि मैं टूट गया हूं। मैं चार-पांच दिनों तक अपने बिस्तर से बिल्कुल नहीं उठा। मैं बैटिंग नहीं कर सका। मैं पूरी तरह से सिस्टम से बाहर हो गया था। मैं खुश नहीं था और मैंने ऐसा बिहेव किया जैसे मैं खुश नहीं हूं। मैंने खुद को इमोशंस महसूस करने दिए। इसलिए, मैंने इस बात को मान लिया कि मुझे जो मौके मिले, मैंने उनका इस्तेमाल नहीं किया। मैं खुद के साथ रियलिस्टिक था। मैंने उन इमोशंस से लड़ाई नहीं की और मैंने कॉन्फिडेंट होने का दिखावा नहीं किया। एक बार जब मैंने सच मान लिया, तो मैं थोड़ा जल्दी ठीक हो गया। टूर्नामेंट के बीच में वापसी ने उन्हें कैसे आजाद किया, इस पर सैमसन ने कहा कि मैं जिम्बाब्वे गेम से पहले जिम में गौती भाई से मिला था, और वहीं उन्होंने मुझसे कहा, 'संजू, तैयार रहो, तुम अगला गेम खेलने वाले हो।' मैं 100 परसेंट तैयार था। मन ही मन मैंने कहा, 'हां, अब बात करते हैं, मैं इसी का इंतजार कर रहा था।' लेकिन मैं एक बहुत सच्ची बात शेयर करना चाहता हूं, मुझे स्क्वॉड में अपने टीममेट्स के साथ मुकाबला करना पसंद नहीं है। एक बार जब हम किसी मकसद के लिए साथ मिलकर लड़ते हैं, तो मैं अपना बेस्ट देता हूं। न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान, हमेशा यही होता था, 'क्या मैं टीम का हिस्सा बनूंगा या नहीं?' जब मैं जगह के लिए लड़ रहा होता हूं तो मैं कभी अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाता। लेकिन जब मौका आया, तो हम एक साथ एक गोल, वर्ल्ड कप के लिए लड़ रहे थे, इसलिए मुझे खुशी है कि आखिर में सब ठीक हो गया। ईशान किशन ने इंडियन टीम में वापसी के अपने सफर के बारे में बताया कि सच कहूं तो, जिस पल मैं टीम से बाहर हुआ, वह मेरे लिए एक लंबा सफर था।

# पिछले कुछ महीनों से, मैं सचिन सर के लगातार संपर्क में हूं : सैमसन

**● संजू सैमसन का 2026 एक ऐसी स्क्रिप्ट की तरह रहा है जो आमतौर पर ड्रामाटिक, फॉर्मूला वाली फिल्मो की तरह रही**

**अहमदाबाद, वार्ता।** संजू सैमसन का 2026 एक ऐसी स्क्रिप्ट की तरह रहा है जो आमतौर पर ड्रामाटिक, फॉर्मूला वाली फिल्मों के लिए होती है, जिसमें इतने उतार-चढ़ाव होते हैं कि आप पूरे समय इमोशनली जुड़े रहते हैं।

हाल ही में 31 जनवरी को, वह तिरुवनंतपुरम में अपने घरेलू दर्शकों के सामने एक उदास इंसान की तरह दिखे, जब ईशान किशन ने ओपनर-कीपर के तौर पर उनकी वर्ल्ड कप की जगह छीन ली। सैमसन 2025 की शुरुआत से ही बैटिंग में खराब फॉर्म से जूझ रहे थे, और शुभमन गिल को कुछ समय के लिए जगह देने के लिए उन्हें मिडिल-ऑर्डर में भेजा गया था। सिलेक्टर्स ने उस फैसले को पलट दिया और उन्हें फिर से टॉप पर रख लिया, लेकिन रन अभी भी उनके हाथ से निकल रहे थे और किशन ने उन्हें बाहर कर दिया, जिस तरह की बैटिंग इस टीम ने इस वर्ल्ड कप साइकिल में की है। तो वहीं, अपने घरेलू मैदान पर एक डरावनी रात में, उन्होंने टूर्नामेंट से ठीक पहले टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने का अपना सपना अपनी उंगलियों के बीच से फिसलते देखा। सैमसन ने कहा कि मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड सीरीज के ठीक बाद, मैं टूट गया था। मैं पूरी तरह से पागल हो गया था। मैं ऐसा था 'ठीक है, मेरे सपने टूट गए हैं। मैं और क्या कर सकता हूं? लेकिन ए शब्द रविवार की एक बहुत खुशी भरी रात को आए, जहां उन्होंने निराशा से खुशी का पूरा चक्कर पूरा किया, उनके सपनों की वर्ल्ड कप रातों में से तीसरी रात भारत की जीत के साथ खत्म हुई। सैमसन ने उम्मीद के मुताबिक वर्ल्ड कप की शुरुआत बेंच पर की और तभी आए जब उन्हें एक ग्रुप गेम में बीमार अभिषेक शर्मा की जगह लेनी पड़ी। अभिषेक के ठीक होने के बाद बिब वापस पहन लिया गया। लेकिन इंडिया के टॉप-थ्री बल्लेबाज ऑफ-स्पिन के खिलाफ स्ट्रगल कर रहे थे, जिससे उन्हें सैमसन को वापस लाकर इसे तोड़ना पड़ा। इस बार ज्यादा कॉन्फिडेंट सैमसन के मौके का फायदा उठाने के संकेत मिले, जब उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 गेंदों पर तेजी से 24 रन बनाए। उनकी बैटिंग पावर का असली रिस्टोरेशन कोलकाता के ईडन गार्डन्स में हुआ, जहां उन्होंने वेस्ट इंडीज के खिलाफ लगभग नॉकआउट गेम में 50 गेंदों में 97 रन बनाए।

# सात्विक-चिराग पेश करेंगे भारतीय चुनौती



**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से शुरू होने वाले स्विस ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। पुरुषों की युगल बैडमिटन रैंकिंग में चौथे नंबर पर रहने वाले सात्विक-चिराग को बर्मिंघम में पहले राउंड में मलेशिया के कांग खाई जिग और एरॉन ताई की दुनिया की 33वें नंबर की टीम ने चौंका दिया। मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन स्विस ओपन में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे। उन्होंने यह टूर्नामेंट 2023 में जीता था। पूर्व चैंपियन पीवी सिधु, सुपर 300 मीट में नहीं खेलेंगी। सिधु की गैरमौजूदगी में, महिला एकल में भारतीय टीम को अगुवाई करने की जिम्मेदारी मालविका बंसोड़ और उन्नति हुड्डा पर होगी। तन्वी शर्मा और अनमोल खरब भी क्वालिफायर से शुरुआत करने के बाद प्रभावित करना चाहेंगी। पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन भी ऑल इंग्लैंड ओपन के फाइनल तक की मुश्किल दौड़ के बाद स्विस ओपन में नहीं खेलेंगे।

# क्रिकेट जगत ने भारत को सराहा

**● धोनी ने लिखा : अहमदाबाद में इतिहास रचा गया, टीम , सपोर्ट स्टाफ और फैंस को बहुत-बहुत बधाई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट जगत के कई जाने-माने लोगों ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में ऐतिहासिक जीत के बाद भारत को बधाई दी।

भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में टीम की कोशिश और हेड कोच गौतम गंभीर की लीडरशिप की तारीफ की। धोनी ने लिखा कि अहमदाबाद में इतिहास रचा गया, टीम और सपोर्ट स्टाफ को, और दुनिया भर में भारतीय क्रिकेट टीम के सभी फैन्स को बहुत-बहुत बधाई। आप सभी को खेलते हुए देखकर बहुत खुशी हुई। कोच साहब, आप पर मुस्कान बहुत अच्छी लग रही है। मुस्कान के साथ इंटेंसिटी एक जबरदस्त कॉम्बो है। बहुत बढ़िया। मजे करो, दोस्तों। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन जय शाह ने एक्स पर टूर्नामेंट और भारत की कामयाबी की तारीफ की। अब तक के सबसे ग्लोबल और आसान आईसीसी इवेंट का क्या जबरदस्त फिनाले था! भारत को बधाई, जो लगातार दो ज्20 वर्ल्ड कप टाइटल जीतने वाली पहली टीम बनी। सूर्यकुमार यादव और पूरी टीम और स्टाफ को शाबाशी। न्यूजीलैंड की पुरुष नेशनल क्रिकेट टीम को भी उनके शानदार कैंपेन के लिए बधाई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने कहा कि यह जीत वर्ल्ड क्रिकेट में भारत के दबदबे को दिखाती है।उन्होंने लिखा कि इतिहास रचा गया, इतिहास फिर से लिखा गया। देश टीम इंडिया की इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मना रहा है जिसने हमारे टी-20 वर्ल्ड कप को कामयाबी से बचाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव, हेड कोच गौतम गंभीर और टीम इंडिया के हर सदस्य को उनके निडर क्रिकेट और कभी हार न मानने वाले रवैए के लिए दिल से बधाई और सलाम। हेड कोच गंभीर ने भी जीत का जश्न मनाने के लिए एक्स का सहारा लिया।

उन्होंने लिखा कि यह सिर्फ भगवान का प्लान नहीं था, यह 1-4 अरब भारतीयों का प्लान था! हर खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियन है। भारत के पूर्व कप्तान विराट को.हली ने टीम के कैरेक्टर और अग्रे.सिव अप्रोच की तारीफ की। को.हली ने पोस्ट किया कि चैंपियंस। अहमदाबाद में टीम इंडिया की जबरदस्त जीत। पूरे टूर्नामेंट में हमने जो जबरदस्त क्रिकेट खेला, उसका कोई मुकाबला नहीं। मुश्किल हालात में लड़ते रहने और एक बार फिर वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए लड़कों ने शानदार कैरेक्टर दिखाया। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने लगातार दो जीत को एक ऐतिहा.सिक कामयाबी बताया। तेंदुलकर ने लिखा कि लगातार दो बार वर्ल्ड कप जीतना, पहली बार किसी टीम ने टी-20 फॉर्मेट में ऐसा किया है। ट्रॉफी के पूरी तरह से हक़दार और सही विजेता। हमारी टीम का क्या शानदार परफॉर्मेंस रहा और क्रिकेट का एक खास अंदाज दिखा। पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी टीम को बधाई दी, फाइनल और पूरे टूर्नामेंट के दौरान कई खिलाड़ियों के परफॉर्मेंस की तारीफ की। युवराज ने पोस्ट किया कि लगातार दो वर्ल्ड चैंपियन! वर्ल्ड कप बचाने के लिए हिम्मत चाहिए और सूर्यकुमार यादव की लीडरशिप वाली इस टीम ने सबसे बड़े स्टेज पर असली इरादे से खेला। कोच गौतम गंभीर और पूरे सपोर्ट स्टाफ को भी बधाई।

# क्रिकेट में डीआरएस का नया नाम धोनी रोहित और सूर्यकुमार

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट में डीआरएस को डिसीजन रिव्यू सिस्टम के नाम से जाना जाता है लेकिन भारत की अहमदाबाद में टी-20 विश्वकप जीत के बाद इसे अब नया नाम मिल गया है। डीआरएस को अब धोनी, रोहित और सूर्यकुमार के नाम से जाना जाएगा। एम एस धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में पहला टी-20 विश्वकप जीता था जबकि रोहित शर्मा ने 2024 में 17 साल बाद भारत को टी-20 विश्वकप चैंपियन बनाया। सूर्यकुमार यादव ने 2026 में टी-20 विश्वकप का खिताब अपने नाम कर भारत को तीसरी ऐतिहासिक सफलता दिलाई। इस तरह डी फॉर धोनी, आर फॉर रोहित और एस फॉर सूर्यकुमार कुल मिलाकर डीआरएस बनता है। सांख्यिकीविद श्रीकांत पोद्दार ने बेंगलुरु से यूनीवार्ता को यह दिलचस्प जानकारी देते हुए बताया भारत की जीत ने डीआरएस का नाम ही बदल दिया है। उन्होंने बताया कि भारत ने आठ मार्च को यह खिताब जीता है। मार्च साल का तीसरा महीना है भारत ने अपना पहला विश्वकप 1983 में जीता था। भारत की मौजूदा जीत में भी 83 का अंक आता है। क्रिकेट में डीआरएस का कोई आधिकारिक बदला हुआ नाम नहीं है, लेकिन प्रशंसकों और दिग्गजों द्वारा इसे अक्सर मजाकिया या व्यंग्यात्मक रूप से नए नाम दिए जाते हैं।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संघर्ष के परिणाम

पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने पूरे क्षेत्र की स्थिति को अस्थिर कर दिया है। इस संघर्ष का प्रभाव केवल सुरक्षा और कूटनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और आपूर्ति प्रणालियों पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। विशेष रूप से तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे कई देशों की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो अनेक देशों को महंगाई और खाद्य असुरक्षा जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कुछ इसी तरह की परिस्थितियां पहले रूस और यूक्रेन के युद्ध के दौरान भी देखने को मिली थीं, जब वैश्विक बाजार में खाद्यान्न और उर्वरकों की आपूर्ति पर गहरा असर पड़ा था। ईरान और इजरायल के बीच जारी संघर्ष ने पश्चिम एशिया की स्थिरता को प्रभावित किया है, जिसके कारण तेल और गैस की आपूर्ति में व्यवधान पैदा हो रहा है। इसका असर अब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी दिखाई देने लगा है। हालांकि ऊर्जा आपूर्ति पर असर की चर्चा अधिक हो रही है, लेकिन इसके साथ एक और गंभीर संकट उभरता दिखाई दे रहा है, जो उर्वरकों की आपूर्ति से जुड़ा हुआ है। यदि उर्वरकों की सप्लाई लंबे समय तक बाधित रहती है तो इसका सीधा प्रभाव कृषि उत्पादन पर पड़ेगा और दुनिया के कई हिस्सों में खाद्य संकट और महंगाई की स्थिति पैदा हो सकती है। पश्चिम एशिया को वैश्विक स्तर पर उर्वरक उत्पादन का एक महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। दुनिया में निर्यात होने वाले यूरिया का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते से होकर गुजरता है। इसके अलावा दुनिया में इस्तेमाल होने वाले सल्फर का करीब 45 प्रतिशत भी इसी मार्ग से परिवहन किया जाता है। यूरिया कृषि के लिए सबसे ज्यादा उपयोग में आने वाला उर्वरक है और अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर पैदा होने वाले लगभग आधे अनाज के उत्पादन में इसकी अहम भूमिका होती है, लेकिन वर्तमान हालात में होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की सख्त निगरानी और बढ़ते सैन्य तनाव के कारण जहाजों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। इससे उर्वरकों की आपूर्ति श्रंखला धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही है और हर गुजरते दिन के साथ स्थिति और अधिक चिंताजनक बनती जा रही है। करीब चार वर्ष पहले जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ था, तब भी वैश्विक बाजार में इसी तरह की स्थिति पैदा हो गई थी। उस समय दो बड़े झटके देखने को मिले थे पहला गेहूं की आपूर्ति में अचानक कमी और दूसरा उर्वरकों की कीमतों में तेज वृद्धि। रूस और यूक्रेन मिलकर दुनिया के कुल गेहूं निर्यात का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा प्रदान करते हैं। युद्ध के शुरुआती दौर में जब इन दोनों देशों से निर्यात रुक गया था, तब वैश्विक बाजार में गेहूं की भारी कमी महसूस की गई थी। हालांकि कुछ समय बाद रूस से गेहूं और उर्वरकों का निर्यात फिर से शुरू हो गया था। इसके साथ ही भारत जैसे देशों ने भी गेहूं के निर्यात में बढ़ोतरी करके वैश्विक आपूर्ति को संतुलित करने की कोशिश की थी। लेकिन वर्तमान संकट की प्रकृति कुछ अलग है, क्योंकि इस बार समुद्री मार्ग ही बाधित हो रहे हैं, जिससे आपूर्ति व्यवस्था पर अधिक गहरा असर पड़ने की आशंका है। इस संघर्ष का एक और गंभीर पहलू यह है कि ईरान ने क्षेत्र के कुछ अन्य देशों में स्थित ऊर्जा और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाया है, जिससे उत्पादन गतिविधियों पर असर पड़ा है। समुद्री मार्ग से होने वाले यूरिया व्यापार में कतर की ऊर्जा कंपनी फंजंतम्दमतहल की लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी मानी जाती है।

## आत्मनिर्णय का अधिकार होना चाहिए



जब संसद के बजट सत्र का अंतराल हुआ था तब परिस्थितियां अलग थीं, लेकिन आज युद्ध जैसे हालात बन जाने के कारण देश के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं, ऐसे संकट के समय संसद और सरकार की प्राथमिकताएं भी उसी के अनुरूप तय होनी चाहिए, इस समय सबसे पहले युद्ध की स्थिति में भारत का स्पष्ट पक्ष और राय सामने रखने की जरूरत है, इसके साथ ही विदेश नीति को किसी दबाव में गिरवी रखने का सवाल भी गंभीर है, भारत की परंपरागत स्वतंत्र विदेश नीति हमेशा देशहित को ध्यान में रखकर चलती रही है, तेल जैसी महत्वपूर्ण आपूर्ति के मामले में भी भारत को आत्मनिर्णय का अधिकार होना चाहिए, यदि किसी विदेशी दबाव या अमेरिकी आदेश के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं तो इससे देश की संप्रभुता और आत्मनिर्भरता पर सवाल उठते हैं। **–अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# टी-20 क्रिकेट : टीम इंडिया का वर्चस्व

## सोने सा सैमसन और जस्सी जैसा कोई नहीं




भारतीय टीम ने टी-20 क्रिकेट में अद्भुत खेल दिखाते हुए फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड जैसी सशक्त टीम को एक तरफा मात देकर लगातार दूसरी बार T-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीती जो अपने आप में अभी तक एक विश्व कीर्तिमान भी है क्योंकि अभी तक कोई भी टीम लगातार दो बार T-20 में विश्व चैंपियन नहीं बन सकी है हालांकि टीम इंडिया ने इस फॉर्मेट में तीसरी बार वर्ल्ड कप जीता है सबसे पहले महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2007, 2024 में रोहित शर्मा की कैप्टनशिप में और अब 2026 में सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में एक नया सूर्योदय हुआ है। यूं तो हम पहले भी कई बार चैंपियन बन चुके हैं मगर इस बार की जीत के मायने बिल्कुल अलग है। नॉक आउट मैचों में टीम इंडिया ने जो बेमिसाल प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वी टीमों को इतना रन टारगेट दिया कि अपनी बारी आने से पहले ही सेमीफइनल में इंग्लैंड और फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड पूरी तरह हार मान बैठी थी। सेमीफाइनल में इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम के सामने 254 रनों का टारगेट और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 256 रनों का लक्ष्य भारतीय टीम ने दिया था। यह टीम इंडिया की प्रतिबद्धता कड़ी मेहनत और कुशलता का प्रमाण है कि लगातार दो बार 120 गेंदों में 250 प्लस का स्कोर बनाना हर किसी टीम के बूते की बात नहीं है। इसके अलावा सुपर 8 का वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो वाले मैच में टीम इंडिया का 195 रनों का चेस भी अपने आप में टीम इंडिया की उपलब्धि बयान करता है। भारत की मौजूदा T-20 क्रिकेट टीम में एक से बढ़कर एक स्टार खिलाड़ी है इस टीम को देखकर 1980 के दशक की वेस्टइंडीज टीम , 2000 के बाद की रिकी पोंटिंग के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की याद दिलाती है।

टीम इंडिया की मौजूदा खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस बल्लेबाजी, क्षेत्ररक्षण या गेंदबाजी के क्षेत्र में दुनिया की तमाम टीमों को बौना साबित करती है बल्लेबाजी में जहां सलामी जोड़ी के रूप में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन तीसरे स्थान पर ईशान किशन ने अपनी उपस्थित इंटरनेशनल मंच पर दिखाकर सबको हैरान कर दिया है क्योंकि क्योंकि तीनों की बैटिंग स्टाइल पावर प्ले खत्म होने के बाद भी 10 रन प्रति ओवर से ज्यादा रहती है जिससे विपक्षी टीम में लगातार दबाव में बिखरती जाती है और टीम इंडिया निखरती जाती है इनके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, शिवम दुबे व हार्दिक पांडया जैसे हार्ड हीटर टीम में मौजूद है जो किसी भी लक्ष्य को भेद सकते हैं वहीं दूसरी और गेंदबाजी की बात अगर की जाए तो दुनिया का नंबर एक गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती स्पिन गेंदबाजी की अगवाई करते हैं तो वही दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाजी की कमान अपने हाथों में खुद लेकर टीम के लिए संकटमोचक साबित होते हैं सेमीफाइनल में और फाइनल में मिली जीत का आधार भी जसप्रीत बुमराह ही रहे हैं। दुनिया की तमाम क्रिकेट एक्सपर्ट भी मानते हैं कि पिच सपाट हो या उछाल भरा हो जसप्रीत बुमराह दुनिया के किसी भी विकेट पर विपक्षी बल्लेबाजों को धराशाई कर देते हैं।

**यह टीम इंडिया की प्रतिबद्धता कड़ी मेहनत और कुशलता का प्रमाण है कि लगातार दो बार 120 गेंदों में 250 प्लस का स्कोर बनाना हर किसी टीम के बूते की बात नहीं है। इसके अलावा सुपर 8 का वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो वाले मैच में टीम इंडिया का 195 रनों का चेस भी अपने आप में टीम इंडिया की उपलब्धि बयान करता है। भारत की मौजूदा टी-20 क्रिकेट टीम में एक से बढ़कर एक स्टार खिलाड़ी है इस टीम को देखकर 1980 के दशक की वेस्टइंडीज टीम , 2000 के बाद की रिकी पोंटिंग के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की याद दिलाती है।**

संजू सैमसंग की वेस्टइंडीज के खिलाफ 97 की नाबाद पारी सेमी फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 89 और फाइनल में भी न्यूजीलैंड के खिलाफ तेज तर्रार 89 रनों की पारी हमेशा क्रिकेट इतिहास में याद रखी जाएगी। सूर्य कुमार यादव की यह टीम क्रिकेट की दुनिया में कई दशक तक याद रखी जाएगी। याद रखे जाने के कई महत्वपूर्ण कारण ये हैं कि जो भारतीय खिलाड़ी बल्लेबाजी



नासिर राना

कर रहे हैं वो नेक्स्ट लेवल बेटिंग कही जा सकती है। अब से 20 वर्ष पूर्व 2005 में जब टी-20 क्रिकेट की शुरुआत हुई, तब 150 रनों का लक्ष्य बहुत बड़ा माना जाता था। जैसे-जैसे फटाफट क्रिकेट का दौर बढ़ता गया, वैसे-वैसे ही इस फॉर्मेट में रन टारगेट भी बढ़ता चला गया। मौजूदा दौर में यदि कोई टीम अभी भी 200 रन बना लेती है, तो सामने वाली टीम को मैच जीतने में पसीने छूट जाते हैं, जबकि टीम इंडिया ने इस चुनौती को और बड़ा कर दिया है। पिछले दो-तीन वर्षों से देखने में आ रहा है कि टीम इंडिया 240 से 260 रनों का टारगेट कई बार प्रतिद्वंद्वी टीमों को दे चुकी है।

# शीतला अष्टमी : भक्ति, स्वास्थ्य व समर्पण का संगम

**शीतला माता से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक प्रसिद्ध कथा के अनुसार, एक गांव में एक महिला ने शीतला माता की पूजा न करके ताजा भोजन बनाया और अपने परिवार को खिलाया। माता शीतला इस पर कुपित हो गईं और उस गांव में चेचक का प्रकोप फैल गया। जब गांव वालों ने पश्चाताप कर माता की विधिवत पूजा की और बासी भोजन ग्रहण किया तो रोग समाप्त हो गया। इस घटना के बाद से लोग शीतला अष्टमी पर बासी भोजन खाने की परंपरा का पालन करने लगे। एक अन्य कथा के अनुसार, एक बार भगवान शिव और माता पार्वती ने देवी शीतला से उनके प्रभाव के बारे में पूछा।**



श्वेता गोयल

शीतला अष्टमी, जिसे 'बसोड़ा' के नाम से भी जाना जाता है, हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे विशेष रूप से भारत के विभिन्न हिस्सों में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार होली के बाद चौत्र मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है और मुख्य रूप से देवी शीतला माता की उपासना के लिए समर्पित है, जिनको लेकर मान्यता है कि वे चेचक, फोड़े-फुंसी, त्वचा संबंधी रोगों तथा अन्य संक्रामक बीमारियों से रक्षा करती हैं। पंचांग के अनुसार शीतला अष्टमी का व्रत इस साल 11 मार्च 2026 को रखा जाएगा। चौत्र मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी 11 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 1:54 बजे से प्रारंभ होकर अगले दिन 12 मार्च को भोर के समय 4:19 बजे तक रहेगी, ऐसे में उदया तिथि के अनुसार शीतला अष्टमी 11 मार्च को मनाई जाएगी। शीतला अष्टमी का मुख्य उद्देश्य शीतला माता की पूजा करना है, जिन्हें रोगों से मुक्ति और स्वास्थ्य प्रदान करने वाली देवी माना जाता है। इस दिन लोग बासी भोजन का भोग लगाकर और शीतला माता की पूजा करके उनसे आशीर्वाद मांगते हैं। चूंकि इस दिन बासी भोजन खाने की परंपरा है, इसीलिए कई स्थानों पर इसे बसोड़ा पर्व के रूप में जाना जाता है। शीतला माता की पूजा में बासी भोजन का भोग लगाया जाता है, जिसे एक दिन पहले बनाया जाता है। इस भोजन में आमतौर पर मीठे चावल, दही, पूड़ी और सब्जी शामिल होती हैं।

### पुराणों में शीतला अष्टमी की महिमा

पुराणों में भी शीतला अष्टमी की महिमा उल्लेखित है। स्कंद पुराण, भविष्य पुराण और देवी भागवत जैसे ग्रंथों में देवी शीतला की महत्ता का उल्लेख किया गया है। शीतला माता को रोग-निवारण करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है और उन्हें शांत, सौम्य और वात्सल्यपूर्ण स्वरूप में देखा जाता है। उनकी सवारी गधा मानी जाती है और उनके हाथों में झाड़ू तथा कलश होता है, जो स्वच्छता और रोग निवारण का प्रतीक हैं। शीतला अष्टमी का धार्मिक के साथ सांस्कृतिक और ऐतिहा. सिक महत्व भी है। यह त्योहार हमें हमारी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं से जोड़ता है और हमें स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की याद दिलाता है तथा यह भी स्मरण कराता है कि हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना चाहिए। शीतला माता की पूजा करने से हमें स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व का अहसास होता है। शीतला माता की पूजा करने से रोगों से मुक्ति मिलती है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है। इस पर्व की शुरुआत प्राचीन काल में हुई मानी जाती है, जब समाज में संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए विशेष पूजा-पद्धतियों को अपनाया गया। चेचक जैसी बीमारियों से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए शीतला माता की आराधना की जाने लगी। मान्यता है कि जो भक्त इस दिन विधिपूर्वक व्रत रखते हैं और माता की पूजा करते हैं, उन्हें रोगों से मुक्ति मिलती है तथा परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

### लोक परंपराएं और धार्मिक मान्यताएं

शीतला अष्टमी के साथ कई लोक परंपराएं जुड़ी हुई हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न रूपों में प्रचलित हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में यह पर्व विशेष उत्साह के साथ मनाया जाता है। राजस्थान में तो शीतला माता के बड़े-बड़े मंदिर हैं, जहां इस दिन श्रद्धालु विशेष रूप से दर्शन करने जाते हैं। इस दिन घरों में चूल्हा जलाने की मनाही होती है क्योंकि माना जाता है कि बासी भोजन में शीतलता होती है, जो शरीर को ठंडक प्रदान करती है और बीमारियों से बचाती है। इस दिन विशेष रूप से महिलाएं अपने घर की सफाई करती हैं और रोगों से बचाव के लिए शुद्धता बनाए रखने का संकल्प लेती हैं। कई स्थानों पर लोग इस दिन गधे की पूजा भी करते हैं क्योंकि गधे को शीतला माता का वाहन माना जाता है। कुछ स्थानों पर इस दिन गधों को स्नान कराकर उन्हें भोजन खिलाने की परंपरा भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खुद को फुटबॉल का पेले कहने वाले ओली की गति सबसे बुरी



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल का चुनाव परिणाम आ चुका है। काठमांडू के पूर्व मेयर जो एक उच्च शिक्षित इंजिनियर के साथ साथ रैपर भी हैं,इनकी सुनामी में कम्युनिस्ट नेता प्रचंड को छोड़ सबके सब लापता हो गए। एमाले नेता और चार बार के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली कहते थे कि दुनिया में कोई मां का लाल नहीं है जो उन्हें हटा सके,केपी ओली आज द केपी ओली कहते हुए वे खुद को फुटबाल का पेले मानते थे। झापा क्षेत्र संख्या पांच से केपी ओली 50,000 अधिक के अंतर चुनाव सारे हैं। हराया कौन है? वही 35 वर्षीय गबरू जवान जिले दुनिया वालेन शाह के नाम से जाना रही है।

काठमांडू का मेयर रहते टाइम मैगजीन ने इस शख्स को दुनिया के सौ बड़ी शख्सियतों में सुमार कर बड़ी से बड़ी शख्सियतों को चौंका दिया था। नेपाल में विरोधी तो उपहास तक उड़ाने लगे। इस सबसे बेफिक्र बालेन शाह चुपचाप अपना काम करते रहे। बताने की जरूरत नहीं कि 2023 में वे काठमांडू जैसे नेपाल के सबसे बड़े महानगर का मेयर निर्दल चुनाव लड़ कर जीते थे। ठीक 6 महीने पूर्व जेन जी आंदोलन का बड़ा चेहरा बनकर उभरे बालेन शाह चुनाव की घोषणा के बाद पूर्व गृहमंत्री रवि लामी छाने की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हुए और एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को नेपाल की राजनीति से करीब कघ्रीब रुखसत कर दिया। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अंदरूनी लहर में सभी पुरानी पार्टियां अपना अस्तित्व बचाने को जूझते हुए दिखाई पड़ीं। सबसे बड़ी व पुरानी पार्टी नेपाली कांग्रेस के हिस्से में महज 18 सीटें आई। इसके नीचे बाकी सभी पार्टियां रहीं। 275 के संसद में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 185 सदस्यों के बीच दस पांच सदस्यों वाली ए पार्टियां करेंगी क्या,अब इस पर बहस शुरू हो गई है। नेपाल का चुनाव परिणाम केवल एक नन्हें देश का परिणाम नहीं है। यह दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझ कर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की .ढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है जहां उनमें पलायन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रभावशाली लोगों के बच्चों तक ही सीमित सुख और अ"याशी पूर्ण जीवन शैली की आग धधक रही थी। देखा जाए तो चुनावी लहर इसे ही कहते हैं जहां किसी के पक्ष में सहानुभूति की जगह बदले की आग थी जिसकी लपटों में नेपाल की एक से एक पुरानी पार्टियां जलकर राख हो गई। यहां नेपाली कांग्रेस भी भस्म हुई तो कम्युनिस्ट पार्टियां भी स्वाहा हो गई। नेपाल से कम्युनिस्ट पार्टियों का खात्मा भारत के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है।

चुनाव प्रारंभ होने के कुछ दिन बाद तक राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को शहरी प्रभाव वाली पार्टी कहकर इसके सीमित क्षेत्रों तक सिमटने का कयास लगाया जा रहा था और चार बार के प्रधानमंत्री ओली को धूल चटाते हुए एतिहासिक मतों के अंतर से जीते काठमांडू के पूर्व मेयर और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री का चेहरा रहे बालेन शाह को कड़े मुकाबले में फंसना बताया जा रहा था। राजनीतिक विश्लेषकों के सारे के सारे अनुमान धरे के धरे रह गए। चुनाव नतीजों में हर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सुनामी से यह साफ हो गया है कि राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल को पहली मर्तबा प्रचंड बहुमत की सरकार नसीब होने जा रहा है। इस चुनाव परिणाम से सर्वाधिक खुश नेपाल के वे 70 प्रतिशत युवा हैं जिन्होंने एतिहासिक बदलाव की इबारत लिखी। सरकार बालेन शाह के नेतृत्व में बनना तय है। पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने ने बालेन शाह को पार्टी में शामिल होते ही प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया था। नेपाल की राजनीति में पत्रकार से राजनेता बने रवि लामी छाने की इस चुनावी बिसात की तारीफ हर ओर हो रही है। नई सरकार में रवि लामी छाने गृहमंत्री होंगे,यह भी तय है। सरकार गठन के पूर्व उन्होंने लंबे समय तक सरकार में रहे राजनीतिक दलों से 40 साल का हिसाब लेने का बयान देकर पुरानी राजनीतिक दलों में खलबली मचा दी है। उनका यह बयान भ्रष्टाचार के विरुद्ध खुली जंग के ऐलान के रूप में देखा जा रहा है।

बता दें कि नेपाली कांग्रेस हो या एमाले, घूम फिर कर सरकार इन्हीं के नेतृत्व में बनती रही है। देखा जाए तो 2008 के बाद नेपाल में सरकार सरकार का खेल ऐसा चला कि ए जनता की ताकत को ही भूल गए। ए लोग केवल अपने और अपने परिवार के विकास तक ही सीमित रहे। एमाले और नेपाली कांग्रेस के एक से एक बड़े नेताओं के हाथ भ्रष्टाचार से सने हुए हैं। जैसा कि रवि लामी छाने ने कहा, यदि वे इस पर अमल कर ले गए तो यकीन मानिए, एमाले और नेपाली कांग्रेस के ढेर सारे बड़े नेता सलाखों के पीछे होंगे। मुमकिन यह भ्रष्टाचार के खिलाफ इस मुहिम में इस बार नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा भी न बच पाएं। इन दोनों पर भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप है। ओली सरकार में बहुत कम दिनों तक गृहमंत्री रहे रवि लामी छाने की छवि एक सख्त गृहमंत्री की उभर कर जनता के सामने आई थी। उन्होंने एक से एक राजनीतिक भ्रष्टाचार को उजागर कर जनता में अपनी छवि ईमानदार नेता की बना ली थी। अमरीकी पृष्ठभूमि के रवि लामी छाने का रुख भारत के प्रति कैसा होता है यह देखना दिलचस्प होगा। हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने चुनाव परिणाम में पार्टी की बढ़त के बीच काठमांडू में मीडिया के सवालों के जवाब में साफ कहा कि भारत से मधुर संबंध को लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है। उसे साथ लेकर नेपाल को आगे बढ़ाएंगे, लेकिन बालेन शाह जो हैं तो चीन के खिलाफ लेकिन भारत के प्रति उनके रुखघ को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है क्योंकि बतौर मेयर उनका अपने कक्ष में ग्रेटर नेपाल का लगाया मानचित्र भारत को खटकता रहा क्योंकि इस नक्शे में भारत के कई इलाकों को नेपाली भू-क्षेत्र दर्शाया गया है। खैर तब वे मेयर थे अब वे एक ऐसे राष्ट्र के प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं जिसका संबंध भारत से केवल खानापूर्ति जैसा नहीं है, दोनों के बीच रोटी बेटी का सदियों पुराना रिश्ता है ही, दोनों देश भौगोलिक, रीत रिवाज और सांस्कृतिक सभ्यता की दृष्टिकोण से भी एक दूसरे से जुड़े हैं। भारत नेपाल के संबंधों को नजदीक से जानने वालों द्वारा दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी संधियों और समझौते की पुनर्समीक्षा की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल नेपाल की संभावित बालेन सरकार इसे लेकर शायद ही कोई जल्दबाजी दिखाएं। माना कि वे राजनीति के मजे मजाए खिलाड़ी न हों लेकिन एक उच्च शिक्षित शख्सियत तो हैं ही। वेशक वे नेपाल के अबतक के इतिहास में सबसे कम उम्र 35 वर्ष के प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं लेकिन यह उनके सरकार चलाने में आड़े आए,ऐसी सोच ठीक नहीं है। बालेन शाह से नेपाल के युवाओं और महिलाओं को काफी उम्मीदें हैं। वे जेन जी आंदोलन का प्रमुख चेहरा थे। आज उनकी इस बात को लेकर तारीफ हो रही है कि जो शख्स नेपाल के दुश्वारियों को भांप कर सरकार अपदस्थ करने का माद्दा रखता हो, उसके सरकार चलाने में किसी संशय की गुंजाइश नहीं है। ऐसे चुनाव परिणाम की आशा विपक्षी दलों को नहीं थी। पुरानी कोई भी पार्टी विपक्ष के लायक भी सीटें जीतने की स्थिति में नहीं आ पाई। इसी चुनाव में नेपाली कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष गगन थापा की भी परीक्षा हो गई। सबसे बुरे दौर में नेपाली कांग्रेस आ खड़ी हुई। बालेन शाह के नेतृत्व में बनने जा रही नेपाल की पूर्ण बहुमत की सरकार के काम काज के तरीकों पर दुनिया की नजर रहना स्वाभाविक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जंग के बीच ईरान में नए युग की शुरुआत

## अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई बने ईरान के नए सर्वोच्च नेता, पिता अयातुल्ला अली खामेनेई का लेंगे स्थान



■ ईरानी सेना अधिकारियों और जनता ने खामेनेई के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली है

**तेहरान/नई दिल्ली।** अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया है। वह अपने पिता अयातुल्ला अली खामेनेई का स्थान लेंगे, जो 28 फरवरी को इजरायल-अमेरिका के हवाई हमले में मारे गए थे। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) ने बताया कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की विशेषज्ञों की परिषद (असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स) ने सोमवार तड़के अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामेनेई को इस्लामिक क्रांति का तीसरा नेता घोषित किया। एक बयान में, परिषद ने कहा कि अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई की 'शहादत' के तुरंत बाद, युद्ध की स्थिति, दुश्मन की धमकियों और असेंबली के कार्यालयों पर बमबारी के बावजूद, उन्होंने नया नेता चुनने में कोई संकोच नहीं किया। बयान में कहा गया कि अपने संवैधानिक और आंतरिक कर्तव्यों के अनुरूप, परिषद ने तेजी से एक असाधारण सत्र बुलाने और उत्तराधिकारी नियुक्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए। आठ सितम्बर 1969 को मशहद में जन्मे मोजतबा खामेनेई, अली खामेनेई के दूसरे बेटे हैं। 88 सदस्यीय 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने अमेरिका और इजरायल के साथ युद्ध शुरू होने के एक सप्ताह से कुछ अधिक समय बाद उन्हें इस्लामिक गणराज्य का नया सर्वोच्च नेता नामित किया है। अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद, तीन सदस्यीय एक अस्थायी नेतृत्व परिषद ने नया नेता चुने जाने तक देश का नेतृत्व किया। इस परिषद में जिसमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और न्यायपालिका प्रमुख गुलामहुसैन मोहसेनी-एजेई शामिल थे। एमएनए के अनुसार, ईरानी सेना, अधिकारियों और जनता ने खामेनेई के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली है। सोमवार तड़के जारी बयानों में, ईरान के अधिकारियों और संगठनों ने नए चुने गए नेता के प्रति अपनी वफादारी की घोषणा की। ईरान के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने खामेनेई के प्रति निष्ठा जताते हुए एक बयान में पुष्टि की कि वे दुश्मनों की साजिशों के खिलाफ खड़े रहेंगे और देश की रक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। शिया धर्मगुरु खामेनेई (56) ईरानी सत्ता के गलियारों में सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक हैं और उन्हें शक्तिशाली 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) का करीबी माना जाता है। ईरान की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने ईरानी लोगों से नए चुने गए नेता के पीछे खड़े होने और 'एकता बनाए रखने' का आग्रह किया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि खामेनेई का बेटा उन्हें 'अस्वीकार्य' होगा। उन्होंने कहा था कि यदि नियुक्ति उनकी इच्छा के अनुसार नहीं हुई, तो ईरान का नया नेता ज्यादा समय तक नहीं टिक पाएगा।

## नामीबिया से आई चीता 'ज्वाला' ने कुनो राष्ट्रीय उद्यान में दिया पांच शावकों को जन्म

**नई दिल्ली।** नामीबिया से आई चीता 'ज्वाला' ने मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच शावकों को जन्म दिया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस जन्म के साथ, भारत में जन्मे स्वस्थ शावकों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत की चीता संरक्षण यात्रा में यह एक और महत्वपूर्ण सफलता है। यादव ने इसे 'प्रोजेक्ट चीता' के लिए अत्यंत गर्व का क्षण बताया और कहा कि यह उपलब्धि पशु चिकित्सकों, फील्ड स्टाफ और इस परियोजना से जुड़े सभी लोगों के समर्पित प्रयासों को दर्शाती है। उन्होंने यह भी बताया कि इन शावकों के जन्म के साथ भारत में चीतों की कुल संख्या 53 हो गई है।



**नई दिल्ली। ईरानी सांस्कृतिक केंद्र और दूतावास के दौरे के दौरान पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती बात करते हुए।**

## चीन ने 'ताइवान की स्वतंत्रता' की मांग करने वाले अलगाववादियों को कड़ी सजा दी

**बीजिंग।** चीन ने 2025 में 'ताइवान की स्वतंत्रता' की मांग करने वाले कट्टर अलगाववादियों को कड़ी सजा दी है। सुप्रीम पीपुल्स कोर्ट ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। राष्ट्रीय संसद सत्र में विचार-विमर्श के लिए जमा की गई रिपोर्ट के अनुसार, चीन में अलगाव रोधी कानून को सख्ती से लागू किया गया है। सुप्रीम पीपुल्स प्रोक्यूरेटोरेट ने उसी दिन समीक्षा के लिए जमा की गई अपनी वर्क रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए अलगाववाद को भड़काने के अपराधों के लिए कट्टर 'ताइवान की स्वतंत्रता' के अलगाववादियों को कानून के अनुसार सजा दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिगो के खराब रोस्टर प्रबंधन के कारण काहिरा में फंसे 250 यात्री

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो की रोस्टर प्रबंधन में विफलता एक बार फिर सामने आई है, लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट को पायलट-ड्यूटी से संबंधित नियमों के कारण काहिरा में उतारना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि उड़ान संख्या 6ई 2 लंदन से मुंबई जा रही थी, लेकिन पायलट की ड्यूटी की अधिकतम सीमा का उल्लंघन हो रहा था, इसलिए उड़ान को मिस्र की राजधानी काहिरा में उतारा गया। उन्होंने बताया कि उड़ान काहिरा से मंगलवार सुबह मुंबई के लिए उड़ान भरेगी। उड़ानों की ट्रैकिंग करने वाली एजेंसी फ्लाइट रडार के अनुसार, यह उड़ान भारतीय समय के अनुसार, सोमवार तड़के 3:05 बजे लंदन से रवाना हुई थी।

### अमेरिका के दूत स्टीव विटकॉफ इजरायल जाएंगे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद, उद्यमी जेरेड कुशनर मंगलवार को इजरायल जाएंगे। मीडिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों नेता दौरे के दौरान इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिलेंगे।

### बेल्जियम के लिएज में सिनेगॉग के बाहर धमाका

**ब्रुसेल्स।** बेल्जियम के लिएज शहर में एक सिनेगॉग (यहुदी उपासना स्थल) के पास विस्फोट हुआ। बेल्गा समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में स्थानीय पुलिस के हवाले से जानकारी दी गई है कि सोमवार को हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन इमारत को नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट के अनुसार, यह विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:00 बजे (03:00 जीएमटी) हुआ। धमाके के कारण इमारत की खिड़कियों के शीशे टूट गए और संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। सिनेगॉग के सामने वाली सड़क की घेराबंदी कर दी गई है और मामले की जांच जारी है।

# पश्चिम एशिया में युद्ध का कोई उद्देश्य साफ नहीं: जैक सुलिवन

## पूर्व अमेरिकी एनएसए ने ईरान से जंग पर जताई चिंता, ट्रम्प की रणनीति की आलोचना की



■ अमेरिकी संसद में एच-1बी प्रतिबंध खत्म करने को विधेयक पेश, डोनाल्ड ट्रम्प को चुनौती
■ ट्रम्प प्रशासन की वेनेजुएला में पहले की कार्रवाई से गलत सबक लेने की भी आलोचना की

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष अब अपने दसवें दिन में प्रवेश कर चुका है। इसके बाद भी ये संघर्ष कम होने के बजाय और भयावह रूप लेता नजर आ रहा है। इसी बीच अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन के ईरान के साथ युद्ध को लेकर चिंता व्यक्त की है। साथ ही ट्रम्प की ईरान के साथ युद्ध नीति की आलोचना भी की है। उन्होंने कहा है कि युद्ध एक स्पष्ट रणनीतिक उद्देश्य के बिना भटक सकता है, भले ही अमेरिकी सैन्य अभियान सामरिक स्तर पर सफल दिख रहे हों।

सुलिवन ने सीएनएन के शो 'फरेद जकारिया जीपीएस' में कहा कि अमेरिकी सेना बहुत कुशल, साहसी और पेशेवर है, लेकिन युद्ध का अंतिम उद्देश्य अब भी साफ नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह युद्ध अमेरिकी सैनिकों के लिए खतरा पैदा कर रहा है, और अब तक सात सैनिकों की जान जा चुकी है। उनका कहना है कि प्रशासन ने युद्ध के लिए कई अलग-अलग वजहें बताई हैं, लेकिन कोई स्पष्ट रणनीति नहीं है, और यह समय के साथ बदलती रहती हैं। सुलिवन ने आगे कहा कि युद्ध के शुरुआती एक हफ्ते से भी ज्यादा समय बाद अस्पष्ट रणनीति एक गंभीर जोखिम है। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन की वेनेजुएला में पहले की कार्रवाई से गलत सबक लेने की भी आलोचना की। उनका कहना है कि इससे यह संदेश जा सकता है कि अमेरिका कहीं भी, किसी भी समय सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकता है। इसके साथ ही सुलिवन ने चेतावनी दी कि इस युद्ध के अनपेक्षित भू-राजनीतिक परिणाम हो सकते हैं, जिससे खासकर रूस को फायदा होगा।

उन्होंने कहा कि रूस अमेरिकी सैनिकों के ठिकानों की जानकारी हासिल कर ईरान को मदद दे सकता है। इसके अलावा पूर्व सलाहकार ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू करने का फैसला यूक्रेन के लिए अमेरिका के समर्थन को कमजोर करता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह युद्ध भू-राजनीति में खतरनाक मिसाल बना सकता है, और चीन इसे यह सोचकर देख सकता है कि ताइवान पर सैन्य कार्रवाई करने की उसकी क्षमता बढ़ गई है। सुलिवन ने निष्कर्ष निकाला कि युद्ध के बिना स्पष्ट रणनीति के जारी रहने से न सिर्फ अमेरिकी सैनिक खतरे में हैं, बल्कि यह दुनिया भर में बड़े देशों के लिए गलत संदेश भी भेज सकता है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा एच-1बी वीजा से संबंधित लागू किए गए कड़े प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में एक नया विधेयक पेश किया गया है। डेमोक्रेटिक सांसद बोनी वाटसन कोलमैन ने यह विधेयक पेश कर राष्ट्रपति ट्रम्प के उस फैसले को निरस्त करने की मांग की है, जिसमें एच-1बी वीजा पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियुक्त करने वाले नियोक्ताओं पर सख्त वेतन शर्तें और भारी शुल्क लगाए गए थे। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सितम्बर 2025 में एक ऐसे फैसले की घोषणा की थी, जिसके तहत एच-1बी वीजा कर्मचारियों के लिए अनिवार्य वेतन स्तर को काफी बढ़ा दिया गया और ऐसे कर्मचारियों को रखने वाले नियोक्ताओं पर एक लाख डालर का शुल्क भी लगाया गया। इस फैसले का उद्देश्य कथित तौर पर अमेरिकी श्रमिकों के हितों की रक्षा करना था। हालांकि, डेमोक्रेटिक सांसद कोलमैन का मानना है कि यह 'अल्पदृष्टि वाली घोषणा' अमेरिकी नियोक्ताओं, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों और शोध संस्थानों के लिए बड़ी बाधाएं खड़ी कर रही है। ये संस्थान उच्च कौशल वाले पेशेवरों पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं। कोलमैन ने जोर देकर कहा कि एच-1बी वीजा प्रोग्राम कभी भी घरेलू वर्कफोर्स का विकल्प नहीं रहा है, बल्कि यह अमेरिकी और वैश्विक प्रतिभा के बीच एक सेतु का काम करता है, जो देश की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करता है। एच-1बी वीजा प्रोग्राम अमेरिकी नियोक्ताओं को उन विशेष क्षेत्रों में विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जहाँ कुशल श्रमिकों की कमी होती है। विशेष रूप से टेक्नोलाजी, इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में इस कार्यक्रम की महत्ता सर्वविदित है। कोलमैन के विधेयक को कई लोगों का समर्थन मिला है। समर्थकों का कहना है कि अधिक वेतन सीमा और महंगे शुल्क के कारण कार्यक्रम को कड़ा बनाने से उन संस्थानों के लिए आवश्यक प्रतिभा को आकर्षित करना मुश्किल हो गया है, जो नवाचार (इनोवेशन) और महत्वपूर्ण सेवाओं को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने से पहले नेतन्याहू से भी बात होगी: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ जारी संघर्ष को कब समाप्त करना है इसका निर्णय इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मिलकर लिया जाएगा।

'द टाइम्स ऑफ इजराइल' के साथ एक टेलीफोन साक्षात्कार में अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि वर्तमान सैन्य कार्रवाई से पहले ईरान इजराइल को नष्ट करने के करीब था। उन्होंने कहा कि ईरान इजराइल और उसके आसपास की हर चीज को तबाह करने जा रहा था। हमने मिलकर काम किया है। हमने उस देश को नष्ट कर दिया है जो इजराइल को मिटाना चाहता था।ष यह पूछे जाने पर कि क्या अभियान को रोकने का अधिकार पूरी तरह से अमेरिका के पास है या इस निर्णय में इजराइल का भी समान प्रभाव है, ट्रम्प ने संकेत दिया कि दोनों नेता एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह कुछ हद तक आपसी है। हम बात कर रहे हैं। मैं सही समय पर फैसला लूंगा, लेकिन हर बात को ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि अंतिम फैसला उनका होगा, लेकिन नेतन्याहू के विचारों पर भी विचार किया जाएगा। जब ट्रम्प से पूछा गया कि यदि अमेरिका अपनी तरफ से कार्रवाई रोक देता है, तो क्या इजराइल स्वतंत्र रूप से सैन्य अभियान जारी रख सकता है, तब उन्होंने इस संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इसकी आवश्यकता होगी। ये टिप्पणियां तब आई हैं जब व्हाइट हाउस ने सुझाव दिया है कि यह संघर्ष चार से छह सप्ताह तक चल सकता है, हालांकि ट्रम्प ने किसी विशिष्ट समय सीमा की घोषणा नहीं की है। यह लड़ाई 28 फरवरी को अमेरिकी-इजरायली सैन्य अभियान के साथ शुरू हुई थी। इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। यह साक्षात्कार ईरान द्वारा मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता चुने जाने की घोषणा के कुछ ही समय बाद हुआ।

# पाक में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में करीब 20 आतंकी ढेर किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मुठभेड़ में करीब 20 आतंकियों को ढेर कर दिया है।

खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने पांच अलग-अलग खुफिया अभियानों में 13 आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना की मीडिया विंग आईएसपीआर ने रविवार को बताया कि ये अभियान 6 और 7 मार्च को चलाए गए थे। सबसे बड़ी कार्रवाई बाजौर जिले में हुई, जहां भीषण गोलाबारी के बाद पांच आतंकियों को ढेर कर दिया गया। इसके अलावा बन्नू, डेरा इस्माइल खान, खैबर और दक्षिण वजीरिस्तान जिलों में हुई मुठभेड़ों में आठ अन्य आतंकी मारे गए। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने रविवार रात पंजाब प्रांत में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के चार आतंकवादियों को मार गिराया। पंजाब पुलिस के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) के अनुसार, पंजाब का डेरा गाजी खान जिला एक बड़े आतंकवादी हमले से बाल-बाल बच गया, क्योंकि 'फितना अल-खवारिज' (टीटीपी) के चार आतंकवादी सीमावर्ती गांव जोतार के पास सीटीडी के साथ गोलीबारी में मारे गए। इलाके में लगभग 15 आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद एक खुफिया ऑपरेशन चलाया, जिन्होंने डीजी खान में पुलिस चेकपाइंट और अन्य सरकारी ठिकानों पर हमला करने की योजना को अंतिम रूप दिया था।

## फिलीपींस के बाद अब इंडोनेशिया खरीदने जा रहा है ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल एक बार फिर सुर्खियों में है और फिलीपीन्स के बाद इंडोनेशिया भी अपने सशस्त्र बलों के लिए यह मिसाइल प्रणाली खरीदने जा रहा है। इंडोनेशिया की मीडिया रिपोर्टों में वहां के रक्षा मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि उसने ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की खरीद को अंतिम रूप दे दिया है। लंबे समय से चली आ रही बातचीत के बाद इस सौदे को अंतिम रूप दिया गया है। हालाकि अभी इस बारे में कोई औपचारिक अनुबंध नहीं हुआ है।

# ईरान की मदद क्यों नहीं कर रहे हूती विद्रोही

## 10 दिन बाद भी जंग से दूर शिया लड़ाके, समर्थन में सिर्फ बयान दे रहे ईरान के सहयोगी माने जाते हैं यमन के हूती विद्रोही

■ अक्टूबर 2023 में गाजा जंग शुरू होने के बाद कई बार इजरायल और हूती विद्रोही एक-दूसरे पर हमला कर चुके हैं
■ पिछले साल जून में इजरायल और ईरान के बीच 12 दिन जंग चली थी

**तेहरान।** इजरायल और अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव फैल गया है। इस जंग में ईरान, इजरायल, सऊदी, लेबनान, यूएई जैसे मिडिल ईस्ट के कुल 12 देश शामिल हो चुके हैं। हालांकि जंग के 10 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक यमन इससे दूर है। यमन में हूती विद्रोही रहते हैं जो कि ईरान के सहयोगी माने जाते हैं।

अक्टूबर 2023 में गाजा जंग शुरू होने के बाद कई बार इजरायल और हूती विद्रोही एक-दूसरे पर हमला कर चुके हैं। पिछले साल जून में इजरायल और ईरान के बीच 12 दिन जंग चली थी, तब भी हूती विद्रोही इस जंग में शामिल थे। हालांकि इस बार 28 फरवरी से जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले शुरू किए, तब से अब तक हूती विद्रोहियों ने ईरान का समर्थन केवल बयानों के जरिए ही किया है। हालांकि यह साफ नहीं है कि वे आगे भी इस जंग से दूर रहेंगे या नहीं। यमन अभी तक इजरायल और अमेरिका के हमलों से बचा हुआ है। अल जजीरा के मुताबिक एक्सपर्ट्स का यह मानना है कि हूती जंग में हिस्सा लेंगे। फिलहाल उनका इससे दूर रहना किसी रणनीति से जुड़ा हो सकता है। मिडिल ईस्ट मामलों पर नजर रखने वाले लुका नेवोला ने अल जजीरा से कहा कि हूती विद्रोहियों की सबसे बड़ी प्राथमिकता यह है कि अमेरिका और इजरायल की सीधी जवाबी कार्रवाई से बचा जाए। पिछले साल अगस्त में इजरायल ने यमन में हवाई हमले किए थे, जिनमें हूती सरकार के कम से कम 12 सीनियर मेंबर मारे गए थे। इनमें प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी और आर्मी चीफ मोहम्मद अल-घुमारी भी शामिल थे। यह हूती विद्रोहियों के लिए बहुत बड़ा नुकसान था। अमेरिका तथा इजरायल के साथ टकराव में उनकी सबसे बड़े नुकसान में से एक माना गया था। अहमद अल रहावी की मौत 28 अगस्त 2025 को सना (यमन) में इजरायली एयरस्ट्राइक में हुई थी। इस घटना और पिछले साल हुए अन्य हमलों के बाद हूती लीडरशिप अब ज्यादा सतर्क हो गया है। उन्हें डर है कि अगर वे बड़ा कदम उठाते हैं तो उनके नियंत्रण वाले इलाकों पर भारी हवाई हमले हो सकते हैं। नेवोला के मुताबिक हूती विद्रोहियों को इजरायल की खुफिया क्षमता से भी डर है और उन्हें आशंका है कि उनकी टॉप लीडरशिप को निशाना बनाया जा सकता है।

# ईरान जंग से कच्चा तेल 2022 के बाद सबसे महंगा

## अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 115 डॉलर के पार निकला, एक्सपर्ट बोले: 150 डॉलर तक पहुंच सकती हैं कीमत



■ दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20% हिस्सा यहीं से गुजरता है, सऊदी अरब, इराक व कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम साढ़े तीन साल के हाई पर पहुंच गए हैं। आज यानी 9 मार्च को कारोबार के दौरान ये 25 प्रतिशत बढ़कर 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। हालांकि बाद में ये थोड़ा नीचे आया और ये अब 105 डॉलर के करीब है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन जंग से कच्चा तेल 100 डॉलर के पार निकला था।

क्रूड आयल बढ़ने की सबसे बड़ी वजह 'स्ट्रेट आफ होर्मुज' का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा है। खतरे को देखते हुए कोई भी तेल टैंकर वहां से नहीं गुजर रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20 प्रतिशत हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। ईरान खुद इसी रूट से एक्सपोर्ट करता है। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के जवाब में, ईरान ने कतर, सऊदी अरब और कुवैत की आयल फैसिलिटीज पर ड्रोन हमले किए हैं। इन हमलों के कारण इन देशों को अपने उत्पादन में कटौती करनी पड़ी है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने धमकी दी है कि वे क्षेत्र के अन्य ऊर्जा ठिकानों को भी निशाना बनाएंगे। 2 मार्च को ईरान ने ड्रोन से सरकारी तेल कंपनी सऊदी अरामको की तेल रिफाइनरी रास तनूरा पर हमला किया था। यह दुनिया की सबसे बड़ी तेल और गैस कंपनियों में से एक है। ब्रेंट क्रूड आज 10प्रतिशत से ज्यादा चढ़कर 105 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेड कर रहा है। 28 फरवरी को शुरू हुई जंग के बाद से 10 दिन में कच्चा तेल करीब 50प्रतिशत महंगा हो चुका है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन जंग के दौरान ये 100 डॉलर के पार निकला था। जानकारों का मानना है कि तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल पर दिख सकता है। ये 5 से 6 रुपये लीटर तक महंगा हो सकता है। हालांकि भारत सरकार का कहना है कि हमारे पास पर्याप्त तेल है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह बैकअप इतना है कि अगर सप्लाई पूरी तरह रुक भी जाए तो भी देश की पूरी सप्लाई चेन 7 से 8 हफ्तों तक आसानी से चल सकती है। यानी आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल और दूसरे पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की कमी की ज्यादा चिंता नहीं है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेंट ने 6 मार्च को बताया था कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट दी जा रही है। इसके लिए अमेरिकी ट्रेजरी विभाग की ओर से भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है। रूस-यूक्रेन युद्ध के शुरू होने के बाद भारत ने रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदना शुरू किया था, लेकिन अमेरिका भारत पर इसकी खरीद रोकने का दबाव बनाता रहा है।

## नेपाल संसदीय चुनाव में 14 महिलाओं की जीत

**काठमांडू।** नेपाल में हाल ही में संपन्न संसदीय चुनाव में 14 महिलाएं संसद के लिए चुनी गई हैं, जो कुल सीटों का करीब आठ प्रतिशत से थोड़ा अधिक है। इनमें से 13 सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने जीत दर्ज की है, जबकि एक सीट नेपाली कांग्रेस के खाते में गई है। यह आंकड़ा पिछले चुनावों की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। वर्ष 2022 के चुनाव में केवल 9 महिला उम्मीदवार ही जीत पाई थीं, जो कुल सीटों का करीब 5.45 प्रतिशत थीं। नेपाल के संविधान में संसद में महिलाओं के लिए कम से कम 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व का प्रावधान है, लेकिन अब तक राजनीतिक दल इस लक्ष्य को पूरा करने में सफल नहीं हो पाए हैं। प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत इस बार 14 महिलाओं की जीत के साथ उनका प्रतिनिधित्व लगभग 8.48 प्रतिशत तक पहुंचा है। नेपाल की प्रतिनिधि सभा में कुल 275 सीटें हैं। इनमें से 165 सदस्य प्रत्यक्ष चुनाव के जरिए चुने जाते हैं, जबकि 110 सदस्य आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से संसद में आते हैं। इस बार चुनाव में कई महिला उम्मीदवारों ने बड़े नेताओं को हराकर जीत हासिल की।

